www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 15 नबम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –210 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



जनता तय करेगी उसे कैसा प्रदेश चाहिए: कमलनाथ पृष्ठ 2

- आखिरकार भाजपा को कांग्रेस ने उतारा यथार्थ की ज़मीन पर
- हमारे लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया की कमियां दूर करने के कुछ सुझाव पृष्ठ 6

- गजा में अस्पताल के नीचे हथियारों से भरा तहखाना मिला
- जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायली बमबारी में मारे गए 31 फिलिस्तीनी पृष्ठ 7

विलियमसन 2019 की तुलना में अधिक जोखिम लेने को तैयार : गावस्कर पृष्ठ 8

## राजधानी में प्रियंका का रोड शो, उमड़ी भीड़

**रायपुर**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में 17 नवंबर को दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान होना है ।कल 15 नवंबर की शाम राज्य में चुनाव प्रचार थम जाएगा। जिसे देखते हुए राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार-प्रसार में पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में आज कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने राजधानी रायपुर में रोड शो कर किया। प्रियंका गांधी के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और राजधानी रायपुर की सभी चारो विधानसभा सीटों से कांग्रेस के प्रत्याशी मौजूद रहे। प्रियंका गांधी का रोड शो राजीव गांधी चौक से शुरू होकर तेलघानी नाका में खत्म हुआ। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने प्रियंका गांधी मंगलवार को रायपुर पहुंची ।राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रोड शो शुरू किया ।उनके साथ खुले वाहन में मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल सहित रायपुर के चारो विधानसभा के प्रत्याशी मौजूद थे। छोटापारा, कोतवाली, सदर बाजार ,सत्ती बाजार, आर डी तिवारी स्कूल आमापारा से अग्रसेन चौक होते हुए तेलघानी नाका चौक पर रोड़ शो समाप्त हुआ।

**रोड शो में उमड़ी भीड़**

प्रियंका गांधी के रोड शो के दौरान भीड़ उमड़ पड़ी। उनके वाहन के आगे कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथो में झंडा लेकर चल रहे। इस दौरान जगह जगह उनका स्वागत किया गया ।इस दौरान घरों पर भी लोगों ने कांग्रेस का झंडा लेकर उनका अभिवादन किया।

**कई जगहों परजाम की स्थिति**

राजधानी रायपुर में आयोजित कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की रोड शो में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं प्रियंका के काफिले के साथ साथ बड़ी संख्या में गाड़ियां भी शामिल थी। इसके चलते कोतवाली, सदर बाजार, आमापारा सहितशहर के कई जगहों पर जाम की स्थिति बन गई थी। हालांकि दौरे को देखते हुए बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी। इससे पहले रायपुर पहुंचने पर प्रियंका गांधी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, महामंत्री मलकीत सिंह, संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ विमानतल पर उनका स्वागत किया। स्वागत के दौरान छत्तीसगढ़ सह प्रभारी सप्तगिरी उल्का, विजय जांगिड़ व अन्य नेता उपस्थित थे।

## प्रदेश की 70 सीटों पर आज शाम 5 बजे थमेगा चुनावी शोर

### 958 प्रत्याशी मैदान में, एक तृतीय लिंग भी

**रायपुर**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निवार्चन-2023 के अंतर्गत दूसरे चरण के लिए प्रदेश की 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए बुधवार 15 नवम्बर को शाम पांच बजे तक प्रचार-प्रसार का शोर थम जाएगा।

मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। द्वितीय चरण में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं।

द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ़, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।



विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

**नौ मतदान केंद्रों में दोपहर तीन बजे तक मतदान**

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्र कामरभौदी, आमामोरा, ओढ़, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा अन्य विधानसभा क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।

## सार संक्षेप

### राज्यपाल ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर**। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकनायक बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को राष्ट्रीय 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है।

### खड़गे-राहुल ने किया नेहरू को जयंती पर नमन



**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आज जयंती पर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खड़गे ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के इस वाक्य नागरिकता, देश की सेवा में होती है। को उद्धृत करते हुए कहा भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचाने वाले, आधुनिक भारत के निर्माता, लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी तथा हमारे प्रेरणास्रोत पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।

### उत्तरकाशी टनल हादसा-बचाव अभियान के दौरान धंस रही सुरंग

**उत्तरकाशी**। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर की सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन सुरंग धंस गई थी। पिछले 60 घंटे से 40 मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मखाल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है। फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं।

### 42वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू

**नई दिल्ली**। विश्व व्यापार मेले का आयोजन इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर द्वारा किया जा रहा है, जो 14 से 27 नवंबर तक चलेगा। इस बार इस मेले का 42 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है, जिसकी थीम वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है। इस मेले में 13 देशों के साथ 25 राज्य समेत देश-विदेश के 3500 प्रतिभागी भाग ले रहे है।

### प्रसिद्ध होटल व्यवसायी पीआरएस ओबेरॉय का निधन

**नई दिल्ली**। देश के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी पृथ्वी राज सिंह (पीआरएस) ओबेरॉय का मंगलवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। श्री ओबेरॉय का जन्म 1929 में नई दिल्ली में हुआ। श्री ओबेरॉय ने कई देशों में लक्जरी होटलों के प्रबंधन के अलावा, ओबेरॉय होटल्स एंड रिसॉर्ट्स को एक लक्जरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## बलौदाबाजार में राहुल गांधी की आज सभा

**बलौदाबाजार**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी 15 नवंबर को बलौदाबाजार में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के प्रचार प्रसार के अंतिम दिन राहुल गांधी दोपहर 1 बजे बलौदाबाजार पहुच कर कलेक्ट्रेट के पीछे स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित आमसभा में जिले की तीनो विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जनता को संबोधित करेंगे। दूसरे चरण के चुनावों का मतदान 17 नवंबर को होना है जिसके चुनाव प्रचार प्रसार का आज अंतिम दिन है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि दोपहर 1 बजे राहुल गांधी और कांग्रेस के आला नेता बलौदाबाजार पहुंचेंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे।

## छत्तीसगढ़ियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : भूपेश बघेल

**रायपुर**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पलटवार सामने आया है ।भूपेश बघेल ने कहा, प्रधानमंत्री जी मुझे जितनी गाली देना है दे लीजिए, लेकिन



छत्तीसगढ़ियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा- प्रधानमंत्री जी! आप छत्तीसगढ़ में आकर मुझे गाली दे रहे हैं, मैं सुन रहा हूं ।आपके मंत्री और नेता आकर मुझे बदनाम कर रहे हैं, मैं सुन रहा हूं। पहले रमन सिंह ने मुझे छोटा आदमी कहा था, मैंने सुन लिया था। लेकिन मेरे छत्तीसगढ़ की जनता को अपशब्द न कहना, छत्तीसगढ़ियों पर अगर बात आएगी, तो न मैं चुप बैठूंगा न छत्तीसगढ़ की जनता चुप बैठेगी, भरपूर जवाब मिलेगा।

## एसएसटी टीम ने खरतोरा नाका में पकड़ा 1 करोड़ 12 लाख

- पुलिस थाना पलारी में जब्त राशि
- 2 बजे रात तक मशीन में गिनते रहे पैसा



**पलारी**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदा बाजार जिले के कसडोल विधानसभा में रायपुर बलौदाबाजार के सरहद में खरतोरा नाका में एसएसटी द्वारा रायपुर से बलौदा बाजार की ओर आ रही एक निजी स्कॉर्पियो वाहन में सीएमएस स्टीकर लगा हुआ वहान को चेक करने पर नोटो से भरा एक करोड़12लाख रुपए से भरा सुठकेश मिला जिसके बाद वाहन में बैठे प्रदीप कुमार ,सौरभ सिंह डहरिया , गनमेन भगावत प्रसाद द्विवेदी ,चालक पुरुषोत्तम ढीढी से एसएसटी टीम द्वारा पूछताछ करने पर पैसे के संबध जानकारी के लिए जिस पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाए जिसके बाद ड्यूटी में तैनात तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने उक्त राशि को जप्त कर पुलिस थाना पलारी के सुपुर्द कर दिया वही गाड़ी में मिले राशि को गिनती के लिए मशीन मंगाकर देर रात दो बजे तक थाने में पैसे की गिनती करते रहे ।तब रात्रि दो बजे पैसा गिनती के बाद पैसे के संबध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया वही वाहन में बैठे सभी लोगो ने अपने बयान में बताया की उक्त राशि एसबीआई के एटीएम में डालने जा रहे है ।चुकी केश वाहन नही होने के कारण प्राइवेट वाहन में पैसा ले जा रहे है ।एसएसटी टीम ने राशि को जमा कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया है ।

वही इस संबध में तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने बताया कि एसएसटी जब गाड़ी को दोपहर में नाका में रोके तो जांच के दौरान गाड़ी में पैसे से भरा बैग मिला जिसके लिए पूछताछ करने पर संतोष प्रद जवाब नही मिला और नही कोई दस्तावेज राशि के संबध में मिला जिसके बाद राशि जप्त कर थाना के सुपुर्द में दिया गया है । बैंक का पैसा होने की बात आई है दस्तावेज मांगा गया है ।

### कांग्रेस नेता राहुल का दावा

## मध्यप्रदेश में कांग्रेस का तूफान आने वाला है

**विदिशा**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में 'कांग्रेस का तूफान' आने वाला है और पार्टी 145 से 150 सीटों पर विजय हासिल कर राज्य में सरकार बनाएगी।

श्री गांधी ने राज्य के विदिशा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह दावा किया। उन्होंने कहा, मैं सौ प्रतिशत कह सकता हूं कि यहां पर कांग्रेस पार्टी का तूफान आने वाला है। आप लिखकर रख लो, मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस को 145 से 150 सीट तक देने जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी की सरकार चुनी थी, लेकिन नरेंद्र मोदी, अमित शाह और शिवराज सिंह चौहान ने मिलकर विधायकों को



खरीदा और जनता के द्वारा चुनी सरकार को 'चोरी' करने का काम किया।

**भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर** -कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि इन लोगों की नीतियों के कारण युवा बेरोजगार है। किसान परेशान है। इनके राज में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है।

**तोमर के बेटे पर कार्रवाई क्यों नहीं**-श्री गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के वीडियो वायरल होने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन वीडियोज में सैकड़ों करोड़ रुपयों के लेनदेन की बात हो रही है। ये जनता का पैसा है और इसे नेता अपनी तिजोरियों में भर रहे हैं।

### राहुल के बयान पर मोदी का पलटवार

### मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो

**बैतूल**। मध्यप्रदेश विधानसभा 2023 के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव प्रचार 15 नवंबर की शाम को थम जाएगा। बीजेपी और कांग्रेस ने आखिरी दौर के चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बीजेपी की ओर से मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्यप्रदेश के चुनावी मैदान में मोर्चा संभाला। प्रधानंत्री मोदी ने बैतूल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर भी तंज कसे। प्रधानमंत्री ने राहुल के 'मेड इन चाइना फोन' वाले बयान पर कहा, 'कल कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत में सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो! कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है। जबकि सच्चाई ये है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है।'

## अडानी एनर्जी के सलाहकार केंद्र की समिति में शामिल

- इसी समिति ने अडानी के 6 प्रोजेक्ट किए थे पास
- उद्धव ठाकरे गुट ने कसा तंज, दोस्ती हो तो ऐसी

**नई दिल्ली**, 14 नवम्बर (एजेंसियां)। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के सलाहकार जनार्दन चौधरी को मोदी सरकार ने एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी का सदस्य बनाया है। कमेटी पर्यावरण मंत्रालय के अंतर्गत काम करती है। इस पर शिवसेना (उद्धव गुट, यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तंज कसते हुए कहा कि दोस्ती हो तो ऐसी। एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी ने अडानी के 10 हजार 300 मेगावॉट के 6 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। कमेटी के सामने अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के कई प्रोजेक्ट्स आए थे, जिनमें 850 मेगावॉट का रायवाड़ा (आंध्र प्रदेश), 1800 मेगावॉट का पेदाकोटा (आंध्र प्रदेश), 2100 मेगावॉट का पटगांव (महाराष्ट्र), 2450 मेगावॉट का कोयना-निवकाने (महाराष्ट्र), 1500 मेगावॉट का माल्शेज घाट भोरांडे (महाराष्ट्र), 1500 मेगावॉट का तराली (महाराष्ट्र) की परियोजनाएं 17 अक्टूबर को पास कर दी गईं।' पर्यावरण मंत्रालय के पोर्टल परिवेश के मुताबिक, पुनर्गठित एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी की पहली बैठक 17-18 अक्टूबर को हुई थी। इसमें अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के 1500 मेगावॉट के तराली पंपिंग स्टोरेज (सातारा) का प्रोजेक्ट आया था। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि मोदी सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने अडानी के कर्मचारी जनार्दन चौधरी को अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) का सदस्य बनाया है। इस कमेटी ने पिछली मीटिंग में एजीईएल के 1500 मेगावॉट के सातारा प्लांट को मंजूरी दी थी।

## विश्वकप क्रिकेट का पहला सेमीफाइनल आज

- कीवियों को हराकर फाइनल खेलना चाहेगा भारत

**मुंबई**, 14 नवंबर (एजेंसी)। वनडे विश्व कप 2023 में लीग मुकाबले खत्म हो चुके हैं। अब क्रिकेट के महाकुंभ में सिर्फ तीन मैच रह गए हैं। भारत, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड विश्व विजेता बनने से दो जीत दूर हैं। हालांकि, इन चारों में सिर्फ एक ही टीम का सपना पूरा होगा।

अब हर मुकाबले में किसी न किसी टीम का दिल टूटना तय है। इसकी शुरुआत 15 नवंबर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। इस मैच में हारने वाली टीम विश्व कप से बाहर हो जाएगी। भारत ने लीग स्टेज में अपने सभी नौ मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम नौ में से पांच मैच जीतकर अंतिम चार में पहुंची है।

न्यूजीलैंड की टीम भारत को कई बार नॉकआउट मुकाबलों में हराकर आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर कर चुकी है। अब भारत की कोशिश पुरानी हार का बदला लेने की होगी।

**वानखेड़ेस्टेडियम में जीत/हार का रिकॉर्ड**

वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया ने 21 मैच खेले हैं और 12 बार जीत हासिल की है, नौ बार हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर तीन मैच खेले हैं, जिनमें से दो में जीत और एक में हार मिली है।

### संसदीय पैनल ने सरकार से की सिफारिश

## व्यभिचार को फिर से अपराध की श्रेणी में लाया जाए

**नई दिल्ली**, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। संसदीय समिति की सिफारिश पर अगर अमल किया तो व्यभिचार फिर से अपराध हो जाएगा। मंगलवार को समिति ने इससे जुड़ी अपनी सिफारिश में कहा कि विवाह पवित्र संस्था है इसे बचाया जाना चाहिएं इसके लिए जरूरी है कि व्यभिचार को अपराध घोषित किया जाए। उल्लेखनीय है कि गत मानसून सत्र गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता विधेयक पेश करते हुए गृह मंत्रालय संसदीय समिति कों इस मामले में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था। इसमें कहा गया है कि संशोधित व्यभिचार कानून को जेंडर न्यूटल अपराध माना जाएगा और यह पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर सभी पर समान रूप से लागू होगा।

### आचार समिति की कार्यप्रणाली | महुआ पर हो रही तेजी से कार्रवाई

## रमेश विधूड़ी का मामला ठंडे बस्ते में पहुंचा

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर (देशबन्धु)। पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर तेजी से कार्रवाई की गई और दो बैठकों में ही उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश कर दी गई। लेकिन वह तेजी से बसपा सांसद दानिश अली को सदन में गाली देने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी पर नहीं की गई।**

*एक महीने से भी ज्यादा का समय बीत गया अभी तक इस मामले में आचार समिति की दूसरी बैठक नहीं हो सकी। इस मामले में पहली बैठक 10 अक्टूबर को हुई थी। हालांकि विपक्ष के सवाल उठाने के बाद चर्चा है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के बाद अगली बैठक हो सकती है। बतादें कि संसद के विशेष सत्र के दौरान 21 सितम्बर को रमेश विधूड़ी ने लोकसभा में चल रही चर्चा के दौरान ही अपशब्दों की बौछार कर दी थी। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराते हुए विधूडी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि विपक्ष के दबाव के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम माथुर ने मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया था। समिति ने 11 अक्टूबर की बैठक में विधूडी को तलब किया था। लेकिन राजस्थान चुनाव में व्यस्तता का हवाला देते हुए उन्होंने बैठक में आने से इनकार कर दिया था। विशेषाधिकार समिति ने 10 अक्टूबर को बैठक कर उन्हें 11 अक्टूबर की पेशी से राहत दे दी थी। मगर 34 दिन बीत जाने के बाद भी समिति की कोई न तो बैठक हुई और न ही उसकी तारीख ही घोषित की गई है। विशेषाधिकार समिति की बैठक न होने के लिए दशहरा, दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों की दलील दी जा रही है।*

# देश

उवाच

यहां तीन मुद्दे हैं जिनमें अहंकार बनाम जनता, राष्ट्रवाद बनाम तुष्टीकरण एवं भ्रष्टाचार बनाम ईमानदारी शामिल है। 'इन मुद्दों को लेकर हम सड़कों पर है। दलाली लेकर सड़कें बनी है तो सड़क के नीचे मिट्टी मिलेगी, कोई विकास की बात कर रहा है तो उसके पीछे खोखलापन है:-**गोपाल शर्मा, भाजपा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.9 | 12.0 |
| मुंबई | 36.6 | 22.4 |
| कोलकाता | 31.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 27.3 | 23.3 |

# जनता तय करेगी उसे कैसा प्रदेश चाहिए: कमलनाथ

**मुरैना,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि 17 तारीख को होने वाला चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है, यह किसी प्रत्याशी या पार्टी का चुनाव नहीं है, इसलिए मतदाता को तय करना है कि उसे प्रदेश को किस ओर ले जाना है। श्री कमलनाथ ने जिले के जौरा और दिमनी में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब केवल दो दिन बचे हैं और 17 तारीख को होने वाले मतदान में आपको तय करना है कि कैसा प्रदेश आपको चाहिए है। आज आपके बीच में आकर उन्हें बहुत खुशी है और आपके जो उम्मीदवार है वो मेरे प्रीतिनिधि भी है। वे पुलिस, प्रशासन और भाजपा के लोगों को बताना चाहते हैं कि कमलनाथ अब 2018 के मॉडल नहीं हैं अब 2023 का मॉडल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की तस्वीर आपके सामने है आज प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। आज प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट है। वे नौजवानों को देखते हैं तो उन्हें बड़ी चिंता होती है, क्योंकि इन नौजवानों से पूरे मध्यप्रदेश का निर्माण होना है। लेकिन अगर इन्हीं का भविष्य अंधकार में रहा तो किस तरह से निर्माण होगा। आज



**कांग्रेस की सरकार आने पर हम सभी माताओं और बहनो को 1500 रूपए प्रति महीने सम्मान राशि देंगे, गैस का सिलेंडर 500 रूपए में देने का काम करेंगे:- कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस**

मध्यप्रदेश में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। आज प्रदेश में पैसे दो और रोजगार लो की व्यवस्था चल रही है, प्रदेश में 250 से अधिक घोटाले हुए हैं।

श्री कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा मशीन अब डबल स्पीड से चल रही है। उन्होंने कहा कि वे पूरे प्रदेश में घूमते हैं, किसान मिलते हैं और उनसे कहते हैं कि उन्हें खाद दिलवा दीजिए। आज नौजवान बिना काम के, किसान बिना दाम के, वे कहते हैं कि फिर शिवराज सिंह चौहान किस काम के हैं। उन्होंने कहा कि श्री चौहान कहते थे कि वे एक लाख युवाओं को नौकरी देने वाले हैं तब वे उनसे कहते थे कि आप एक लाख युवाओं को नौकरी छोड़िए जो रिक्त खाली पद हैं, उन्हें ही भर दीजिए। लेकिन श्री चौहान की झूठ की मशीन लगातार डबल स्पीड से चलती रही। श्री चौहान ने कहा था कि वे 450 में सिलेंडर देंगे क्या आपको सिलेंडर मिला।

कांग्रेस नेता ने 15 महीने की सरकार पर बोलते हुए कहा कि हमने 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। हमने मुरैना में 46 हजार किसानों का कर्जा माफ़ हमने किया था। हमने 15 महीने की सरकार में 1000 गौशालाएं बनवाई थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही हम फिर से किसानों का कर्ज माफ़ करेंगे। हमारी सोच है कि किसानों की जेब में पैसा पहुंचे और उसे फसल का सही दाम मिले। हमारी सरकार थी तब किसानों को खाद और बीज के लिए भटकना नहीं पड़ता था। आप हमारी 15 महीने की सरकार के गवाह हैं।

# पवन कल्याण तेलंगाना चुनाव में एकमात्र 'आंध्र फेस'

**हैदराबाद,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव राज्य में पिछले दो चुनावों से अलग है, क्योंकि इस बार तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) मैदान में नहीं उतर रही है। हाल ही में पड़ोसी आंध्र प्रदेश में टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी और उसके बाद के घटनाक्रम ने टीडीपी को तेलंगाना विधानसभा चुनाव से दूर रहने के लिए मजबूर किया। कथित कौशल विकास घोटाले में सितंबर में आंध्र प्रदेश सीआईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए नायडू वर्तमान में स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत पर हैं, और वह कम से कम तीन अन्य भ्रष्टाचार मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद यह पहली बार है कि पार्टी तेलंगाना में चुनाव नहीं लड़ रही है। टीडीपी ने 2014 का चुनाव बीजेपी के साथ गठबंधन में लड़ा था। टीडीपी ने जहां 15 सीटें जीतीं, वहीं बीजेपी को पांच सीटें मिलीं थीं। टीडीपी ने ग्रेटर हैदराबाद और खम्मम जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में सीटें जीतीं, जहां आंध्र प्रदेश के मतदाताओं की एक बड़ी संख्या है। हालांकि, बाद में टीडीपी के लगभग सभी विधायक टीआरएस (अब बीआरएस) में शामिल हो गए।



■ **पूर्व सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी और उसके बाद के घटनाक्रम ने टीडीपी को तेलंगाना विधानसभा चुनाव से दूर रहने के लिए मजबूर किया**

साल 2018 में टीडीपी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा कुटमी या ग्रैंड गठबंधन के हिस्से के रूप में तेलंगाना चुनाव लड़ा।

नायडू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सक्रिय रूप से प्रचार किया था। हालांकि, गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा क्योंकि उसने 119 सदस्यीय विधानसभा में केवल 21 सीटें जीतीं। 2018 में टीडीपी को खम्मम जिले में दो सीटें मिलीं। टीडीपी के इस बार चुनाव नहीं लड़ने के फैसले से कांग्रेस को मदद मिलने की संभावना है, जो सत्तारूढ़ बीआरएस के साथ सीधी लड़ाई में है। कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि टीडीपी के पारंपरिक मतदाता बीआरएस विरोधी वोटों के विभाजन को रोकने के लिए उनकी पार्टी का समर्थन करेंगे।

हालांकि, बीआरएस नेताओं का कहना है कि आंध्र प्रदेश के मतदाता उनकी पार्टी को वोट दे रहे हैं जो बिना किसी भेदभाव के सभी के कल्याण के लिए काम कर रही है। चुनावी लड़ाई से नायडू की अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले दोनों चुनावों में टीडीपी ने अपनी उपस्थिति का इस्तेमाल तेलंगाना में प्रवेश के लिए आंध्र पार्टी की साजिश के इर्द-गिर्द एक कहानी बनाने के लिए किया था।

टीआरएस नेता लोगों से राज्य के संसाधनों पर नियंत्रण पाने की आंध्र पार्टी की साजिशों को हराने की अपील करके तेलंगाना के स्वाभिमान का आह्वान करेंगे। हालांकि, नायडू दावा करते रहे हैं कि टीडीपी दोनों राज्यों के तेलुगु लोगों के कल्याण के लिए काम करती है। टीआरएस नेताओं ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में चित्रित करने की कोशिश की जो आंध्र प्रदेश के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। हालांकि, जन सेना पार्टी (जेएसपी) नेता और अभिनेता पवन कल्याण की एंट्री से कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है।

## जिनके अक्ल के दांत नहीं आये वे भी कर रहे नेहरू पर टिप्पणी : कांग्रेस

पटना। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि जिनके अक्ल के दांत नहीं आये वे भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर टिप्पणी कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में भारत सेवक समाज की ओर से आयोजित नेहरू जयन्ती के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू इस देश के लिए हमेशा प्रासंगिक रहे हैं। लेकिन, केंद्र की मौजूदा मोदी सरकार के आने के बाद उनकी प्रासंगिकता और बढ़ गयी है क्योंकि भाजपा शासन में उन्माद को हवा दी जा रही है और देश में नफरत और असहिष्णुता का वातावरण व्याप्त हो गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जबसे भाजपा ने केंद्र की सत्ता संभाली है तबसे एक नया फैशन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि जिनके अक्ल के दांत भी अभी नहीं उगे हैं वे भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित नेहरू जैसे महान विचारक और राष्ट्र भक्त महानायकों पर टीका-टिप्पणी करने लगे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि इसी तरह संघ परिवार और उसका समस्त कुनबा पंडित नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल के बीच दरार दिखाकर सरदार पटेल को अपनाने की नापाक कोशिश में लगी हुई है। उनको यह मालूम नहीं कि यह सरदार पटेल ही थे जिन्होंने महात्मा गांधी की हत्या के बाद वर्ष 1948 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पर साम्प्रदायिक हिंसा में लिप्त होने के कारण पाबंदी लगा दी थी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों की दो श्रेणी है। एक श्रेणी उन देशभक्तों की है, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया तो दूसरी तरफ वे हैं जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ आजादी मिलने के बाद देश में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की मजबूत बुनियाद खड़ी कर देश का भविष्य संवारा।

## सार संक्षेप

### मध्यप्रदेश में एक लाख से अधिक लोगों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

भोपाल। मध्यप्रदेश में शांतिपूर्ण विधान सभा चुनाव कराने की दिशा में अब तक एक लाख 85 हजार से अधिक आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस, विस्फोटक पदार्थों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में अब तक आपराधिक प्रवृत्ति के 1 लाख 85 हजार 354 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 48 हजार 83 गैर जमानती वारंटों की तामीली करा ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 69 हजार 297 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। 758 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 3 हजार 135 अवैध हथियार, 759 कार्टिज, 3 हजार 920 विस्फोटक पदार्थ एवं 1 बम भी मिला हैं। ये सभी सामग्रियां तत्काल जब्त कर ली गई हैं। प्रदेश में कुल 376 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 712 आंतरिक नाकों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रदेश में 846 फ्लाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 996 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 109 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

### भैया दूज के अवसर पर सीएम शिवराज चिट्ठी के जरिए करेंगे बहनों से दिल की बात

नई दिल्ली। भैया दूज के अवसर पर बहन और भाई का प्रेम जगजाहिर है। इस दिन हर बहना अपने भाई की सलामती की प्रार्थना करती है। भैया खुश रहे, सुखी रहे इसकी कामना करती है। भाई भी अपनी बहन की हर मुराद पूरी करते हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी अपने प्रदेश की सभी बहनों के नाम पाती जारी कर रहे हैं। इसमें एक भाई का प्रेम है, मनुहार है, अनुरोध है, पुराने दिनों की याद है, वर्तमान की बात है और भविष्य का संदेश है। मतदान से दो दिन पहले ये मार्मिक पाती प्रदेश की बहनों के दिल में नई छाप छोड़ सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस पाती में सीएम शिवराज प्रदेश सरकार के विकास कार्यों से लेकर सरकारी योजनाओं से बहनों के जीवन में आए उजाले की बात कर सकते हैं, साथ ही लाड़ली बहना योजना में 3000 दिए जाने की बात दोहरा सकते हैं। एक मामा के रूप में अपनी भांजियों के लिए किए गए कामों की चर्चा भी इस चिट्ठी में हो सकती है। उम्मीद की जा रही है कि सीएम शिवराज इस चिट्ठी के जरिए बहनों को संदेश भी दे सकते हैं कि किसी भी क्षणिक लाभ के लिए भविष्य को बर्बाद न किया जाए। यदि ऐसा हुआ, तो भांजियों का विकास रूक जाएगा, बहनों की आर्थिक उन्नति और उजला भविष्य अंधेरे की गर्त में चला जाएगा।

# इंडिया गठबंधन की राह हुई मुश्किल, कांग्रेस के जातिगत जनगणना पर सपा साध रही निशाना

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के खिलाफ राजनीतिक हथियार बनाने के लिए जिस जातीय जनगणना को इंडिया गठबंधन बडा मुद्दा बनाना चाह रहा है, उसी मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस को कटघरे में खडा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि पिछडों का नेता बनने की होड में अखिलेश कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश की एक चुनावी सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना कराए जाने की बात करते हुए कहाकि यह एक्सरे की तरह होगी और तमाम समुदायों का अक्स सामने आ जाएगा। इस तरह वे भाजपा को ओबीसी विरोधी साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं राहुल गांधी की इस टिप्पणी को खारिज करते हुए अखिलेश यादव आरोप लगाते हैं कि पिछली कांग्रेस की सरकारो ने इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने कहाकि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उस समय जातीय जनगणना करा सकती थी। अगर एक्सरे उसी समय हो गया होता तो परेशानी नहीं बढती। अब बीमारी बढ गई है, एक्सरे की नहीं बल्कि एमआरआई और सीटी स्कैन की जरूरत है। यही नहीं उन्होंने कहाकि कांग्रेस की जातीय जनगणना की मांग सबसे बडा चमत्कार है। क्योंकि यह वही पार्टी है,जिसने आजादी के बाद जातीय जनगणना नहीं करवाई। उन्होंने कहाकि यही नहीं जब भी इसकी मांग की गई तो कांग्रेस सरकार खरिज करती रही। उन्होंने कहाकि कांग्रेस जातीय जनगणना की बात सिर्फ इसलिए कर रही है,क्योंकि उसका कोर कोर वोटबैंक अब उसके साथ नहीं है। हालांकि कांग्रेस उन्हें कोई जवाब नहीं दे रही है। लेकिन माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश में सीट बटवारे की बात परवान न चढने के बाद अखिलेश अब कांग्रेस पर हमलावर रहेंगे और इंडिया गठबंधन में अपनी शर्तो के साथ रहेंगें और लोकसभा चुनाव में सीट बटवारे को लेकर कांग्रेस की सौदेबाजी स्वीकार नहीं करेंगे।

# रेवंत रेड्डी के 'खाकी निक्कर' वाले बयान पर ओवैसी का पलटवार, कहा 'आरएसएस की कठपुतली'

**हैदराबाद,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। आरएसएस के साथ कथित संबंधों को लेकर तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। रेवंत रेड्डी ने कहा था कि असदुद्दीन ओवैसी की शेरवानी के नीचे 'खाकी निक्कर' है। इसके बाद ओवैसी ने रेवंत रेड्डी को 'आरएसएस की कठपुतली' बताया। हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी पिछले कुछ हफ्तों से रेवंत रेड्डी पर उनकी कथित आरएसएस बैकग्राउंड को लेकर निशाना साध रहे हैं। चुनाव प्रचार के तहत सार्वजनिक बैठकों के दौरान असदुद्दीन औवेसी और उनके भाई अकबरुद्दीन औवेसी आरोप लगाते रहे हैं कि रेवंत रेड्डी आरएसएस के एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने भी कई मौकों पर इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने टिप्पणी की थी कि कांग्रेस ने आरएसएस बैकग्राउंड वाले एक व्यक्ति को राज्य प्रमुख के रूप में नियुक्त कर गांधी भवन (राज्य कांग्रेस मुख्यालय) को 'गोडसे भवन' में बदल



दिया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) कमेटी के प्रमुख ने स्वीकार किया कि वह अतीत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े थे, लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया। इस जुबानी जंग का लेटेस्ट दौर पिछले सप्ताह तब शुरू हुआ जब रेवंत रेड्डी ने चुनावी रैलियों के दौरान असदुद्दीन ओवैसी द्वारा उन्हें 'आरएसएस अन्ना' कहकर संबोधित करने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। ओवैसी पर अपना हमला तेज करते हुए रेवंत रेड्डी ने सोमवार को टिप्पणी की थी कि असदुद्दीन ओवैसी की शेरवानी के नीचे 'खाकी निक्कर' है। मैंने सोचा कि असदुद्दीन ओवैसी की शेरवानी के नीचे पायजामा है लेकिन उसके नीचे खाकी निक्कर है। टीपीसीसी प्रमुख ने यह भी उल्लेख किया कि एमआईएम कासिम रिज़्वी की पार्टी है, जो निज़ाम के निजी मिलिशिया रजकारों के नेता थे। रिजवी ने भारतीय संघ के साथ हैदराबाद राज्य के एकीकरण का विरोध किया था। उन्होंने यह भी कहा कि एमआईएम का मुख्यालय दारुस्सलाम कासिम रिज़्वी की संपत्ति है। उन्होंने ओवैसी से पूछा, 'क्या मैं आज आपको कासिम रिज़्वी कह सकता हूं।' बाद में, रेवंत रेड्डी ने आगे कहा कि वह असदुद्दीन ओवैसी को कासिम रिज़्वी कहना शुरू कर देंगे। एमआईएम प्रमुख ने रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह शेरवानी को निशाना बना रहे थे जो 'हमारी संस्कृति और हमारी पहचान' का प्रतीक है। उन्होंने सोमवार रात हैदराबाद में एक सार्वजनिक मीटिंग में कहा कि तेलंगाना में आरएसएस एबीवीपी, बीजेपी और टीडीपी में काम करने के बाद अन्ना कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

# मोदी चुनाव में करते हैं लोगों को भड़काने वाली बात: गहलोत

**कोटा,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी पर चुनाव में लोगों को जाति एवं धर्म के नाम पर भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ये लोग चुनाव में मुद्दे की बात नहीं कर केवल लोगों को भड़काने एवं ध्यान भटकाने की बात करते हैं। श्री गहलोत मंगलवार को कांग्रेस की गारंटी यात्रा के अगले चरण की शुरुआत के मौके पर यहां पहुंचने पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। विधानसभा चुनाव में श्री मोदी के दौरे को लेकर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि वह मुद्दे पर बात नहीं करते और लोगों को भड़काने वाली बात करते हैं जबकि कांग्रेस राज्य में विकास और सुशासन को लेकर चुनाव लड़ रही है। चुनाव में कांग्रेस का मुद्दा ही विकास का मुद्दा हैं जबकि ये लोग धर्म एवं जाति के नाम मुद्दे थोप रहे हैं और लोगों को भड़का रहे है जो अच्छी परम्परा नहीं है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि इन लोगों को विकास के मुद्दे पर बहस करनी चाहिए लेकिन ये धर्म एवं जाति के नाम पर लोगों को उलझाने का काम कर रहे हैं जो देश हित में नहीं हैं।



# राजस्थान में करीब 63 हजार मतदाता आज से डाल सकेंगे घर से अपना वोट

**जयपुर,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में पहली बार शुरू की गई घर बैठे मतदान सुविधा के तहत इस बार मंगलवार से लगभग 63 हजार मतदाता (वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग) घर बैठे मतदान कर सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान निर्वाचन विभाग समावेशी एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनावों में घर बैठे मतदान की पहल की गई है। श्री गुप्ता ने बताया कि मंगलवार से पूरे प्रदेश में होम वोटिंग के पहले चरण की शुरुआत की गई है। होम वोटिंग के लिए सबसे ज्यादा 1401 बायतु विधानसभा क्षेत्र से, 855 वल्लभनगर, 819 डूंगरपुर, 652 मालवीय नगर, 666 सिविल लाइंस एवं 553 वोटर होम वोटिंग के लिए शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से है। वही प्रदेश में सबसे कम करौली विधानसभा क्षेत्र से 15 वोटर, इसके बाद पीपल्दा से 65, हिंडोली से 81 और तिजारा से 109 वोटर है जिन्होंने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है।

## मुरैना में 14 लाख 83 हजार से अधिक मतदाता डाल सकेंगे वोट

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन 17 नवंबर शुक्रवार को 14 लाख 83 हजार 500 से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। इनमें 7 लाख 99 हजार 602 पुरुष, 6 लाख 83 हजार 874 महिलाएं और शेष अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सर्वाधिक 2 लाख 62 हजार 680 मतदाता मुरैना विधानसभा क्षेत्र में है, इनमें 1 लाख 42 हजार 316 मतदाता पुरुष और 1 लाख 20 हजार 355 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि शेष थर्ड जेंडर हैं। जौरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 62 हजार 630 मतदाता हैं। इनमें 1 लाख 41 हजार 80 पुरुष, 1 लाख 21 हजार 542 महिला और 8 अन्य मतदाता हैं। सुमावली विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 56 हजार 445 मतदाता हैं। इनमें 1 लाख 40 हजार 154 पुरुष, 1 लाख 16 हजार 291 महिला मतदाता हैं।

# भाजपा मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए भगवान राम के नाम कर रही दुरुपयोग : शिवसेना

**मुंबई,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए भगवान राम के नाम का 'खुले तौर पर दुरुपयोग' करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की है और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से कार्रवाई की मांग की। राउत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मतदाताओं से किए गए चुनावी वादे का जिक्र कर रहे थे कि अगर वे भाजपा को सत्ता में लाते हैं, तो 'मध्य प्रदेश के सभी लोगों को अयोध्या में भगवान राम मंदिर के मुफ्त 'दर्शन' के लिए ले जाया जाएगा।' राउत ने कहा, यह नृशंस और घृणित है... भाजपा का पूरा केंद्रीय मंत्रिमंडल और पार्टी नेतृत्व मध्य प्रदेश में है, पार्टी मध्य प्रदेश में वोटों के लिए खुलेआम भगवान राम के नाम का दुरुपयोग कर रही है। क्या राम लला पर उनका एकाधिकार है? क्या अब चुनाव आयोग हस्तक्षेप करेगा। उन्होने भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।' उन्होंने भाजपा नेताओं से चुनाव अभियानों में धार्मिक प्रचार करने और इस प्रकार



**भाजपा का पूरा केंद्रीय मंत्रिमंडल और पार्टी नेतृत्व मध्य प्रदेश में है, पार्टी मध्य प्रदेश में वोटों के लिए खुलेआम भगवान राम के नाम का दुरुपयोग कर रही है। क्या राम लला पर उनका एकाधिकार है?:-संजय राउत, शिवसेना (यूबीटी) सांसद**

चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए भगवान राम और भारत के लोगों से माफी मांगने का भी आह्वान किया।

राउत ने तीखे स्वर में पूछा, 'अगर लोग बीजेपी को वोट देंगे तो उन्हें भगवान राम मंदिर ले जाया जाएगा... क्या वे यह कहना चाह रहे हैं कि अगर बीजेपी सत्ता खो देती है, तो लोगों को अयोध्या मंदिर जाने से रोक दिया जाएगा।'

# बीआरएस पार्टी वह पार्टी है जो हमारे तेलंगाना के स्वाभिमान को कायम रखेगी: केसीआर

**पालकुर्ती,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली सारी सुविधाएं कांग्रेसियों द्वारा छीन लेने की बात खुलेआम कही जा रही है। बीआरएस पार्टी वह पार्टी है जो हमारे तेलंगाना के स्वाभिमान को कायम रखेगी, वह पार्टी जो तेलंगाना के लिए मरने को तैयार है और सैकड़ों लोगों का बलिदान देकर तेलंगाना लेकर आई है।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि अगर दयाकर राव जीतते हैं तो रायथु बंधु योजना के तहत किसानों को 16 हजार रुपये मिलेंगे। अगर कांग्रेस जीत गई तो रायथु बंधु गायब हो जाएगा। अगर दयाकर राव चुनाव जीतते हैं तो राज्य में उनकी सरकार का 100 फीसदी नियंत्रण होगा। पालकुर्ती सभा में करीब एक लाख लोग एकत्रित हुए हैं। बीआरएस कार्यकर्ताओं और युवाओं को एक-एक वोट देना चाहिए और पार्टी की जीत के लिए काम करना चाहिए। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि दयाकर राव के लिए कार चुनाव चिन्ह को वोट करें और बीआरएस को जिताएं।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मैं आपसे कह रहा हूं कि आपकी जिंदगी बर्बाद नहीं होनी चाहिए क्योंकि मैं अपनी जान जोखिम में डालकर तेलंगाना लाया हूं। ये अधिकार आसानी से नहीं मिले हैं। पचास साल तक कांग्रेस की सरकार रही फिर भी आपको वह नहीं मिला जो आप चाहते थे। लेकिन बीआरएस सरकार ने ऐसा किया। हमारी बीआरएस सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत में कई राज्य पानी पर टैक्स लगाते हैं। हमने अपनी बीआरएस सरकार में जल कर समाप्त कर दिया है। तेलंगाना भारत का एकमात्र राज्य है जहां पानी पर कोई टैक्स नहीं है। हम किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली दे रहे हैं। रायथु बंधु निवेश हमारी बीआरएस सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। यदि किसी किसान की मृत्यु हो जाती है, तो हमने परिवार को सहारा देने के लिए किसान बीमा उपलब्ध कराया है। हमारी बीआरएस सरकार किसानों का अनाज खरीद रही है। तेलंगाना में किसानों को जो सुविधाएं मिलती हैं वो दूसरे राज्यों में नहीं मिलतीं। दयाकर राव ने पंचायत राज मंत्री के रूप में आपके गांवों में सड़कों को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। मिशन भगीरथ मंत्री भी दयाकर राव हैं। कांग्रेस के पचास साल के शासनकाल में मीठा पानी क्यों नहीं मिला?

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि हमने आदिवासियों के लिए आरक्षण बढ़ाया है। 'दलित बंधु' की तरह, हम निश्चित रूप से उन सभी आदिवासी बच्चों के लिए गिरिजन बंधु लागू करेंगे जो भूमि, नौकरी और समर्थन के बिना हैं। 75 साल के दौरान देश के किसी भी मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, पार्टी या अन्य नेता ने 'दलित बंधु' योजना नहीं बनाई? क्या यह कांग्रेस पार्टी नहीं है जिसने

**बीआरएस पार्टी वह पार्टी है जो हमारे तेलंगाना के स्वाभिमान को कायम रखेगी, वह पार्टी जो तेलंगाना के लिए मरने को तैयार है और सैकड़ों लोगों का बलिदान देकर तेलंगाना लेकर आई है:-के चंद्रशेखर राव**

अच्छे तेलंगाना को बर्बाद कर दिया है। हजारों वर्षों से उत्पीड़ित दलितों के कल्याण के बारे में किसी ने नहीं सोचा। उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और उनके कल्याण के बारे में कभी नहीं सोचा गया। 'केसीआर और बीआरएस पार्टी ने दलित बंधु योजना को जन्म दिया। चूंकि पालकुर्ती निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में गरीब, दलित और आदिवासी हैं, इसलिए दयाकर राव की इच्छा के अनुसार, मैं पहले दो वर्षों के भीतर प्रत्येक गांव को एक सौ से डेढ़ सौ घर प्रदान करूंगा।



# दुनिया रंग-बिरंगी



### छठ के अवसर पर 20 नवम्बर को बिहार में रिलीज होगी विवाह 3

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 छठ के अवसर पर 20 नवम्बर को बिहार में रिलीज होगी, वहीं, 24 नवम्बर को यह फिल्म सम्पूर्ण भारत में रिलीज होगी। यशी फिल्म्स ,अभय सिन्हा और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म विवाह 3 के निर्माता निशांत उज्जवल हैं। निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह 3 को लोग राजश्री स्टाइल वाली फिल्म बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि इस फिल्म के जरिए बड़े परदे पर परिवार वापस आएगा। उन्होंने कहा कि हिंदी और साउथ की फिल्मों में सब एक्शन रोमांस सब कुछ मिलता है। नहीं मिलता है तो परिवार और संस्कार। उस चीज को मेंहदी लगा के रखना 1, मेंहदी लगा कें रखना 3, डोली सजा के रखना, मैं सेहरा बांध के आऊंगा, डार्लिंग, माई, दुल्हन वही जो पिया मन भाए जैसी फिल्मों के निर्देशक रजनीश मिश्रा लेकर आ रहे हैं।

## 'झनक' में अर्शी के किरदार के लिए मैंने तुरंत हामी भर दी : चांदनी शर्मा

**मुंबई,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस चांदनी शर्मा अपकमिंग शो 'झनक' में अर्शी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साझा किया कि वह आखिरी व्यक्ति थीं, जिन्हें अन्य स्टार कलाकारों के बीच शो के लिए चुना गया था। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया। शो में, हिबा नवाब मुख्य नायक के रूप में क्रुशाल आहूजा उर्फ अनिरुद्ध के साथ 'झनक' की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी और चांदनी अर्शी का किरदार निभाएंगी।

अपनी कास्टिंग के बारे में बात करते हुए, चांदनी ने साझा किया कि मुझे लगता है कि अन्य लोगों के अलावा मैं शो के लिए चुनी जाने वाली आखिरी व्यक्ति थी। जब मुझे अर्शी के किरदार के बारे में बताया गया, तो मुझे इसमें दिलचस्पी हुई और मैंने तुरंत इसे स्वीकार करने का फैसला किया और मुझे अर्शी की भूमिका के लिए फाइनल कर लिया गया।



'इश्क में मरजावां 2' फेम एक्ट्रेस ने आगे अपने किरदार के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि अर्शी आज की जनरेशन की लड़की है। महत्वाकांक्षी होने के कारण वह भरोसेमंद होगी। उन्होंने कहा कि अर्शी के किरदारों में कई परतें हैं, और हर स्थिति के साथ, दर्शकों को अर्शी की विभिन्न भावनाओं को देखने का मौका मिलेगा। असल जिंदगी में अर्शी और मैं एक जैसे हैं, हम दोनों महत्वाकांक्षी हैं और डांस को लेकर जुनूनी हैं। मैं एक निश्चित स्तर पर अर्शी से जुड़ी हुई हूं, आपको उन गुणों और भावनाओं को भी चित्रित करने का मौका मिलता है जो वास्तविक जीवन में आपके पास नहीं हैं। झनक एक युवा लड़की की कहानी है जो एक डांसर बनने का सपना देखती है। वह कई कठिनाइयों से होकर अपनी यात्रा तय करती है। लीना गंगोपाध्याय द्वारा निर्मित यह शो 20 नवंबर से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

# 5 में से 4 भारतीय मधुमेह की जटिलता का कर रहे सामना

## शोध में भारत, स्पेन, ब्राजील, मैक्सिको, पाकिस्तान, चीन व नाइजीरिया में मधुमेह से पीड़ित 700 वयस्क शामिल



विश्व मधुमेह दिवस

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व मधुमेह दिवस पर इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (आईडीएफ) द्वारा किए गए एक वैश्विक शोध से यह पता चला है कि मधुमेह से पीड़ित पांच में से चार (87 प्रतिशत) लोगों को इस स्थिति से जुड़ी जटिलताओं के विकसित होने के बाद पता चलता है कि वे मधुमेह से पीड़ित हैं। विश्व मधुमेह दिवस (डब्ल्यूडीडी) 1991 में आईडीएफ और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मधुमेह से उत्पन्न बढ़ते स्वास्थ्य खतरे के बारे में बढ़ती चिंताओं के जवाब में बनाया गया था। इस स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे हर साल 14 नवम्बर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'अपने जोखिम को जानें' और 'अपनी प्रतिक्रिया जानें' है।

वैश्विक शोध में भारत, स्पेन, ब्राजील, मैक्सिको, पाकिस्तान, चीन और नाइजीरिया में मधुमेह से पीड़ित 700 वयस्कों को शामिल किया गया, जिससे पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल 97 प्रतिशत भारतीयों ने मधुमेह के साथ अपने जीवन के दौरान एक या अधिक मधुमेह जटिलताओं का अनुभव किया।

मधुमेह से संबंधित जटिलताएं गंभीर हो सकती हैं और कुछ मामलों में जीवन के लिए खतरा भी हो सकती हैं। इनमें हृदय, आंखें, गुर्दे और पैरों को होने वाली क्षति शामिल है। भारत में सर्वेक्षण उत्तरदाताओं के बीच अनुभव की जाने वाली सबसे आम जटिलताएं नेत्र समस्याएं (64 प्रतिशत), अवसाद (52 प्रतिशत), और ओरल हेल्थ (42 प्रतिशत) समस्याएं थीं। आधे से अधिक (59 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अधिकांश दिनों में मधुमेह से संबंधित जटिलताओं के विकसित होने को लेकर चिंतित रहते हैं। मधुमेह विशेषज्ञ और अहमदाबाद में मधुमेह देखभाल और हार्मोन क्लिनिक के अध्यक्ष डॉ. बंशी साबू ने कहा कि भारत में मधुमेह से पीड़ित लगभग हर व्यक्ति ने कम से कम एक जटिलता का अनुभव किया है जो इस स्थिति का प्रबंधन करने के बारे में ज्ञान की कमी को उजागर करता है। विश्व स्तर पर मधुमेह से पीड़ित दस में से 7 लोगों (72 प्रतिशत) को इस स्थिति से जुड़ी जटिलताओं के विकसित होने के बाद ही पता चला कि उन्हें मधुमेह है। विश्व स्तर पर अनुभव की जाने वाली सबसे आम जटिलताएं आंख (46 प्रतिशत), पैर (38 प्रतिशत), और ओरल हेल्थ की (37 प्रतिशत) समस्याएं थीं। टाइप 2 मधुमेह, जो सभी मधुमेह के 90 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार है, अक्सर लक्षणों के साथ चुपचाप विकसित होता है जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। परिणामस्वरूप, कुछ देशों में 50 प्रतिशत से अधिक इस स्थिति वाले कई लोगों का निदान नहीं किया जाता है और जैसा कि शोध से पता चलता है कि जटिलताएं पहले से ही मौजूद हैं।

## नींद की कमी से महिलाओं में बढ़ता है मधुमेह का खतरा

*न्यूयॉर्क। एक शोध के अनुसार महिलाओं में खासकर मेनोपॉज के बाद पर्याप्त नींद नहीं लेने से मधुमेह का खतरा हो सकता है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में निष्कर्षों में पाया गया कि छह सप्ताह तक 90 मिनट की नींद की कमी से फास्टिंग इंसुलिन का स्तर कुल मिलाकर 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इसका प्रभाव और भी अधिक स्पष्ट 15 प्रतिशत से अधिक था।*

*सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए नींद की अनुशंसित मात्रा प्रति रात सात से नौ घंटे के बीच है। डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन, यह दिखाने वाला पहला अध्ययन है कि छह सप्ताह तक बनी रहने वाली हल्की नींद की कमी, शरीर में बदलाव का कारण बनती है, जिससे महिलाओं में मधुमेह विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा माना जाता है कि खराब नींद का पुरुषों की तुलना में महिलाओं के कार्डियोमेटाबोलिक स्वास्थ्य पर अधिक प्रभाव पड़ता है। यूनिवर्सिटी के वेगेलोस कॉलेज ऑफ फिजिशियन एंड सर्जन्स में पोषण चिकित्सा की एसोसिएट प्रोफेसर मैरी-पियरे सेंट-ओंज ने कहा कि अपने पूरे जीवनकाल में, महिलाओं को बच्चे पैदा करने, पालन-पोषण और मेनोपॉज के कारण अपनी नींद की आदतों में कई बदलावों का सामना करना पड़ता है। पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं की यह धारणा है कि उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिल रही है। अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने 38 स्वस्थ महिलाओं को नामांकित किया, जिनमें 11 पोस्टमेनोपॉज़ल महिलाएं भी शामिल थीं, जो नियमित रूप से हर रात कम से कम सात घंटे सोती थीं। अध्ययन में प्रतिभागियों को यादृच्छिक क्रम में दो अध्ययन चरणों से गुजरना पड़ा। एक चरण में, उन्हें अपनी पर्याप्त नींद बनाए रखने के लिए कहा गया, दूसरे में उन्हें अपने सोने के समय में डेढ़ घंटे की देरी करने के लिए कहा गया, जिससे उनकी कुल नींद का समय लगभग छह घंटे कम हो गया। इनमें से प्रत्येक चरण छह सप्ताह तक चला। कुल मिलाकर इंसुलिन प्रतिरोध लगभग 15 प्रतिशत और मेनोपॉज महिलाओं में 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। पूरे अध्ययन के दौरान सभी प्रतिभागियों के लिए औसत रक्त शर्करा का स्तर स्थिर रहा।*

## 10 में से 4 भारतीय स्मार्टफोन यूजर्स नियमित रूप से फोटो-एडिटिंग ऐप्स का कर रहे इस्तेमाल

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में लगभग 42 प्रतिशत (10 में से चार से अधिक) स्मार्टफोन यूजर्स अब अपनी डिजिटल उपस्थिति को बढ़ाने के लिए फोटो-एडिटिंग ऐप का इस्तेमाल करते हैं। स्टेटिस्टा के अनुसार, फोटो एडिटिंग ऐप्स के लिए अमेरिका टॉप मार्केट है, जहां 43 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स नियमित रूप से ऐप का इस्तेमाल करते हैं, इसके बाद उत्तरदाताओं के बीच 42 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ जापान और भारत का स्थान है।

यूके के स्मार्टफोन यूजर्स लिस्ट में सबसे नीचे हैं, जिनमें से 30 प्रतिशत नियमित रूप से इन ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। ओन्लीअकाउंट्स डॉट आईओ द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ सालों में, फोटो एडिटिंग ऐप्स ईमेल, ब्राउजर और मैसेंजर ऐप्स जैसे बुनियादी ऐप्स के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफलतापूर्वक बाजार में टॉप पर पहुंच गए हैं।

फोटो और वीडियो ऐप्स ऐप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर पर सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऐप कैटेगिरीज में से हैं।

स्टेटिस्टा सर्वेक्षण के अनुसार, स्मार्टफोन यूजर्स 2023 के अंत तक इन ऐप्स पर लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च करेंगे, या पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक। कुल राजस्व का आधा हिस्सा इन-ऐप खरीदारी से आता है। विज्ञापन और सशुल्क ऐप्स क्रमश: 3 बिलियन डॉलर और 2 बिलियन डॉलर के राजस्व के साथ दूसरे स्थान पर हैं। स्टेटिस्टा को यह भी उम्मीद है कि इस साल के अंत तक दुनिया भर में लोग 29.1 बिलियन फोटो और वीडियो ऐप डाउनलोड करेंगे, जो 2022 की तुलना में तीन बिलियन अधिक है। 2027 तक, पूरे बाजार का राजस्व 16 बिलियन डॉलर और 37 बिलियन से अधिक डाउनलोड होने की उम्मीद है।



## भाई दूज के महत्व पर बोलीं टीवी स्टार तन्वी, आस्था व आंचल

**मुंबई,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस तन्वी डोगरा, आस्था शर्मा और आंचल साहू ने अपने भाई-बहनों के साथ अपने बंधन को साझा किया है और बताया है कि भाई दूज उनके जीवन में कितना महत्व रखता है।

भाई दूज बुधवार को मनाया जाएगा। 'परिणीति' में नीति की भूमिका निभा रहीं तन्वी डोगरा ने कहा कि हर भाई दूज पर, मैं अपने भाई के लिए आरती करती हूं। त्योहार में पसंदीदा हिस्सा कपड़े, मिठाइयां और गैजेट्स जैसे गिफ्ट्स का आदान-प्रदान करना है।

मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि हर साल मैं अपने भाई के लिए स्पेशल खाना बनाऊं। यह उनके सभी पसंदीदा व्यंजनों के साथ एक दावत है।

मैं अपने भाई को हमेशा मेरे साथ रहने और मुझे खुद का बेस्ट वर्जन बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद देती हूं। मैं प्रार्थना करती हूं कि उनके सभी सपने सच हों।

आस्था 'नीरजा... एक नई पहचान' में नीरजा की भूमिका निभाती हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि भाई दूज के लिए मेरे दिल में खास जगह है। मुझे मिठाइयां खाना और अपने भाई के साथ समय बिताना पसंद है। वह मेरे सबसे बड़े समर्थक और आलोचक हैं। झगड़ों के बावजूद, मैं उसके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती।



आस्था ने कहा कि हमारा बंधन परिवार के कुछ सदस्यों के बारे में मजाक बनाने के बारे में है। इस भाई दूज पर हम साथ मिलकर अपनी पसंदीदा सीरीज देखेंगे। मैं भाई-बहन के इस खास त्योहार पर सभी लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजती हूं।

शो 'परिणीति' में परिणीति की भूमिका निभाने वाली आंचल ने साझा किया, रक्षा बंधन वह समय है जब मुझे उपहार मिलते हैं, भाई दूज वह समय है जब मैं खुशी-खुशी अपने भाइयों को उपहार लौटाती हूं।

हमारे दिन की शुरुआत मंदिर के दर्शन और घर की पूजा से होती है। इसके बाद, यह दोपहर के भोजन और कार्ड गेम के साथ एक आनंदमय पारिवारिक मिलन समारोह में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि मैं इस साल अपने भाइयों के साथ उपस्थित नहीं रहूंगी, लेकिन उपहारों के आदान-प्रदान की परंपरा बरकरार रहेगी। मैं समर्थन के लिए अपने भाइयों का आभारी हूं। यह शो कलर्स पर प्रसारित होता है।

## सीएमएफआरआई ने की भारतीय जल क्षेत्र से दो और किस्म की सीयर मछलियों की पहचान

**कोच्चि,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। आईसीएआर-केंद्रीयस समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) के शोधकर्ताओं ने सीयर मछलियों की दो और प्रजातियों की पहचान की है। शोधकर्ताओं ने अरेबियन स्पैरो सीर मछली (स्कॉम्बरोमोरस एविरोस्ट्रस) नाम की एक प्रजाति की खोज की, जो विज्ञान के लिए पूरी तरह से नयी है और दूसरी रसेल स्पॉटेड सीयर मछली (स्कोम्बरोमोरस लेपर्डस) है , जो पहले से उपलब्ध सीयर मछलियों का पर्याय है।

सीएमएफआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ईएम अब्दुस्समद ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो समुद्री जैव विविधता के बारे में हमारी समझ को बढ़ाती है और देश के समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र में कई तरीकों से योगदान करने की क्षमता रखती है। यह उपलब्धि समुद्री वर्गीकरण और मत्स्य पालन अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी है, जो भारतीय तट के साथ समृद्ध और विविध समुद्री जीवन पर प्रकाश डालती है। उन्होंने कहा कि ये सीयर मछलियां टीम की ओर से खोजी गई श्रृंखला की चौथी और पांचवीं प्रजाति हैं। इससे पहले बाराकुडा, चब मैकेरल और क्वीनफिश की नई प्रजातियों की खोज की गई थी।

## अंतरराष्ट्रीय लवी मेले में जाइका के लिबास पर फिदा हुए सैलानी

**शिमला,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के दौरान जाइका वानिकी परियोजना के तहत रामपुर बुशैहर में निर्मित लिबास पर आम व्यक्ति और सैलानी खूब फिदा हुए। मेले के दौरान जाइका के स्टॉल में किन्नौरी एवं पारंपरिक लिबास की जमकर बिक्री हुई।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से यहां पहुंचे लोगों ने किन्नौरी पट्टी से निर्मित कोट, चोली, बास्केट समेत जैकेट की खूब खरीदारी की। यानी कुल मिलाकर कम दाम में क्वालिटी प्रोडक्ट्स खरीद कर लोग काफी खुश दिखे। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के अवसर पर 11 से 14 नवम्बर तक जाइका वानिकी परियोजना के स्टॉल में लगे उत्पादों की जमकर सराहना भी हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां किन्नौरी टोपी 400 रुपए प्रति, लेडीज बास्केट 1600, जेंट्स बास्केट 1800, किन्नौरी चोली 2500 और किन्नौरी पट्टी वाला कोट मात्र 4500 रुपए में उपलब्ध हैं।




इसके अलावा लोकल लसन के आचार, लोकल शहद, ढिंगरी मशरूम, किन्नौरी दाक, किन्नौरी राजमाह, सूखा पुदीना, कोदे का आटा, चुल्ली का तेल, सूखा बरांश की बिक्री हुई। जाइका के तहत विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित इन उत्पादों लवी मेले में तहलका मचा दिया। मेले के समापन अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी जाइका प्रोजेक्ट के तहत निर्मित सभी उत्पादों की सराहना की। उन्होंने जाइका वानिकी परियोजना के तहत विभिन्न सहायता समूहों को बधाई भी दी।

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर में इस बार चिलगोजे के मांग सबसे अधिक रही। यहां जाइका की ओर से लगे स्टॉल में हर तरह के आर्गेनिक प्रोडक्ट्स की मांग अधिक रही। मक्की का आटा, सूखे मटर, फाफरा, ओगला, चुल्ली का तेल, शहद, चिलगोजा और ड्राई मशरूम की भी खूब बिक्री हुई। बताया गया कि फोरेस्ट सर्कल रामपुर के 12 सहायता समूहों के उत्पादों पर हर कोई फिदा होते दिखे। रामपुर और किन्नौर डिविजन के 3-3 और आनी डिविजन के छह सहायता समूहों के उत्पादों की मांग हर रोज होती रही।

## व्यापार मेले में हस्तशिल्प के उत्कृष्ट सामानों की बिक्री



- स्वयं सहायता समूहों की 300 से ज़्यादा ग्रामीण महिलाएं ले रही भाग
- व्यापार मेले में लगे उत्तराखंड पैवेलियन में सजे हैं 36 स्टॉल

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें विश्व व्यापार मेले में एक बार फिर परंपरा, क्राफ्ट, कला एवं संस्कृति से सराबोर 'वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल' थीम के साथ, 14 नवम्बर से 27 नवम्बर तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सरस मेलों की रजत जयंती है। इस वर्ष क़रीब 160 स्टाल लगी है जिसमें 28 राज्यों की स्वयं सहायता समूहों की 300 से ज़्यादा ग्रामीण महिलाएं भाग ले रही हैं। उत्तराखण्ड पैवेलियन के निदेशक प्रदीप नेगी मे यह जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मेले में उत्तराखण्ड पैवेलियन हॉल संख्या 5 में है जिसमें राज्य की तरफ से 36 स्टॉल सजे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पैवेलियन में हरिद्वार, देहरादून, चम्पावत, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली और पौड़ी जिलों के शिल्पियों के उत्पादों के विपणन स्टॉल लगाये गए है। पैवेलियन में सरकारी विभागों की ओर से पर्यटन, खादी बोर्ड एवं औद्योगिक बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इसमें उत्तराखण्ड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद् के अधीन हिमाद्रि का भी स्टॉल लगा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एन.आई. आर.डी.पी.आर के सहयोग से ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद बेचने के लिए सरस मेलों के माध्यम से मार्केटिंग का प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध करवा रहा है। हाल ही में गुरुग्राम में हुए सरस आजीविका मेले में क़रीब 12 करोड़ की बिक्री का रिकॉर्ड हुआ है। सरस मेलों में निरंतर निखार आ रहा है और अब धीरे-धीरे डिजिटल पेमेंट की तरफ़ बढ़ रहे हैं। मेले में विभिन्न राज्यों के उत्पाद जैसे टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, कांथा की साड़ियां, चंदेरी साड़ियां, उत्तराखंड व हिमाचल के ऊनी उत्पाद, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, कर्नाटक व तेलंगाना के वूडन उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। प्रगति मैदान के इस अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में सरस आजीविका में पूरे ग्रामीण भारत की झलक देखने को मिलेगी।

सरस आजीविका मेले में झारखंड से ट्राइबल ज्वेलरी, हनी, मिक्स अचार, दाल, आम के अचार, फ्लोर, आर्गेनिक वेजीटेबल और मशाले, चावल, दाल, साबुन के साथ ही स्नैक्स में हाथ के बनाए हुए चॉकलेट मशहूर। कर्नाटका से वुडेन खिलौने, पेपर, कॉफी पाउडर, कार्डामॉम क्लाउथ मेटेरियल, हनी, मिक्सड पीकल, जैगरी, पेंटिंग, वुडेन हेंडीक्राफ्ट. साथ ही केरला से कोकोनट ऑयल, कार्डामॉम,पेपर, क्ले डेकोरेटिव आइटम।

## सिर्फ पर्यटन ही नहीं, वेडिंग डेस्टिनेशनों की सूची में भी शीर्ष पर आने लगा है कश्मीर

■ सुरेश एस डुग्गर

### दुनिया भर में विवाह योजनाकारों को आकर्षित करने का लक्ष्य



**जम्मू,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। पतझड़ के मनमोहक आकर्षण का फायदा उठाने के लिए, जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग ने सुरम्य कश्मीर घाटी को एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए एक अनोखा अभियान शुरू किया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और भारत के अविश्वसनीय 'इंडिया सेज आई डू वेडिंग' अभियान के एक भाग के रूप में, जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रमुख विवाह स्थल के रूप में प्रदर्शित करना है, जम्मू और कश्मीर पर्यटन भी दुनिया भर में विवाह योजनाकारों को आकर्षित करने के लिए इस मिशन में शामिल हो गया है। जानकारी के लिए यह अभियान इसी साल अगस्त महीने में पूरे भारत में शुरू किया गया था।

इस अभियान के तहत, पर्यटन विभाग ने शादी के योजनाकारों, शादी के प्रभावशाली लोगों और शादी के फोटोग्राफरों को अपने काम का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया है जो कश्मीर में गंतव्य शादियों में योगदान को दर्शाता है। पर्यटन विभाग के प्रचार ब्राउशर में लिखा है कि क्या आप एक वेडिंग प्लानर, वेडिंग इन्फ्लुएंसर, वेडिंग फोटोग्राफर या कश्मीर में स्थित एक वेडिंग होटल के मालिक हैं, हम आपके लिए 'भारत कहता है कि मैं शादी अभियान चलाता हूं' का एक अभिन्न अंग बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि यह अभियान शरद और सर्दियों के मौसम की मनमोहक सुंदरता को प्रदर्शित करने के लिए शुरू किया जा रहा है। वे कहते थे कि कश्मीर में भारत के शीर्ष विवाह स्थलों में से एक के रूप में उभरने की गुंजाइश है। इसलिए, यह अभियान क्षेत्र के प्राकृतिक वैभव को प्रदर्शित करता है, जिसमें डल झील, गुलमर्ग और पहलगाम जैसे प्रतिष्ठित स्थान केंद्र में हैं।

वे कहते थे कि कश्मीर में विशेष रूप से शरद ऋतु के मौसम में कई शादी और प्री-वेडिंग शूट होते रहे हैं। टूरिज्म अधिकारियों के बकौल, शरद ऋतु की जीवंत पत्तियां कश्मीर घाटी को लाल, सुनहरे और नारंगी रंग में रंग देती हैं और ऐसे में पर्यटन विभाग अपनी शादी की योजना बना रहे जोड़ों को लुभाने के लिए लुभावने परिदृश्यों का लाभ उठा रहा है। महाराष्ट्र की वेडिंग प्लानर प्रिया मेहता ने इस संबंध में पत्रकारों से कहा कि कश्मीर को धीरे-धीरे डेस्टिनेशन वेडिंग 'स्वर्ग' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। वे कहती थीं कि धीरे-धीरे लोग कश्मीर में अपने विवाह समारोह आयोजित करने में रुचि ले रहे हैं। वे उन सेवाओं के बारे में पूछताछ करते हैं जिनका वे यहां आनंद ले सकते हैं। जबकि कुछ लोग अपनी शादी गर्मियों के दौरान चाहते हैं, दूसरों को यह पसंद है जब यह शरद ऋतु और सर्दियों का समय होता है। कश्मीर की ट्रैवल एजेंसियों ने भी इस चलन का लाभ उठाया है, वे व्यापक पैकेज पेश करने लगी हैं जो सभी लाजिस्टिक्स का ख्याल रखते हैं, जिससे जोड़े अपने विशेष दिन के हर पल का आनंद ले सकते हैं। कश्मीर के एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद कहते थे कि हमने यहां कई शादियां आयोजित की हैं। हम आयोजन स्थल की सजावट, क्षेत्रीय दावतों और अन्य रसद का प्रबंधन करते हैं।

रायपुर, बुधवार 15 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# और कितने हादसे देखेंगे पहाड़!

पहाड़ों के साथ छेड़छाड़ का एक और नतीजा बड़े हादसे के रूप में सामने आया है जिसमें उत्तराखंड स्थित उत्तरकाशी के बड़कोट में एक निर्माणाधीन सुरंग धसक गयी। उत्तरकाशी में ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच यह सुरंग बन रही है। इसमें करीब 40 मजदूर फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पिछले 3 दिनों से प्रयास हो रहे हैं। केन्द्र के एनडीआरएफ तथा राज्य के एसडीआरएफ समेत अनेक विशेषज्ञ टीमें मलबे को हटाकर उन्हें निकालने हेतु प्रयासरत हैं। सुरंग के अंदर फंसे ज्यादातर प्रवासी मजदूर हैं- मुख्यत: उत्तर प्रदेश के। आशा है कि बचाव टीमें इन्हें सुरक्षित निकालने में कामयाब होंगी। बताया गया है कि सुरंग के भीतर फंसे हुए मजदूर सुरक्षित हैं। वॉकी टॉकी के माध्यम से रेस्क्यू टीम का उनसे संपर्क बना हुआ है। उत्तरकाशी की मिट्टी बहुत नर्म है। इसके चलते ऊपर से चट्टानें, मिट्टी आदि लगातार नीचे गिर रही है। इसके कारण भी बचाव कार्य में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं।

पहाड़ों के साथ जैसा व्यवहार मनुष्य की ओर से हो रहा है उसका एक और उदाहरण इस हादसे के रूप में सबके सामने है। अब यह सोचने का वक्त आ गया है कि किस तरीके से पहाड़ों में विकास कार्य किये जायें कि प्रकृति को न्यूनतम नुकसान हो और कम से कम ऐसे दर्दनाक हादसे तो न ही घटें। उल्लेखनीय है कि इसी साल की जनवरी में जोशीमठ में कई जगहों पर जमीनों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गईं। अनेक घरों में भी दरारें आई हैं जिसके कारण सैकड़ों लोगों ने जोशीमठ ही छोड़ दिया है। उन्हें अस्थायी शिविरों में शरण लेनी पड़ी थी। आज भी यहां के लगभग 700 मकानों में दरारें देखी जा सकती हैं। यह कस्बा एक तरह से खाली हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में उत्तरकाशी के ही भटवाड़ी इलाके में द्रौपदी के डांडा-2 पर्वत शिखर पर जोरदार बर्फीला तूफान आया था। इससे 34 पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। इनमें 25 प्रशिक्षु थे जबकि 2 प्रशिक्षक थे। 2013 में केदारनाथ की त्रासदी को कोई नहीं भूल सकता। यह हाल के वर्षों में उत्तराखंड की सर्वाधिक बड़ी त्रासदी मानी जाती है जिसमें पता नहीं कितने लोगों की मौत हो गई थी। आज तक यह ठीक-ठीक नहीं बताया जा सकता कि कितने लोग मारे गये। अक्टूबर 1991 में जोरदार भूकंप आया था जिससे करीब एक हजार लोग मारे गये थे। हजारों मकान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गये थे। तब यह अविभाजित उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। ऐसे ही, काफी पहले पिथौरागढ़ जिले का माल्पा गांव भूस्खलन के चलते पूरी तरह से उजड़ गया था। इस हादसे में 255 लोगों की मौत हुई थी जिनमें कैलाश मानसरोवर जाने वाले 55 से ज्यादा श्रद्धालु थे। चमोली जिले में रिएक्टर स्केल पर 6.8 की तीव्रता वाले भूकंप के चलते 100 से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इससे सटे हुए जिले रुद्रप्रयाग में भी भारी नुकसान हुआ था और अनेक घरों, सड़कों तथा जमीनों में दरारें आई थीं।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत पूरी हिमालयीन पर्वत श्रृंखला अपेक्षाकृत पृथ्वी पर होने वाला नया प्राकृतिक निर्माण है। कुछ ही स्थलों को छोड़ दें तो कम आयु की यह पर्वतमाला ज्यादातर स्थलों पर कच्ची है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार इसका निर्माण अब भी जारी है। उसमें भी उत्तराखंड की मिट्टी तो और भी भुरभुरी होने के कारण पृथ्वी की परतों के नीचे होने वाली हलचलों का असर हिमाचल प्रदेश के साथ इसी क्षेत्र में सर्वाधिक पड़ता है। नेपाल में बार-बार आने वाले भूकम्पों का कारण भी यही भूगर्भीय हलचलें हैं। ये पहाड़ अपनी खूबसूरती के कारण देश-विदेश से करोड़ों लोगों को आकर्षित करते हैं। दरअसल उसके दिलकश नज़ारे ही उसके लिये अभिशाप बन गये हैं क्योंकि उनका आनंद लेने के लिये बड़ी संख्या में आने वालों के लिये ही निर्माण कार्य हो रहे हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हुए निर्माण कार्यों को यहां की आपदाओं के लिये प्रमुख रूप से दोषी बताया जाता है। जगह-जगह बनने वाले होटल, मकान, बहुमंजिला इमारतें, व्यवसायिक परिसर, रिसोर्ट्स, होमस्टे आदि के कारण जमीनों का प्राकृतिक स्वरूप तेजी से बदल दिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय सीमाएं लगने के कारण इस पूरे क्षेत्र का सैन्य महत्व भी है। सीमाओं पर चौकसी व उनकी सुरक्षा के लिये बड़ी सड़कें, पुल, सुरंगें आदि बनाई जाती हैं। इनसे भी पहाड़ों को नुकसान पहुंचता है। इन पहाड़ों में पनबिजली उत्पादन की भी अपार सम्भावनाएं हैं क्योंकि पर्वतों से निकलने वाली नदियों और नालों से बिजली संयंत्रों को पानी मिलता है। इसके लिये पानी के बहाव को मोड़ा गया है, बांध बने हैं, सुरंगें बनी हैं एवं विशाल निर्माण हुए हैं जिनसे बड़ी तादाद में बने विद्युत संयंत्रों को जल की आपूर्ति होती है।

हाल के वर्षों में सरकारों द्वारा नयी सड़कें या उनका चौड़ीकरण, पुल, सुरंग आदि का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके लिये होने वाले विस्फोटों व मशीनों के कारण भी पहाड़ों को भारी नुकसान होता है। इससे जलवायु में भी परिवर्तन हो रहा है। अब तो पहाड़ों के ऋतु चक्र में तक बदलाव दर्ज हो रहे हैं। ऊपरी इलाकों में स्थित ग्लेशियरों के पिघलने के कारण इन पहाड़ों से निकलने वाली नदियों का जल स्तर बढ़ने तथा भूगर्भीय जल के कारण सतह के ऊपर बड़ी टूट-फूट हो रही है। नये-नये निर्माण कार्यों के परिणाम ऐसी ही त्रासदियों एवं हादसों के रूप में सामने आ रहे हैं। विकास की आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता लेकिन इन त्रासदियों एवं हादसों को देखते हुए नियंत्रित व वैज्ञानिक तरीके से निर्माण किये जाने चाहिये।

# आखिरकार भाजपा को कांग्रेस ने उतारा यथार्थ की ज़मीन पर

वैसे तो देश के पांच राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम एवं छत्तीसगढ़) में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं लेकिन इनमें दूसरा सबसे छोटा राज्य छत्तीसगढ़ कुछ विशिष्ट मायनों में अति महत्वपूर्ण बन गया है। यहां के राजनैतिक विमर्श से पिछले कुछ समय से जो राजनीतिक दबदबा एवं बढ़त भारतीय जनता पार्टी के पास थी, वह अब छूट रही है। पांच साल पहले बड़े बहुमत से छत्तीसगढ़ में बनी कांग्रेस की सरकार ने जहां एक ओर अनेक लोकहितकारी काम किये हैं, उसने भाजपा को राजनैतिक जवाब तो दिया ही है, देश के सम्पूर्ण सियासी नैरेटिव को बदलकर रख दिया है। नुकसान में भाजपा ही है।

मतदाताओं को लुभाने के लिये अब जिस तरह से पांच राज्यों के चुनावों में प्रमुख राजनैतिक दल घोषणाएं कर रहे हैं उससे मतदाताओं के विभिन्न वर्गों की सचमुच मौज हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार से आर्थिक एवं जमीनी मुद्दे सियासी विमर्श से हट गये थे, वे इन चुनावों के जरिये वापस केन्द्र में आ रहे हैं। यथार्थवादी मुद्दों की जगह पर भावनात्मक मसलों को तरज़ीह देने वाली भारतीय जनता पार्टी भी रास्ता बदल रही है। मतदाताओं ने उसे सही राह पर तो लाया है, अब अवाम को केवल यह सीखना बचा है कि गारंटियां देने वाली राजनैतिक पार्टियों के जीतने पर उनके नेताओं को कान पकड़कर उन्हें पूरा करने पर मजबूर किया जाये।

पिछले दिनों हिमाचल एवं कर्नाटक में मिली पराजयों से उम्मीद की जा रही थी कि भाजपा का राजनैतिक विमर्श बदलेगा परन्तु उसका साम्प्रदायिकता, सामाजिक ध्रुवीकरण और ऐसे ही भावनात्मक मुद्दों पर विश्वास इतना गहरा है कि वह इस लाइन को सहजता से नहीं छोड़ती। हालांकि उसे कर्नाटक में मिली हार से सबक लेना चाहिये था जब वहां कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध के वादे को उसने बजरंग बली से जोड़ दिया था लेकिन उसका कोई फायदा उसे मिल नहीं पाया था। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभाओं में बजरंग बली के नारे लगवाए गए और प्रदेश भर में चुनाव के अंतिम दौर में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ भी कराये गये। इसके बाद भी जिस तरह से भाजपा को मुंह की खानी पड़ी तो उसके बाद हो रहे इन इन पांच राज्यों में उससे सबक लेते हुए कम से कम इस तरीके के प्रचार से तौबा करनी चाहिये थी। वैसे इसके लिये इन राज्यों में उसकी गुंजाइश बची भी नहीं है।

राजस्थान में भाजपा ने इसकी कोशिश की जहां कुछ अरसा पहले हुए एक दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के मामले को भुनाने की कोशिश हुई, पर वह विमर्श भी नहीं बढ़ पाया। वहां के लोगों ने राजस्थान सरकार के कामों को पसंद किया, खासकर सस्ते रसोई गैस सिलिंडर, पुरानी पेंशन योजना



डॉ. दीपक पाचपोर

> कर्नाटक के बाद छत्तीसगढ़ ने साबित कर दिया है कि भाजपा के साम्प्रदायिक कार्ड के दिन लद गये हैं। जमीन पर पूरी तरह से उतर चुकी भाजपा अब सस्ते गैस सिलेंडर की बात करती है, वह चुनाव जीतने पर किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का ऊंचा न्यूनतम समर्थन मूल्य देना चाहती है- बिना यह बताये कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में इसका भाव 2100 रुपए क्यों है।

आदि। छत्तीसगढ़ ने और भी बेहतर उदाहरण पेश किया। यहां पहले चरण का मतदान (7 नवम्बर) हो जाने के बाद और दूसरे चरण (17 नवम्बर) के पहले भारतीय जनता पार्टी ने ऐलान कर दिया कि अगर वह चुनाव जीतती है तो राज्य की सभी विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर माह 1000 रुपए तक की आर्थिक मदद दी जायेगी। इसके लिये उसने प्रमुख अखबारों में आधे-आधे पेज के विज्ञापन प्रकाशित किये जिसमें एक फॉर्म भी था। महिलाओं से कहा गया कि वे इसे भरकर भाजपा के स्थानीय कार्यालयों में जमा करें। मकसद साफ है कि जो महिलाएं इन आवेदनों को जमा करेंगी उन्हें पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। आचार संहिता का यह खुला उल्लंघन तो है ही, अनैतिक भी है। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष अरुण साव के अलावा कुछ भाजपा प्रत्याशियों को नोटिस भी जारी की है। एक पूर्व मंत्री राजेश मूणत की तरफ से भी मतदाताओं के मोबाइलों पर डायरेक्ट मैसेज मिले हैं जिनमें एक ईमेल आईडी दी गई है और कहा गया था कि वे इस योजना का लाभ लेने के लिये इस लिंक पर आवेदन करें। अब इसके जवाब में कांग्रेस ने इसी की तर्ज़ पर 15 हजार रुपये सालाना आर्थिक मदद देने का ऐलान कर मतदाताओं के रुख को पलटाने का दांव चल दिया जिसका भाजपा निरूत्तर है।

इसके पहले यहां कुछ जगहों पर साम्प्रदायिकता का रंग देने की कोशिशें हुई हैं, जैसी कि अनेक राज्यों में हुई है। विशेषकर, कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर के चुनावी क्षेत्र कवर्धा में उनके खिलाफ प्रचार करने के लिये कई तल्ख़ ज़ुबानी बाहरी नेताओं को उतारा गया। इनमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा आदि शामिल हैं। इसके अलावा कई साधु-संतों को तक उतारा गया। हिमंता ने तो अंदेशा जताया कि 'एक अकबर के आने से कई अकबर आते हैं,' लेकिन बाद में वे इससे मुकर गये। ऐसे ही, कुछ समय पहले बेमेतरा में एक साम्प्रदायिक झगड़े में मारे गये भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को मंत्री रवीन्द्र चौबे के विरूद्ध भाजपा ने मैदान में उतारा है। फिर भी ये पैंतरे काम नहीं आ रहे हैं क्योंकि छग सचमुच शांति का टापू है। इसलिये हमेशा की तरह भाजपा सरकार ने केन्द्रीय जांच एजेंसियों के अधिकारियों को भी काम पर लगा दिया है। कर्नाटक में बजरंग दल को बजरंग बली से मिलाने की ही तरह छग में भी भाजपा ने महादेव एप को भगवान महादेव से जोड़ दिया। मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे नेता भी महादेव एप के जरिये भूपेश बघेल को 500 करोड़ रुपये मिलने का प्रचार तो कर रहे हैं परन्तु यह कोई भी नहीं बता पा रहा है कि ये पैसे आए कैसे और खुद छत्तीसगढ़ सरकार के महादेव एप पर प्रतिबंध लगाने की मांग को क्यों केन्द्र ने लम्बे समय तक लटकाये रखा?

कर्नाटक के बाद छत्तीसगढ़ ने साबित कर दिया है कि भाजपा के साम्प्रदायिक कार्ड के दिन लद गये हैं। जमीन पर पूरी तरह से उतर चुकी भाजपा अब सस्ते गैस सिलेंडर की बात करती है, वह चुनाव जीतने पर किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का ऊंचा न्यूनतम समर्थन मूल्य देना चाहती है- बिना यह बताये कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में इसका भाव 2100 रुपए क्यों है जहां उसी की सरकार है। अब वह छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने घोषणापत्र में कहती है कि प्रदेश में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) में बेहतरीन काम हुआ है। वही मनरेगा जिसे मोदी भरी संसद में चटकारे लेकर कहते थे कि 'यह कांग्रेस की 'विफलता का स्मारक' है और वह इसे बन्द न करके इसे जारी रखेंगे ताकि जनता देख सके कि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी सरकार लोगों को गड्ढे खोदने के लिये भेजती है।' अब भाजपा के लिये किसी को नगद राशि देना रेवड़ियां नहीं रह गया है। हालांकि अभी भी भाजपा यहां ओबीसी और कर्ज माफी के मामले पर मौन है। इसलिये यह चुनाव भाजपा सहित सभी राजनैतिक दलों को यह भी बताएगा कि जनहित के मामलों को जल्दी और वक्त पर लागू किया जाना चाहिये, न कि चुनावी हार को सामने देखकर।

छत्तीसगढ़ का विमर्श अन्य चारों राज्यों में भी फैलता दिख रहा है। उम्मीद है कि वह अगले साल होने जा रहे लोकसभा के चुनाव में भी बना रहेगा। यहां कोई जीते या हारे, तमाम राज्यों में कोई जीते या हारे, लोकसभा-2024 भी कोई हारे या जीते, देश का राजनैतिक विमर्श ठोस जमीनी रहेगा- यही छत्तीसगढ़ का योगदान है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# हमारे लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया की कमियां दूर करने के कुछ सुझाव

हमारे देश के चुनावों को करोड़पतियों ने हाईजैक कर लिया है। जितने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं उनमें से बहुसंख्यक करोड़पति होते हैं। चूंकि वे स्वयं करोड़पति होते हैं इसलिए वे चुने जाने के बाद करोड़पतियों के हितों का ही ख्याल रखते हैं। अब यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भारतीय प्रजातंत्र करोड़पतियों के लिए, करोड़पतियों द्वारा बनाई गई व्यवस्था है।

हमारे संविधान की उद्देशिका में लिखा है भारत एक सेक्युलर, सोशलिस्ट रिपब्लिक है। चुनाव के दौरान यह उद्देशिका पूरी तरह भुला दी जाती है। चुनावों के दौरान सेक्युलरिज्म की कोई चर्चा नहीं होती। उल्टे मतदाताओं से धर्म के नाम पर अपील की जाती है। प्राय: उम्मीदवार मंदिर जाते हैं, भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं, बड़ी-बड़ी मन्नतें मांगते हैं, भारी-भरकम चढ़ावा चढ़ाते हैं। जाति का तो कहना ही क्या- उम्मीदवारों का चयन ही जाति के आधार पर होता है।

जहां तक सोशलिज्म का सवाल है, लगभग सभी पार्टियां इस शब्द को पूरी तरह भूल गई हैं। सोशलिज्म का उद्देश्य समतामूलक समाज का निर्माण करना है। लेकिन इस देश में मुकेश अंबानी रहते हैं, जिनके मकान में तीन सौ कमरे हैं। इस मकान के संदर्भ में प्रसिद्ध शायर कैफी आजमी की वह कविता याद आती है -

'आज की रात बहुत गर्म हवा चलती है,
अब इस फुटपाथ पर न सोया जाएगा,
तुम भी उठो, हम भी उठें,
कोई खिड़की इस दीवार में खुल जाएगी'।

यह बात सिर्फ अंबानी पर लागू नहीं होती। यह स्थिति पूरे देश की है। यह असमानता सिर्फ मकानों व झोपड़ियों तक सीमित नहीं है। यह खेती की जमीन पर भी लागू होती है। यद्यपि हमारे देश में खेती की जमीन पर सीलिंग कानून लागू है परंतु आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो सैकड़ों एकड़ जमीन के मालिक हैं, जो खुलेआम सीलिंग कानून का उल्लंघन है।

एक और बुनियादी सिद्धांत का पालन नहीं हो रहा है। जिस बड़े पैमाने पर दलबदल कर सरकारें बनाईं और गिराई जाती हैं उसके चलते अब चुनाव का कोई मतलब नहीं रह गया है। मध्यप्रदेश में 2020 में जो हुआ वह इसका जीता-जागता उदाहरण है। आप चुनाव किसी घोषणापत्र पर और किसी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीते और चुनाव जीतने के बाद सत्ता की खातिर क्षण भर में उस पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। मध्यप्रदेश में जो हुआ था वह अवसरवादिता और सिद्धांतहीनता की पराकाष्ठा थी। जिन लोगों ने दलबदल किया उन्होंने पहले चिल्ला-चिल्लाकर भाजपा को साम्प्रदायिक दल बताया था। सन् 2018 में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का हमला मुख्यत: ज्योतिरादित्य सिंधिया पर केन्द्रित था। हम 'माफ करो महाराज' नारे को भूल नहीं सकते जो सिंधिया के विरूद्ध बार-बार लगाया गया था। वही सिंधिंया माफ करते हुए कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।



एल. एस. हरदेनिया

> हमारे देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती। यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गई हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।

दलबदल ने हमारे देश में प्रजातंत्र को सिद्धांतहीनता के खंभों पर खड़ा कर दिया है। वैसे द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के जो अनेक देश आजाद हुए थे, उनमें से हमारा देश उन चन्द देशों में से एक है जहां लोकतंत्र कायम है। परंतु दलबदल का दीमक उसे जिस तरह से बर्बाद कर रहा है उससे लगता है कि एक दिन देश का लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा।

भारत में दलबदल की प्रक्रिया को सैद्धांतिक अमली जामा डॉ. राममनोहर लोहिया ने पहिनाया था। उन्होंने नारा दिया था ''जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती है'। उनका नारा था 'equidistance' उद्देश्य था कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी से बराबर की दूरी रखी जाए। जिंदा कौमें...वाले नारे का मतलब था कि यदि चुनी हुई सरकार गड़बड़ करती है तो उसे पांच साल के पहले ही पलट दो। इस नारे का सहारा लेकर दलबदल शुरू हो गया। अनेक सरकारों को दलबदल के जरिए पलट दिया गया। दलबदल के बारे में एक नया नारा उभरा - 'आया राम गया राम'। इस तरह पहली बार भगवान राम का नाम राजनीति में घसीटा गया। मध्यप्रदेश भी उन राज्यों में से एक था जहां दलबदल से सरकार बदली गई। दलबदल के जरिए सरकारें बदलने की इस प्रक्रिया में जनसंघ की प्रमुख भूमिका रही। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्र ने सुझाव दिया कि जहां भी ऐसे प्रयास हों वहां की विधानसभा को भंग कर दिया जाए। पंडित मिश्र का यह सुझाव नहीं माना गया। यदि यह सुझाव मान लिया गया होता तो हो सकता है कि दलबदल की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती। अब यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई है कि उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल हो गया है। राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा करना व्यर्थ है कि वे इस प्रवृत्ति को समाप्त करने में पहल करेंगे।

यदि दलबदल को समाप्त करना है तो इसके लिए आम लोगों को ही पहल करनी होगी। आम लोगों को सांसदों पर इतना दबाव बनाना चाहिए कि वे संसद में दलबदल को पूरी तरह प्रतिबंधित करने वाला कानून बनवाने को बाध्य हो जाएं। परंतु यह हमारा दुर्भाग्य है कि सार्वजनिक मुद्दों पर हमारे देश की जनता संगठित नहीं होती है जैसा पश्चिम के राष्ट्रों में होता है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि ऐसे देश हैं जहां जनता की इच्छा के विरूद्ध कोई काम करना बहुत कठिन होता है। जैसे, यदि अमेरिका ईराक पर हमला करता है तो वहां की जनता सड़कों पर निकलकर इसकी भर्त्सना करती है। हम यह बात अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती। यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गई हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।

## पावन प्रसंग

# सद्‌गुण है विनम्रता

मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह है जो उसे हर मुसीबत में विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पर पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अहंकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्‌गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है, या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूपमंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह न आधा रह पाता है न ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही है-

बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर।

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अहंकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए न कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वत: निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बनने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव प्रकाशित करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्वकर्ता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्रशील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# दीपावली के कारण चुनाव प्रचार में पार्टिया घर घर जाकर झोंक रही है पूरी ताकत

पुरानी कहावत के अनुसार चुनाव जीतने के बाद पांच साल बाद नेता उस मोहल्ले में फिर से आता था। जहां से वे उस क्षेत्र से उम्मीदवार बन चुनाव जीतकर गया है। लेकिन यह अभी ट्रेंड बदला है। विकास के लिए देश में युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है। राजस्थान में चुनाव को लेकर प्रत्याशी एवं मतदाता गंभीर है। कांग्रेस के पांच साल के शासन काल की परिणति रही है कि कांग्रेस ने साढ़े चार तक अशोक गहलोत और सचिन पायलट एक दूसरे की नजर चुरा रहे थे। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे अध्यक्ष बनने के बाद सचिन को इशारों इशारों में समझाने के बाद सचिन ने हमेशा के लिए चुप्पी साध ली है। कांग्रेस के दिग्गज नेता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव में भुना रहे हैं। भाजपा के पास पेपरलीक और भ्रष्टाचार के मुद्दे हैं। दीपावली के पावन पर्व के कारण राजस्थान में घर घर जाकर प्रत्याशी प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस को उनकी योजनाओं पर एतबार है। मोदी ने कहा कि देश में गरीबी का कारण कांग्रेस जिम्मेदार है। भाजपा कांग्रेस को विफल बताते हुए कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की नीति अपनाती है। राजस्थान में बिगड़ती कानून व्यवस्था को भाजपा चुनावी हथियार की तरह उपयोग करने जा रही है। इस नवम्बर में चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा के पास दूसरे टर्म की आशा है तो कांग्रेस को हर मोर्चे पर विफल बता रही है। बिगड़ती कानून व्यवस्था महिला अपराध सांप्रदायिक तनाव जैसे मुद्दे कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकते हैं। कांग्रेस को कोई नहीं परास्त कर सकता है क्योंकि धरातल पर पटकने में कांग्रेस की नीतियां कारणभूत है और उनकी कार्यप्रणाली कांग्रेस की हार का कारण बनेगी। भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं का चुनाव प्रचार के लिए आना-जाना लगा ही रहता है। लेकिन स्टार प्रचारकों के बाद ही राजस्थान की चुनावी फिजा बदलेगी। क्योंकि उनके स्टार जिस दल का प्रचार करेंगे उसी दल को मतदाता वोट करेंगे।आगामी दो दिनों में राजस्थान की गणित बदलती हुई दिखाई देगी। जयपुर, जोधपुर और उदयपुर संभाग में स्टार प्रचारकों के दौरे कराए जाएंगे। कांग्रेस चिरंजीवी योजना, पुरानी पेंशन और मुफ्त बिजली पर विशेष ध्यान दे रही है। ये चुनावी मुद्दे के तौर पर देखे जा सकते हैं। कांग्रेस ने जिन कल्याणकारी योजनाओं को चुनावी मुद्दे बनाकर लोगों को लुभा रही है उसका कार्यकाल तीन-चार महीने पूर्व का ही है। इसमें लोगों को कितना फायदा मिला होगा? वृद्धावस्था पेंशन पर कांग्रेस का फोकस है। दरअसल, पहली बार युवा वोट करने जा रहे हैं। उनके मन में भी अनेक प्रश्न है और उन प्रश्नों के आधार पर ही चुनावी दल को वोट करेंगे। जिन बच्चों के जेहन में उनके जीवन को लाभान्वित करने वाले मुद्दे किसी भी दल के पास होंगे उसी दल को वोट करेंगे।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में एक आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में खुफिया आधारित सैन्य अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार देर रात कहा कि यह अभियान प्रांत के खैबर जिले के बारा इलाके में चलाया गया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि मारे गए आतंकवादी के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

# देश विदेश

### आईडीएफ के प्रवक्ता आरडीएमएल डैनियल हगारी ने दी जानकारी

# गजा में अस्पताल के नीचे हथियारों से भरा तहखाना मिला

**गजा,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा में रान्तिसी अस्पताल के नीचे भूमिगत बुनियादी ढांचे की खोज की है जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर हमास हथियार रखने और बंधकों को रखने के लिए करता था।

आईडीएफ के प्रवक्ता आरडीएमएल डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



हागारी ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया, मैं अभी गाजा से वापस आया हूं, जहां मैं रान्तिसी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के अंदर एक ऑपरेशन में शामिल हुआ। मैं एक वीडियो कैमरा के साथ अस्पताल गया और व्यक्तिगत रूप से अधिक ठोस सबूत दर्ज किए... कि हमास अस्पतालों को युद्ध के साधन के रूप में उपयोग करता है। अस्पताल के नीचे तहखाने में हमें मिला- एक हमास कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर, आत्मघाती बम जैकेट, हथगोले, एके-47 असॉल्ट राइफलें, विस्फोटक उपकरण, आरपीजी और अन्य हथियार, कंप्यूटर, पैसा... और हमें ऐसे संकेत भी मिले जो संकेत देते थे कि हमास के पास था यहां बंधक हैं। फिलिस्तीनी समूह हमास ने 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजराइल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। इज़राइल ने 27 अक्टूबर को हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को छुड़ाने के लिए गाजा पट्टी के अंदर बड़े पैमाने पर जमीनी घुसपैठ की।

## जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायली बमबारी में मारे गए 31 फिलिस्तीनी

**गजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर में कई घरों को निशाना बनाकर की गई इजरायली बमबारी में 31 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गाजा में हमास द्वारा संचालित सिविल डिफेंस ने एक बयान में कहा कि इजरायली विमानों ने जबालिया शरणार्थी शिविर में एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया, जिससे 12 घर पूरी तरह नष्ट हो गए और 31 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि बमबारी में कम से कम दस अन्य घायल हो गए। गाजा में सरकारी मीडिया कार्यालय ने पहले दिन में घोषणा की कि इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मरने वालों की संख्या बढ़कर 11,240 हो गई है, जबकि 28,000 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।



## अल अमल अस्पताल के बिजली जनरेटर ने काम करना बंद किया

**गजा।** गाजा पट्टी के अल अमल अस्पताल में एकमात्र बिजली जनरेटर ने ईंधन नहीं होने के कारण काम करना बंद कर दिया है, जिससे 90 मरीजों की जान खतरे में पड़ गई है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोसायटी ने एक्स पर लिखा आज, खान यूनिस में पीआरसीएस से संबद्ध अल-अमल अस्पताल में एकमात्र बिजली जनरेटर ने भी काम करना बंद कर दिया। इससे उपचाराधीन 90 मरीजों के जीवन खतरे में है, जिनमें चिकित्सा पुनर्वास अनुभाग के 25 मरीज भी शामिल हैं, जो अब किसी भी स्थिति में मौत का सामना कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 9,000 विस्थापितों ने पीआरसीएस परिसर और अस्पताल में शरण मांगी है। पीआरसीएस ने कहा कि अस्पताल वर्तमान में प्रसूति वार्ड में बिजली की आपूर्ति और आपातकालीन बिजली व्यवस्था के लिए एक छोटे जनरेटर का उपयोग कर रहा है, हालांकि, शेष ईंधन अगले 24 घंटों के भीतर खत्म होने की आशंका है। बयान में कहा गया है कि पीआरसीएस मुख्यालय और अल अमल अस्पताल दोनों बिजली आपूर्ति स्रोत के रूप में जनरेटर पर निर्भर थे। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया एवं पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण किया था।

## सुडोकू 6376


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6376




**बायें से दायें:-**

१. प्राचीन कालीन, प्राचीनकाल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों से निमा4णया अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिसे किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हटना पड़ा हो पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुनः प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२२. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ा कर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी पुल आदि का निचोड़, आनंद, मज़ा

### वर्ग पहेली-6375



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 15 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा। रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा। गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे।

वृषभ - आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन - आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके घर- परिवार में आनंद और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कर्क - आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आपके मन पर नकारात्मक विचार छाए रहने से हताशा अनुभव करेंगे। मन अस्वस्थ रहेगा। घर में मेल-जोल कम रहेगा। मां का स्वास्थ्य खराब होगा। उनके साथ वैचारिक मतभेद होगा।

कन्या - आज जल्दबाजी किए बिना सोच-समझ कर ही कोई काम करें। आज ढंग से प्रयास करेंगे, तो काम में सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगें, तो मनमुटाव हो सकता है। मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

वृश्चिक - आपको शारीरिक मानसिक आनंद की अनुभूति होगी। परिजनों और मित्रों के साथ स्वादिष्ट भोजन और यात्रा का आनंद लेंगे। मेल-जोल के अवसर भी बने रहेंगे। प्रियजनों के साथ के सम्बंध भी अधिक घनिष्ठ होंगे।

धनु - आज आपका दिन थोड़ा तकलीफ देने वाला रह सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। परिजनों के साथ मतभेद होगा। इस कारण कारण आपका मन उदास रह सकता है। स्वाभाविक उग्रता को अंकुश में रखें।

मकर - नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा। सगे- सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी। शुभ अवसरों पर उपस्थित हो सकेंगे।

कुंभ - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे हो सकेंगे। खुशी का अनुभव होगा। नौकरी या बिजनेस के क्षेत्र में समय अच्छा है और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - नकारात्मकता आप पर हावी न हो जाए, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक दुविधा के कारण आपको भय का अनुभव होगा। आपको स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बनी रहेंगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए 16 से 17 नवंबर तक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। गुरुवार को शुरू होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान रक्षा मंत्री क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। इंडोनेशिया इस वर्ष रक्षा मंत्रियों की बैठक एडीएमएम-प्लस की अध्यक्षता कर रहा है। श्री सिंह इस बैठक से इतर विभिन्न देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वह इस दौरान परस्पर फायदे के संबंधों को और सशक्त करने के लिए रक्षा सहयोग के मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। बैठक में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ , मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड तथा वियतनाम के रक्षा मंत्री हिस्सा ले रहे हैं।



## टिम स्कॉट राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर

**वॉशिंगटन,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सीनेटर टिम स्कॉट यह स्वीकार करते हुए बाहर हो गए हैं कि प्राथमिक चुनावों में श्री डोनाल्ड ट्रम्प आगे चल रहे हैं। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार श्री स्कॉट ने रविवार रात फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में घोषणा की कि वह अपनी उम्मीदवारी को निलंबित कर रहे हैं, जिससे डोनाल्ड ट्रम्प को पद से हटाने की कोशिश कर रहे अन्य दावेदारों को थोड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि मतदाता, जो ग्रह पर सबसे उल्लेखनीय लोग हैं, वास्तव में स्पष्ट हैं कि वे मुझसे कह रहे हैं अभी नहीं टिम। सीनेट में सेवारत एकमात्र अश्वेत रिपब्लिकन श्री स्कॉट ने अमेरिका के भविष्य के आशावादी दृष्टिकोण के साथ व्हाइट हाउस के लिए अपनी दावेदारी शुरू करने के छह महीने बाद यह घोषणा की। श्री स्कॉट ने मई में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए कहा था हम उस देश में रहते हैं जहां एक छोटे से अपार्टमेंट में एकल माता-पिता के घर में गरीबी में पले-बढ़े बच्चे के लिए एक दिन लोगों के घर और शायद व्हाइट हाउस में भी सेवा करना बिल्कुल संभव है। यह भगवान की हरी-भरी धरती पर सबसे महान देश है। श्री स्कॉट ने गत 07 अक्टूबर को हमास के हमलों पर प्रतिक्रिया के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन की भी आलोचना की और उन पर अनजाने में हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। इससे आक्रोश फैल गया और श्री बाइडेन की विदेश नीति के एजेंडे की आलोचना हुई। उन्होंने बाद में इजरायली हवाई हमलों में फिलिस्तीनियों के मारे जाने के बावजूद हमास के हमलों के जवाब में संयम के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की प्रशंसा की। श्री स्कॉट का अधिक गंभीर बयानबाजी में बदलाव के बावजूद, राष्ट्रीय प्राथमिक चुनावों में समर्थन कम रहा, जिससे उनके पास नामांकन के लिए कोई रास्ता नहीं बचा।



## शी चिनफिंग अमेरिका रवाना हुए

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग 14 नवंबर की शाम को एक विशेष विमान से पेइचिंग से रवाना हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर वे चीन-अमेरिका राष्ट्रपतियों की भेंट के लिए सैन फ्रांसिस्को जा रहे हैं। इसके साथ ही वे एपेक नेताओं की 30वीं अनौपचारिक बैठक में हिस्सा लेंगे।

## यूक्रेन को स्थायी समर्थन की जरुरत : स्टोल्टेनबर्ग

**कीव,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने मंगलवार को यूक्रेन को स्थायी समर्थन की जरुरत पर बल देते हुए उसके लिए सैन्य सहायता बढ़ाने का आह्वान किया। श्री स्टोल्टेनबर्ग ने ब्रूसेल्स में रक्षा मंत्रियों के साथ यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की परिषद की बैठक से पहले कहा मुझे उम्मीद है कि बैठक में हम यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा करेंगे, तीव्र लड़ाई जारी है, युद्ध के मैदान में स्थिति कठिन है और इससे यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन बनाए रखें और बढ़ाएं। नाटो महासचिव ने यह भी कहा कि रूस के साथ संभावित शांति वार्ता आयोजित करने के लिए स्वीकार्य शर्तों पर यूक्रेन खुद फैसला करेगा। फरवरी 2022 में रूस द्वारा देश में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के तुरंत बाद पश्चिमी सहयोगियों ने कीव को वित्तीय सहायता प्रदान करना और यूक्रेन में हथियार और गोला-बारूद भेजना शुरू कर दिया, जिसमें यूक्रेन के लिए वित्तीय, मानवीय और सैन्य सहायता के लिए आवंटित धन की राशि 150 अरब डॉलर से अधिक थी।



## सम्मेलन में भाग नहीं लेने पर रूस ने खेद जताया

### अर्मेनिया शिखर सम्मेलन

**मॉस्को।** रूस ने अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान के सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) शिखर सम्मेलन में शामिल न होने के फैसले पर खेद व्यक्त किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, श्री पशिन्यान ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको को सूचित किया कि वह 23 नवंबर को मिन्स्क में सीएसटीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। श्री पेसकोव ने संवाददाताओ से कहा, अगर सचमुच ऐसा है तो हम खेद व्यक्त कर सकते हैं; हम समझते हैं कि प्रत्येक शासनाध्यक्ष या राष्ट्रप्रमुख की कार्यसूची में उसके अपने कार्यक्रम, अपनी परिस्थितियां हो सकती हैं।

## जापानी प्रधानमंत्री आज से अमेरिका दौरे पर रहेंगे

**टोक्यो,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 15 से 19 नवंबर तक अमेरिका का दौरा करेंगे। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाज़ू मात्सुनो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा एपीईसी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 15-19 नवंबर तक सैन फ्रांसिस्को का दौरा करेंगे।

एपीईसी शिखर सम्मेलन में वह स्वतंत्र और खुले विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के अलावा, आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और जलवायु व्यापार और निवेश कार्रवाई को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा करेंगे। मात्सुनो ने कहा कि किशिदा यूक्रेन की स्थिति के संबंध में रूस पर जापान की स्थिति को स्पष्ट रूप से व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, जापानी प्रधान मंत्री इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सचिव ने कहा कि किशिदा के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में बोलने और गूगल और सेमीकंडक्टर निर्माताओं के प्रतिनिधियों से मिलने की भी उम्मीद है।

## आज का इतिहास

1830-समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।
1866-भारत की प्रथम महिला बैरिस्टर कार्नेलिया सोराबजी का जन्म हुआ।
1920-जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
1932-जर्मनी में मुद्रा स्फीर्ति की दर अत्यधिक उच्चतम स्तर पर जा पहुँची।
1947-विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया।
1949-महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोडसे और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फाँसी दी गई थी।
1955-पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे।
1961-संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई।
1982-सामाजिक कार्यकर्ता विनोबा भावे का निधन हुआ।
1986-प्रसिद्ध भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा का जन्म हुआ।
1989-पाकिस्तान के कराची में वकार यूनुस और सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।
1998-अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपना एशियाई देशों भारत एवं पाकिस्तान का दौरा रद्द किया।
2000-झारखंड भारत का 28वां राज्य बना।
2004-अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।

**परेशानी** यूके की नियोक्ता प्रायोजन योजना बन रही है कारण

# यूके में प्रवासी श्रमिकों का हो रहा शोषण : रिपोर्ट

**लंदन,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। ज्यादातर वर्क वीजा प्रायोजकों से जुड़े होने के कारण, यूके की पोस्ट-ब्रेक्सिट पॉइंट आधारित आव्रजन प्रणाली प्रवासी श्रमिकों की नौकरी बदलने की क्षमताओं को गंभीर रूप से सीमित कर देती है, जिससे नियोक्ताओं के पास ऐसी शक्ति आ जाती है, जो अनियंत्रित हो जाती है। वर्क राइट्स सेंटर की 'यूके में प्रवासी श्रमिक शोषण के व्यवस्थित चालक' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह कार्यालय की नियोक्ता प्रायोजन योजना में कई विफलताओं के कारण हजारों प्रवासी श्रमिकों को शोषण का खतरा है।

स्वास्थ्य और देखभाल वीजा और सीजनल वर्कर वीजा सहित प्रवासी श्रमिकों के साथ 39 मामलों के अध्ययन के आधार पर शोध में कहा गया है कि यूके की श्रम प्रवर्तन प्रणाली में मौजूद मुद्दों के कारण शोषण का खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, अस्पष्ट अधिकार वाली, कम संसाधनों वाली और स्व-विनियमन के लिए व्यवसायों पर निर्भर रहने वाली कई एजेंसियों के बीच विभाजित, श्रम प्रवर्तन प्रणाली प्रवासी श्रमिकों की पहचान करने, प्रतिक्रिया देने और उनके शोषण को रोकने के लिए अपर्याप्त है। वर्क राइट्स सेंटर के मुख्य कार्यकारी डोरा-ओलिविया विकोल ने गार्जियन को बताया, 'प्रवासी श्रमिकों के दृष्टिकोण से, प्रायोजन बंधुआ मजदूरी के समान है। यह नियोक्ताओं को प्रवासियों का शोषण करने की शक्ति देता है, यह जानते हुए कि उनके लिए छोड़ना बहुत कठिन होगा।' उन्होंने कहा, हमने कई दुखद मामले देखे हैं जहां लोग शोषण को स्वीकार करते हैं। एक भारतीय नर्स के मामले का हवाला देते हुए, गार्जियन ने बताया कि वह अपने देश में एक एजेंट को 20,000 पाउंड का भुगतान करने के बाद अपने साथी और छोटे बच्चे के साथ ब्रिटेन में फंसी हुई है। उसने उसके लिए यूके वर्क वीजा हासिल करने और देश में सुरक्षित रोजगार खोजने का वादा किया, लेकिन प्रायोजक नियोक्ता ने उसे बताया कि उसके लिए यहां कोई काम नहीं है। अपने परिवार के साथ निर्वासित होने से बचने के लिए, नर्स को अब 60 दिनों के भीतर एक अन्य प्रायोजक नियोक्ता ढूंढना होगा। रिपोर्ट में सरकार से वीजा के नियोक्ता-प्रायोजन को समाप्त करने और प्रवासियों को नियोक्ता बदलने की आजादी देने और एक एकल प्रवर्तन निकाय स्थापित करने का आह्वान किया गया, जहां श्रम शोषण की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट की जा सके। उन्होंने सरकार से एक स्वतंत्र प्रवासी आयुक्त स्थापित करने का भी आग्रह किया, जिसे लंबी अवधि में प्रवासी श्रमिकों के शोषण को रोकने के लिए एक प्रवासी श्रमिक कल्याण रणनीति का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा जाए।



■ प्रवासी श्रमिकों के साथ 39 मामलों का किया अध्ययन

## दुनिया को जानें

# 'पूर्ण स्टारशिप रॉकेट सिस्टम की परीक्षण उड़ान 17 को'

**वाशिंगटन,** 14 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में पूर्ण स्टारशिप रॉकेट प्रणाली की दूसरी परीक्षण उड़ान आयोजित करने के लिए 17 नवम्बर को संघीय मंजूरी समय पर दी जा सकती है। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने यह जानकारी दी है। श्री मस्क ने सोमवार देर रात कहा, अभी सूचित किया गया है कि प्रक्षेपण की मंजूरी शुक्रवार के प्रक्षेपण के समय पर मिलनी चाहिए। स्टारशिप रॉकेट प्रणाली राज्य के दक्षिणी सिरे पर दक्षिण पाद्रे द्वीप के पास स्थित स्टारबेस, टेक्सास से प्रक्षेपित होगी। पूर्ण स्टारशिप रॉकेट प्रणाली का पहला प्रक्षेपण 20 अप्रैल को हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट बन गया। परीक्षण उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यान को जानबूझकर समाप्त कर दिया गया था क्योंकि कई इंजनों के विफल होने पर इसकी ऊंचाई कम होने लगी थी। अंतरिक्ष यान मेक्सिको की खाड़ी के ऊपर लगभग 39 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया, जो कार्यक्रम के इतिहास में आज तक किसी भी स्टारशिप अंतरिक्ष यान तक पहुंचने वाला उच्चतम बिंदु है।

# खेल जगत

## एचएस प्रणॉय कुमामोटो मास्टर्स जापान टूर्नामेंट में कोर्ट पर करेंगे वापसी

कुमामोटो, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणॉय, चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन आज से शुरु हो से कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। एचएस प्रणॉय मंगलवार से शुरू हो रहे बैडमिंटन टूर्नामेंट में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। बैडमिंटन रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल भारत के प्रणॉय एकमात्र पुरुष एकल खिलाड़ी हैं। उन्हें पीठ की चोट के कारण डेनमार्क और फ्रेंच ओपन से बाहर होना पड़ा था।



# 2019 सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला लेने उतरेगा भारत

- भारत के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ लीग मैच की जीत को दोहरा फाइनल में पहुंचने का सुनहरा मौका
- भारत की निगाहें लगातार दसवीं जीत के साथ फाइनल में स्थान बनाने पर
- खिताब से महज दो कदम दूर पूरी तरह चौकस है भारत

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 14 नवंबर (देशबन्धु)। विजयरथ पर सवार अजेय भारत के पास आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में लीग मैच की जीत को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोहरा कर 12 बरस के बाद फिर फाइनल में पहुंचने का सुनहरा मौका है। भारत की निगाहें अब न्यूजीलैंड से बुधवार को सेमीफाइनल भी जीत उससे पिछले 2019 के संस्करण में सेमीफाइनल की हार का हिसाब चुकता पर परफेक्ट 10 यानी यानी लगातार दसवीं जीत के साथ फाइनल में स्थान बनाने पर लगी है। बेशक नॉकआउट पर वन डे विश्व कप में भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड बेहद कमजोर रहा है लेकिन अपने लगातार नौ मैच जीतने वाली भारतीय टीम जिस लय में है उससे न्यूजीलैंड से इस बार उसके विजयरथ रोकने की उम्मीद कम है। भारतीय वन डे विश्व कप खिताब जीतने से मात्र दो कदम दूर है और वह जानती है कि जरा सी ढील उसकी पूरी मेहनत पर पानी फेर हीरो से जीरो बना सकती है और वह इसीलिए इस बार पूरी तरह चौकस है। भारत की ताकत उसकी बल्लेबाजी तो मजबूत के साथ रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की प्रतिद्वंद्वी टीमों को पस्त करने वाली त्रिमूर्ति है। भारत ने मोहम्मद शमी के %पंजे' से श्रीलंका को वानखेड़े स्टेडियम में 302 रन से कड़ी शिकस्त दी थी और यह उसके कप्तान रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव और मुंबई इंडियंस से खेलने वाले जसप्रीत बुमराह का यह घरेलू मैदान है और इसके मिजाज से पूरे वाकिफ है और इसका मेजबान टीम को पूरी तरह लाभ मिलेगा। जोश और होश का संगम मौजूदा संस्करण में दो शतकों और पांच अर्द्धशतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे चेज मास्टर विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा के शुरू से दे दना, दे दना के अपने नए अवतार सहित अपने मजबूत शीर्ष और मध्यक्रम के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अपने सभी नौ लीग मैच जीत कर ऐसा डंका बजाया कि हर प्रतिद्वंद्वी टीम उसके सामने पूरी तरह पस्त नजर आई है। विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में शतक जड़ वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में दुनिया में सबसे ज्यादा 49 शतक जड़ने के सचिन तेंडुलकर की रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या विराट कोहली अपने अपने आदर्श सचिन के घरेलू मैदान पर उनके रिकॉर्ड को तोड़ क्या शतकों के %अर्द्धशतक' के साथ भारत को जीत दिला न्यूजीलैंड से पिछले संस्करण की सेमीफाइनल की हार का हिसाब चुका उसे बुधवार को फाइनल में पहुंचाएंगे। भारत ने न्यूजीलैंड को लीग मैच में हराकर मौजूदा संस्करण में पांचवीं जीत उसकी लगातार चार जीत का सिलसिला तोड़ा। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आठवीं बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। भारत 2019 में पिछले संस्करण में नौ मैचों सात जीत, एक हार, एक मैच बेनतीजा रहने के साथ 15 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा था लेकिन तब वह चौथी स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल में 18 रन से हार कर बाहर हो गया था। भारत रोहित शर्मा के शतक के बावजूद पिछले संस्करण में लीग में अकेला मैच मेजबान इंग्लैंड से 31 रन से हारा था। भारत मौजूदा संस्करण में लीग में सभी मैच कुल 18 अंकों के साथ जीत शीर्ष पर रह कर और न्यूजीलैंड नौ में से पांच जीत और चार हार के साथ चौथे स्थान पर रह अंतिम चार में पहुंचा है। भारत को अपने ही घर में अपने समर्थन में स्टेडियम में मौजूद रहने वाले %अथाह नीले जनसागर' की मौजूदगी में मौजूदा संस्करण में फिर किवियो के %पर' कतर उन्हें उड़ान भरने से रोकने के लिए आत्ममुग्धता और जरा सी शिथिलता से बचना होगा। भारत के पास न्यूजीलैंड से 2019 के संस्करण के सेमीफाइनल की हार का हिसाब चुका उसकी चुनौती समाप्त कर खुद फाइनल में स्थान बना तीसरी बार विश्व कप खिताब की दावेदारी बनाए रखने का मौका है। 2019 के संस्करण में मात्र 19 गेंदों में पांच रन के भीतर रोहित शर्मा(1),केएल राहुल(1) और विराट कोहली (1) सहित पांच रन में शुरू के तीन विकेट निकालने वाले मैट हेनरी चोट के कारण बाहर है और उनका उपलब्ध न होना न्यूजीलैंड को जरूर बुरी तरह अखरेगा। भारत बुधवार को न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल में जीता तो वह उसके खिलाफ वन डे विश्व कप के पांच पांच जीत की बराबरी कर लेगा। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा संस्करण में यदि सभी कैच लपके होते तो उसकी जीत कहीं और बड़ी होती। भारत को इससे सबक लेकर फील्डिंग और चुस्त करनी होगी अन्यथा हाथ में जीत रेत की तरह उसी हाथ से फिसल सकती है जिस तरह अफगानिस्तान के हाथों से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फिसल गई। बेशक ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने जीवट दिखाया लेकिन उनके दोहरे शतक में किस्मत का भी उन्हें छूटे कैचों के चलते मिला।



### घर में भारत भारी पड़ा है न्यूजीलैंड पर

वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में दोनों टीमें अब तक 10 बार आमने सामने हुई हैं भारत इनमें मौजदा संस्करण में चेज मास्टर विराट कोहली के बेहतरीन 95 रन और मोहम्मद शमी के पंजे से धर्मशाला में पिछले मैच सहित कुछ चार बार जीता। भारत के लिए उत्साहवर्द्धक बात यह है कि उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ चार में से तीन जीत अपने घर में हासिल हैं इनमें से दो 1987 के रिलायंस विश्व कप में हासिल की वह उसमें एक लिटिल मास्टर सुनील गावसकर के वन डे क्रिकेट के एकमात्र शतक की बदौलत हासिल की है और विदेशी धरती पर सेंचुरियन में जहीर खान के गेंद से %चौके' और मोहम्मद कैफ और अब के टीम के चीफ कोच राहुल द्रविड़ के अर्द्धशतकों की बदौलत हासिल की थी। न्यूजीलैंड ने भारत को अब तक पांच बार शिकस्त दी और एक बार मैच बेनतीजा अधूरा रहा। भारत ने धर्मशाला में मौजूदा संस्करण में चार विकेट से जीत से न्यूजीलैंड से 2019 के संस्करण की 18 रन का हिसाब चुका दिया है। भारत इस साल के शुरू में न्यूजीलैंड से तीन वन डे मैचों सीरीज में 3-0 से सफाया कर जीती इसमें हैदराबाद में पहले मैच में शुभमन गिल ने दोहरा शतक जड़ा था जबकि तीसरे में उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़े थे।

# कमिंस ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप्तान बने रहने को तैयार, उनकी नजरें आईपीएल में वापसी पर

**कोलकाता,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। पैट कमिंस ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के बाद ऑस्ट्रेलिया के एकदिवसीय कप्तान के रूप में बने रहने की इच्छा व्यक्त की है, जबकि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) की नीलामी में प्रवेश करने का भी इरादा है क्योंकि उनकी नजर अगले साल की नीलामी पर है। वह अगले साल टी20 वर्ल्ड कप में खेलना चाहते हैं।

2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप की खराब शुरुआत के बाद टीम को लगातार सात जीत दिलाने से आस्ट्रेलियाई टीम अपने छठे पुरुष एकदिवसीय खिताब के लिए तैयार हो गई है। इस क्रम ने उनके लिए उस भूमिका में बने रहने के तर्क को भी मजबूत किया है, जिसे उन्होंने पिछले साल आरोन फिंच के संन्यास लेने के फैसले के बाद ग्रहण किया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस टूर्नामेंट के बाद वनडे कप्तान बने रह सकते हैं, कमिंस ने अपना कार्यकाल बढ़ाने में संभावित रुचि व्यक्त की, लेकिन स्वीकार किया कि कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और चयन प्रमुख जॉर्ज बेली का फैसला अंतिम होगा।



क्रिकेट.कॉम.एयू ने कमिंस के हवाले से कहा, हम काफी खुले हैं, मैं, एंड्रयू और जॉर्ज, साल में अलग-अलग समय पर आपकी अलग-अलग प्राथमिकताएं होंगी। यह एक तरह का एक साल है जहां तीन या चार बड़े ऑफ-सीजन कार्यक्रम होते हैं। यहां के बाद कुछ समय के लिए ध्यान वापस टेस्ट क्रिकेट पर केंद्रित हो जाता है। शायद जैसा कि हमने अतीत में किया है, कभी-कभी सफेद गेंद वाले क्रिकेट को (प्राथमिकता के रूप में) स्थानांतरित करना होगा, इसलिए हम पूरी तरह से टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कोई अंतिम तिथि नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि वास्तव में व्यस्त वर्ष में मुझे अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है और मेरी देखभाल की गई है, जहां आप वास्तव में कोई भी क्रिकेट नहीं छोड़ना चाहते हैं। कमिंस ने आईपीएल में खेलकर यह दिखाने की इच्छा भी व्यक्त की कि वह अगले साल के टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ टीम में बने रहेंगे, इस पर भी विचार किया जाएगा। कमिंस ने इस साल की शुरुआत में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपने 1.34 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के आईपीएल अनुबंध को 2023 के कार्यक्रम का हवाला देते हुए वापस ले लिया, जिसमें भारत का टेस्ट दौरा, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल, एशेज और अब एक वनडे विश्व कप शामिल है।

# विलियमसन 2019 की तुलना में अधिक जोखिम लेने को तैयार : गावस्कर

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने केन विलियमसन की चोट से वापसी पर भरोसा जताया और कहा कि न्यूजीलैंड के कप्तान पुरुष वनडे विश्व कप 2023 जीतने के लिए 2019 की तुलना में अधिक जोखिम लेने को तैयार हैं।



आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के शुरू होने से पहले, विलियमसन ने घुटने की गंभीर चोट के कारण लगभग सात महीने किनारे पर बिताए। उन्होंने 2023 विश्व कप लीग चरण मैच में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड की आठ विकेट की व्यापक जीत में वापसी करते हुए नाबाद 78 रन बनाए।

हालाँकि, बांग्लादेश पर जीत में अपना अंगूठा टूटने के कारण वह चार मैचों में नहीं खेल पाए और आखिरी दो लीग मैचों में एक्शन में लौट आए। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, गावस्कर ने बताया कि केन विलियमसन चोट से कैसे वापस आए हैं और वह बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेलने की योजना कैसे बनाएंगे।

आईसीसी टूर्नामेंटों में बॉल-बॉल मैचों में न्यूजीलैंड का भारत के खिलाफ काफी मजबूत रिकॉर्ड है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 14 बार मुकाबला हुआ है, जिनमें से ब्लैक कैप्स ने नौ में जीत हासिल की है, जबकि भारत ने चार में जीत हासिल की है, जबकि एक बार कोई नतीजा नहीं निकला। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह एक बड़े ब्रेक के बाद आया है और उसने रन बनाए हैं। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इससे कोई खास फर्क पड़ने वाला है। वह टर्न को कम करने के लिए अपने पैरों का बहुत अच्छी तरह से उपयोग करता है यदि आवश्यकता होती है; तो वह क्रीज का भी उपयोग करता है। इसलिए, वह एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। गावस्कर ने विलियमसन के कुशल फुटवर्क और रणनीतिक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने कुलदीप यादव का चतुराई से सामना करने सहित चुनौतियों से निपटने की उनकी क्षमता की भविष्यवाणी की।

मुझे नहीं लगता कि वह कुलदीप को खेलने के बारे में चिंतित होंगे; उन्हें पता होगा कि उनसे कैसे निपटना है। यदि आवश्यक हो, तो आप उन्हें बाउंड्रीज के लिए नहीं मारना चाहते हैं; यदि आवश्यक हो तो बस छह सिंगल्स के लिए काम करें। फिर, छह रन प्रति ओवर किसी भी मानक से एक अच्छा स्कोरिंग रेट है, इसलिए वह ऐसा करने की कोशिश करेगा। जब बाउंड्री बॉल आती है, तो वह बाउंड्री बॉल को हिट करेगा, इसलिए हमने अधिक जोखिम लेने की उसकी इच्छा देखी है। हमने शायद 2019 में केन विलियमसन का वह पक्ष नहीं देखा है, लेकिन यहां, हमने उन्हें हवाई मार्ग अपनाते हुए देखा है। वह दूसरे दिन 100 के स्कोर पर आउट हो गए; वह 95 पर आउट हो गए, लेकिन ऐसा इसलिए है क्योंकि वह उन्होंने हवाई मार्ग अपनाया था और वह संभवत: कुलदीप यादव के खिलाफ भी ऐसा करने की कोशिश करेंगे।

# भारत की बल्लेबाजी व न्यूजीलैंड की गेंदबाजी देखने लायक लड़ाई होगी : इलियट

**मुंबई,** 14 नवंबर (एजेंसियां) ग्रांट इलियट एक-दो बातें जानते हैं कि सेमीफाइनल की दबाव की स्थिति में आगे बढ़ना कैसा लगता है। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में डेल स्टेन की गेंद पर लगाए गए छक्के के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है, जिससे ब्लैककैप्स को एक रोमांचक सेमीफाइनल में जीत मिली और उसका 2015 विश्व कप फाइनल में प्रवेश हुआ।

बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में 2023 विश्व कप सेमीफाइनल में मेजबान भारत के खिलाफ खेलने के लिए तैयार न्यूजीलैंड से पहले, इलियट का मानना है कि मेजबान टीम की बल्लेबाजी लाइन-अप और न्यूज़ीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बीच मुकाबला देखने लायक होगा। इलियट ने आईएएनएस के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि यह मैच भारत की बल्लेबाजी बनाम न्यूजीलैंड की गेंदबाजी के बारे में है। क्या न्यूजीलैंड के गेंदबाज सही संयोजन बनाने और शुरुआती विकेट लेकर भारत को दबाव में लाने का कोई तरीका खोज सकते हैं?



भारतीय बल्लेबाज बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, पहले दस ओवरों में कप्तान रोहित शर्मा की तेज शुरुआत से लेकर, इसके बाद शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने जब भी मौका मिला, बड़े रन बनाए हैं। दूसरी ओर, कई चोटों और फॉर्म की चिंताओं के बावजूद, न्यूजीलैंड के गेंदबाज हमेशा उस समय अच्छा प्रदर्शन करने का दम रखते हैं जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता है। न्यूजीलैंड के लिए यह एक दिलचस्प टूर्नामेंट रहा है, जिसने अपने पहले चार मैच जीते, लेकिन अगले चार मैच हार गए और बेंगलुरु में श्रीलंका पर पांच विकेट की जीत के साथ अपनी योग्यता पक्की कर ली। इलियट ने कहा, न्यूजीलैंड ने कुछ अद्भुत क्रिकेट खेला है। दक्षिण अफ्रीकी और पाकिस्तान मुकाबलों को हटा दें तो, वे जो मैच हारे हैं वे करीबी मुकाबले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 388 रन के लक्ष्य का लगभग पीछा करना और भारत के 6 विकेट गिरा देना और 48वें ओवर में हारना आशाजनक परिणाम रहे हैं।

श्रीलंका के खिलाफ, लॉकी फर्ग्यूसन ट्रेंट बोल्ट और डेवोन कॉन्वे ने अपने सर्वश्रेष्ठ स्वरूप में वापस आने के संकेत दिए। लेकिन इलियट को लगता है कि लीग मैचों में दिखाए गए फॉर्म का बुधवार के बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा।

मुझे नहीं लगता कि यह नॉकआउट मैचों में मायने रखता है। हालाँकि यह वरिष्ठ खिलाड़ियों पर निर्भर है कि वे आगे बढ़कर नेतृत्व करें और वास्तव में यही हुआ है। न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी से काफी आत्मविश्वास हासिल कर सकता है। बहुत सारे मैच विजेता हैं और सभी खिलाड़ी अच्छे फॉर्म में दिख रहे हैं। मैच में ऐसे क्षण होंगे, 50/50 मौके जो छूट जाएंगे या छीन लिए जाएंगे। नॉकआउट क्रिकेट दबाव में प्रतिभा और शांति का समय है। जो टीम दबाव झेलेगी और खुद को अभिव्यक्त करेगी वह शीर्ष पर आएगी। विश्व कप के हालिया इतिहास में, न्यूजीलैंड ने लगातार नॉकआउट में जगह बनाई है और यहां तक कि खिताबी मुकाबले में भी प्रवेश किया है। जब भी बड़ा मंच आता है, वे हमेशा अपना वजन बढ़ाते हैं और प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के दावेदार के रूप में उभरते हैं, हालांकि वनडे विश्व कप अभी उनके हाथ में आना बाकी है। ब्लैककैप के नॉकआउट में मजबूत होने के पीछे के रहस्य पर इलियट कहते हैं, मैं वास्तव में विश्वास करता हूं कि न्यूजीलैंड एक इकाई है। हर कोई अपने अहंकार को दरवाजे पर छोड़ देता है और व्यक्तिगत गौरव के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए खेलता है। यह टीम लोकाचार और अपेक्षा ही है जो न्यूजीलैंड को उच्च प्रदर्शन करने और बड़े मैचों में सामना करने में मदद करती है। न्यूजीलैंड के लिए, रचिन रवींद्र प्रतियोगिता में ब्रेकआउट सितारों में से एक रहे हैं। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में, उन्होंने नौ मैचों में 70.62 के औसत और 108.44 के स्ट्राइक-रेट से 565 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से पांच विकेट भी लिए हैं। इलियट ने स्वीकार किया कि इस विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड की शुरुआती एकादश में रवींद्र के होने की कोई उम्मीद नहीं थी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए, उन्होंने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके प्लेयर ऑफ द मैच बनने की भविष्यवाणी की है।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 9 | 0 | 0 | 18 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 9 | 3 | 6 | 0 | 6 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |

## सार संक्षेप

### चिराग-सात्विक पहले दौर में हारे

**कुमामोटो (जापान)।** एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मंगलवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 पुरुष युगल बैडमिंटन स्पर्धा के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के 32वें राउंड में दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी चीनी ताइपे की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी लू चिंग याओ और यांग पो हान से 63 मिनट में 21-16, 18-21, 16-21 से हार गई। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती आदान-प्रदान के बाद 0-3 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसे 3-3 कर दिया और अंतराल तक चार अंकों से आगे रहे। लू चिंग याओ और यांग पो हान ने घाटे को एक अंक से घटाकर 17-16 कर दिया लेकिन भारतीयों ने लगातार चार अंकों के साथ पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे का मुकाबला साबित हुआ। हालाँकि, ताइपे की जोड़ी ने 9-6 पर तीन अंकों की बढ़त बना ली और चिराग सात्विक के फाइटबैक से बचकर गेम अपने नाम कर लिया, जिससे निर्णायक गेम खेलना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में दोनों जोड़ियों ने लंबी रैलियां खेलीं। स्कोर 10-10 से बराबर था लेकिन ताइपे की जोड़ी ने भारतीयों पर कुछ बॉडी स्मैश लगाए, जिन्होंने कुछ अप्रत्याशित गलतियां कीं जिससे ताइपे की जोड़ी ने आसानी से मैच अपने नाम कर लिया।

### भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में लॉरेन चीटल की वापसी

**मेलबर्न।** बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल को चार साल से अधिक समय में पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के बहु-प्रारूप दौरे के लिए 16 खिलाड़ियों वाली महिला टीम की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया क्रिसमस और नए साल की अवधि के दौरान मुंबई में दो स्थानों पर बहु-प्रारूप श्रृंखला में भारत के खिलाफ एक टेस्ट, तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगा।

# उत्तम जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत के कप्तान, हंदल उपकप्तान

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। तेज तर्रार अनुभवी स्ट्राइकर उत्तम सिंह क्वालालंपुर(मलयेशिया) में 5 से 16 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत की 18 सदस्यीय टीम के कप्तान होंगे जबकि ऑलराउंडर अरिजित सिंह हंदल टीम के उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया द्वारा घोषित 18 सदस्यीय जूनियर भारतीय टीम में कप्तान स्ट्राइकर उत्तम सिंह, उपकप्तान अरिजित सिंह हंदल, सुदीप चिरिमाको व बॉबी सिंह धामी, मिडफील्डर विष्णुकांत सिंह, फुलबैक सुनील जोजो और शारदानंद तिवारी सहित सात खिलाड़ी लगातार दूसरी बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत की नुमाइंदगी करेंगे। भारत 2021 में भुवनेश्वर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में फ्रांस से हराकर चौथे स्थान पर रहा था,

भारत की जूनियर टीम इस बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पूल सी में कनाडा, दक्षिण कोरिया और स्पेन के साथ है। भारत की जूनियर टीम अपने अभियान का आगाज 5 दिसंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से करेगी और 7 दिसंबर को स्पेन तथा 9 दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगी।



- उत्तम व हंदल सहित पिछले विश्व कप में खेलने वाले 7 खिलाड़ी टीम में

### वैश्विक मंच पर कौशल दिखाने का मौका : सीआर कुमार

कोच सीआर कुमार ने जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम की बाबत कहा, %मौजूदा एशियन चैंपियन के रूप में हमारे पास अब जूनियर हॉकी विश्व कप में वैश्विक मंच पर अपना कौशल दिखाने का मौका है। इसे लेकर हमारी जूनियर टीम रोमांचित है। हमारा जूनियर पुरुष हॉकी टीम का पिछले जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामे2ट में रिकॉर्ड सकारात्मक रहा है और इनमें मिले सकारात्मक नतीजों से हमारे खिलाडियों में अपनी उच्च स्तर पर अपनी क्षमताओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। इस बार हमारी टीम खासी मजबूत है और इससे जूनियर विश्व कप को लेकर हमारी सोच खासी बदली है। साथ ही हम 2016 में लखनउ में भारतीय टीम से जूनियर विश्व कप जीतने से प्रेरणा लेकर उम्मीदों पर खरा उतरने को बेताब है।

### भारत की जूनियर विश्व कप के लिए टीम

**गोलरक्षक** : मोहित एच.एस, रणविजय सिंह।

**रक्षापंक्ति** : शारदानंद तिवारी, अमनदीप लाकरा, रोहित , सुनील जोजो, आमिर अली।

**मध्यपंक्ति :** विष्णुकांत सिंह, पुवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, आदित्य सिंह।

**अग्रिम पंक्ति** : उत्तम सिंह(कप्तान), ,आदित्य लालगे, अरिजित सिंह हंदल(उपकप्तान), सौरभ आनंद कुशवाहा, सुदीप चिरिमाको, बॉबी सिंह धामी।

**वैकल्पिक खिलाड़ी :** सुखविंदर व सुनीत लाकरा।

# इयान हीली ने खराब फॉर्म से जूझ रहे मिच स्टार्क की आलोचना की

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान हीली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के आगामी सेमीफाइनल से पहले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में खराब प्रदर्शन के लिए मिशेल स्टार्क की कड़ी आलोचना की है। विश्व स्तर पर शीर्ष सफेद गेंद गेंदबाजों में से एक माने जाने के बावजूद, स्टार्क ने भारत में आयोजित टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में काफी खराब प्रदर्शन किया है। 8 मैचों में 10 विकेट लेने वाले स्टार्क ने शुरुआती पावरप्ले ओवरों में संघर्ष किया है और 34.75 की औसत से सिर्फ चार विकेट लिए हैं। इसने हीली को यह सवाल करने के लिए प्रेरित किया है कि क्या स्टार्क अभी भी 2015 और 2019 विश्व कप संस्करणों के दौरान स्ट्राइक गेंदबाज के रूप में एक शक्तिशाली ताकत हैं। हीली ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट पर कहा, अगर हमने पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के एक या दो विकेट नहीं गिराए, तो लक्ष्य का पीछा करना बड़ा लक्ष्य होगा। क्या स्टार्क अभी भी एक शक्तिशाली ताकत है?। वह इस टूर्नामेंट में बिल्कुल भी प्रभावशाली नहीं रहा है। आठ मैचों में 10 विकेट लेना बुरा नहीं है, लेकिन वह ये विकेट कहां ले रहा है? वह तब तक बिल्कुल भी प्रभावशाली नहीं होगा जब तक कि वह इसे सही तरीके से नहीं कर लेता है और स्टंप्स पर अपने से कहीं बेहतर प्रदर्शन नहीं कर लेता है। स्टार्क बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के अंतिम लीग चरण मैच से अनुपस्थित थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि उनकी अनुपस्थिति आराम के कारण नहीं है बल्कि उन्हें टीम से बाहर किया गया है। हीली का मानना था कि स्टार्क को यह सुनिश्चित करने के लिए आराम दिया गया था कि वह प्रोटियाज़ के खिलाफ आगामी मुकाबले के लिए सर्वोत्तम स्थिति में रहें।

### सुडोकू 6376 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।




# थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। देश में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति इस वर्ष अक्टूबर में शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रही है। सितंबर में यह शून्य से 0.26 प्रतिशत नीचे थी।

पिछले वर्ष अक्टूबर में थोक मुद्रास्फीति 8.67 प्रतिशत थी। थोक मुद्रास्फीति सात महीने से शून्य से नीचे है पर नवंबर में इसके फिर शून्य से हल्का ऊपर आने की संभावना है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंगलवार की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''अक्टूबर 2023 में मुद्रास्फीति की शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रही। पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में रसायनों और रासायनिक उत्पादों, बिजली, कपड़ा, बुनियादी धातुओं, खाद्य उत्पादों, कागज और कागज उत्पादों आदि की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।'' अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं के वर्ग में थोक मुद्रास्फीति घटकर 2.53 प्रतिशत पर आ गई।




सितंबर में यह 3.35 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति इस बार अक्टूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि इससे पिछले महीने (सितंबर,23) में यह 5.02 प्रतिशत थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार ईंधन और बिजली वर्ग की मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से 2.47 प्रतिशत नीचे रही, जो सितंबर में शून्य से 3.35 प्रतिशत नीचे थी। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति सितंबर में शून्य से 1.34 प्रतिशत नीचे की तुलना में अक्टूबर में शून्य से 1.13 प्रतिशत नीचे रही। रेटिंग एजेंसी इकरा की अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वैश्विक बाजार में तेल और जिंसों की कीमतों में नरमी दिख रही है लेकिन देश के अंदर खाद्य कीमतों का ऊचे दबाव और तुलनात्मक आधार के प्रभाव के चलते नवंबर 2023 की थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति शून्य से 0.1 प्रतिशत ऊपर रह सकती है जो पिछले साल नवंबर में 6.1 प्रतिशत थी।

# रेलवे ने माल ढुलाई में रचा कीर्तिमान, कमाए एक लाख करोड़

- सर्वाधिक आय कोयला परिवहन से हुई है जिसमें 50,937 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ
- अनारक्षित यात्री किराये में 11 हजार 326 करोड़ रूपये का राजस्व



**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (देशबन्धु) रेलवे ने माल परिवहन में आय का कीर्तिमान रचते हुए चालू वित्त वर्ष में अब तक एक लाख करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया है जो पिछले वर्ष प्राप्त आमदनी 95 हजार करोड़ रूपये से चार प्रतिशत अधिक है।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक इस वर्ष रेलों के जरिए 940 मिलीयन टन माल लदान किया गया है जबकि पिछले वर्ष 907 मिलीयन टन माल लदान हुआ था। सूत्रों के अनुसार रेलवे का कुल राजस्व (मालभाड़ा एवं यात्री किराया मिला कर) डेढ़ लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। अनारक्षित यात्री किराये में 11 हजार 326 करोड़ रूपये का राजस्व हासिल हुआ है।

उन्होंने बताया कि सर्वाधिक आय कोयला परिवहन से हुई है जिसमें 50,937 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। अन्य माल परिवहन में लौह अयस्क से 10,951 , सीमेंट और धातु से 8415 , लोहा और स्टील से 6263 , रासायनिक खाद से 4570 , पेट्रोलियम पदार्थ और गैस से 4120 , कंटेनर से 3716 तथा अन्य वस्तुओं से 5477 करोड़ रूपयों की आय हुई है।

## डाबर ने लॉन्च किया 'ओडोनिल एक्जोटिक रूम स्प्रे'

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में कन्ज्यूमर प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने 'ओडोनिल एक्ज़ोटिक रूम स्प्रे' के लॉन्च के साथ अपने ओडोनिल पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह अनूठा वॉटर-बेस्ड एरोसोल-स्प्रे लॉन्ग-लास्टिंग फ्रैगरेन्स देता है। कंपनी के होम केयर के विपणन प्रमुख सनथ रविन्द्रन पुलिक्ल ने कहा हमने ओडोनिल रूम स्प्रे के लॉन्च के साथ अपने ओडोनिल पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। ये स्प्रे एल्कोहल से रहित हैं और भारत के बाहर उगने वाले प्राकृतिक फूलों जैसे लैटिन अमेरिका के सेंसुअल डेहलिया और जापान के सकूरा- की सुगंध का बेहतरीन अहसास देते हैं। 'ओडोनिल एक्ज़ोटिक रूम स्प्रे' रेंज के साथ हम नए स्प्रे फोर्मेट में भारतीय उपभोक्ताओं के लिए फ्रैगरेन्स का नया अनुभव लेकर आए हैं।

उन्होंने कहा कि इसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमज़ॉन इंडिया पर लॉन्च किया गया है। यह प्रोडक्ट जल्द ही अन्य सेल्स चैनलों पर भी उपलब्ध होगा। नया ओडोनिल रूम स्प्रे आकर्षक स्प्रे-बोतल शेप में आता है। यह दुर्गंध को दूर कर घण्टों तक कमरे को महकाए रखता है। यह प्रोडक्ट प्रीमियम फ्रैगरेन्स पसंद करने वाले उपभोक्ताओं को खूब लुभाएगा, इसे अपनाकर वे अपने घर को हमेशा तरोताज़ा रख सकेंगे।

## विदेशी कारोबार चीन से निकाल रहे पैसा : रिपोर्ट

**सिंगापुर,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी कारोबार तेजी से चीन से पैसा निकाल रहे हैं और वहां निवेश कम कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए यह कहा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की धीमी होती अर्थव्यवस्था, कम ब्याज दरें और अमेरिका के साथ भू-राजनीतिक खींचतान ने इसकी आर्थिक क्षमता पर संदेह पैदा कर दिया है।

इस सप्ताह सभी की नजर चीन और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच होने वाली अहम बैठक पर होगी।

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) के निक मैरो ने कहा, भूराजनीतिक जोखिम, घरेलू नीति में अनिश्चितता और धीमी वृद्धि के बारे में चिंताएं कंपनियों को वैकल्पिक बाजारों के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर रही हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार,



चीन ने सितंबर के अंत तक तीन महीनों में विदेशी निवेश में 11.8 बिलियन डॉलर की कमी दर्ज की। 1998 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। इससे पता चलता है कि विदेशी कंपनियां अपना मुनाफा चीन में दोबारा निवेश नहीं कर रही हैं, बल्कि वे पैसा देश से बाहर ले जा रही हैं।

स्विस औद्योगिक मशीनरी निर्माता ऑरलिकॉन के एक प्रवक्ता का कहना है, चीन इस समय धीमी वृद्धि का सामना कर रहा है और इसमें कुछ सुधार करने की जरूरत है।

प्रवक्ता कहते हैं, 2022 में, हम पहली कंपनी थे जिसने कहा था कि चीन में आर्थिक मंदी का असर हमारे कारोबार पर पड़ेगा। परिणामस्वरूप, हमने इन प्रभावों को कम करने के लिए उपायों को लागू करना शुरू कर दिया। कंपनी के लिए चीन एक प्रमुख बाजार बना हुआ है। देश भर में इसके करीब 2,000 कर्मचारी हैं, जो इसकी बिक्री का एक तिहाई से अधिक हिस्सा है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑरलिकॉन ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में चीनी अर्थव्यवस्था में अभी भी लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है।

कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से, ऑरलिकॉन जैसे व्यवसायों ने दुनिया के सबसे बड़े बाजार में परिचालन की चुनौतियों का सामना किया है।

# अमेजन ने अपने गेमिंग डिवीजन में 180 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की

**सैन फ्रांसिस्को,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। अमेजन अपने गेम डिवीजन में 180 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। कंपनी ने अपने क्राउन चैनल को बंद कर दिया है जो ट्विच पर स्ट्रीम होता है। कंपनी ने गेम ग्रोथ को बंद कर दिया है, जो गेम निर्माताओं को अपने प्रोडक्ट्स के विपणन में मदद करता है, और प्राइम गेमिंग से पेश किए गए फ्री गेम के साथ अपने काम पर फिर से फोकस करना शुरू किया है।

अमेजन गेम्स के उपाध्यक्ष क्रिस्टोफ हार्टमन द्वारा कर्मचारियों को भेजे गए और द वर्ज द्वारा देखे गए एक ज्ञापन के अनुसार, छंटनी के बीच अमेजन अपने गेमिंग कंटेंट चैनल से छुटकारा पा रहा है।

हार्टमन ने मेमो में लिखा, हमारे बिजनेस के आगे के मूल्यांकन के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि हमें अभी और भविष्य में प्लेयर्स को बेहतरीन खेल प्रदान करने के लिए अपने रिसोर्सेज और प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इस साल अप्रैल में, अमेजन ने अपने गेमिंग डिवीजनों में 100 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया था, जिसमें प्राइम




गेमिंग, गेम ग्रोथ और अमेजन गेम्स शामिल हैं।

हार्टमन के अनुसार, अप्रैल में प्रारंभिक पुनर्गठन के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि हमें अपने रिसोर्सेज को उन क्षेत्रों पर और भी अधिक फोकस करने की आवश्यकता है जो हमारे व्यवसाय को आगे बढ़ाने की क्षमता के साथ बढ़ रहे हैं।

अमेजन के कार्यकारी ने बताया, हमारे व्यावसायिक दृष्टिकोण में इन बदलावों के साथ हमारे संसाधनों में भी बदलाव आया है, जिसके चलते 180 से अधिक भूमिकाएं समाप्त हो गई हैं।

कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि सभी प्रभावित कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक सहायता दी जाए, जिसमें एक मुश्त रकम, विस्थापन सेवाएं, स्वास्थ्य बीमा लाभ शामिल है।

हार्टमन ने लिखा, मैं मानता हूं कि इस साल यह दूसरी बार है जब आप टीम में बदलाव के बारे में सुन रहे हैं और सहकर्मियों को जाते हुए देख रहे हैं, इसलिए जब मैं यह कहता हूं तो मुझे बहुत स्पष्ट होना चाहिए- मैं अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त हूं।

कार्यकारी ने कहा, हम उच्च क्षमता वाले बेहतरीन गेम विकसित और प्रकाशित कर रहे हैं, हमारी स्टूडियो टीम बढ़ रही हैं और हमारा रोडमैप ब्राइट है। मार्च में, अमेजन ने अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस), ट्विच, विज्ञापन और एचआर में अन्य 9,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की। अमेजन ने शुरुआत में जनवरी में 18,000 पदों को समाप्त कर दिया।

## कनाडाई कोकिंग कोल कंपनी को खरीदने की दौड़ में स्विस दिग्गज ग्लेनकोर ने जेएसडब्ल्यू स्टील को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। स्विस खनन कंपनी ग्लेनकोर पीएलसी के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने कनाडा की टेक रिसोर्सेज लिमिटेड के कोकिंग कोल कारोबार के अधिग्रहण की दौड़ में भारत की जेएसडब्ल्यू स्टील को पीछे छोड़ दिया है। ग्लेनकोर ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने कंपनी की इस्पात निर्माण कोयला इकाई में 6.93 अरब डॉलर नकद में 77 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए टेक रिसोर्सेज के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

समवर्ती रूप से निप्पॉन स्टील कॉर्पोरेशन टेक की मौसम संबंधी कोयला व्यवसाय इकाई, एल्क वैली रिसोर्सेज (ईवीआर) में अतिरिक्त इक्विटी का अधिग्रहण करेगा।

ग्लेनकोर ने एक बयान में कहा, दक्षिण कोरिया की पॉस्को एल्कव्यू ऑपरेशंस में अपनी 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी और ग्रीनहिल्स संयुक्त उद्यम में अपनी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले टेक की कोयला इकाई में 3 प्रतिशत हिस्सेदारी भी




- लेन-देन का कुल मूल्य, जो 9 अरब डॉलर बैठता है, 2024 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है

लेगी। लेन-देन का कुल मूल्य, जो 9 अरब डॉलर बैठता है, 2024 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने भी टेक की इकाई में हिस्सेदारी खरीदने में रुचि व्यक्त की थी और अलगाववादी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों में खटास के बावजूद एक सौदा हासिल करने की उम्मीद थी।

## सरसों और सूरजमुखी तेल महंगा



**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और सूरजमुखी तेल महंगा हो गया तथा अरहर दाल और उड़द दाल के भाव भी चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 86 रिंगिट उबलकर 3759 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.87 सेंट की तेजी के साथ 52.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 147 रुपये और सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल 66 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 500 रुपये और उड़द दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## पीयूष गोयल पहुंचे टेस्ला फैक्ट्री, मस्क ने नहीं मिल पाने के लिए मांगी माफी

**नई दिल्ली,** 14 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में टेस्ला की अत्याधुनिक विनिर्माण केंद्र का दौरा किया, ऐसे समय में जब केंद्र कथित तौर पर एलन मस्क द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक कार कंपनी से आयातित इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए कीमत कम करने के लिए अनुरोध पर विचार कर रहा है।

गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रतिभाशाली भारतीय इंजीनियरों और वित्त पेशेवरों को वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए और गतिशीलता को बदलने के लिए टेस्ला की उल्लेखनीय यात्रा में योगदान करते हुए देखकर बेहद खुशी हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, टेस्ला ईवी आपूर्ति श्रृंखला में भारत से ऑटो कंपोनेंट आपूर्तिकर्ताओं के बढ़ते महत्व को देखकर भी गर्व है। यह भारत से अपने घटकों के आयात को दोगुना करने की राह पर है। एलन मस्क की चुंबकीय उपस्थिति को याद किया और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। टेस्ला के मालिक ने गोयल से माफी मांगी कि वह अस्वस्थ होने के कारण उनसे नहीं मिल सके।



मस्क ने उत्तर दिया, आपका टेस्ला आना सम्मान की बात थी! आज कैलिफ़ोर्निया की यात्रा नहीं कर पाने के लिए मुझे खेद है, लेकिन मैं भविष्य की किसी तारीख़ पर मिलने की आशा रखता हूं। इसके पहले स्पेसएक्स और एक्स के मालिक ने अमेरिका में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और खुलासा किया कि वह भारत में महत्वपूर्ण निवेश करने के इच्छुक हैं, इसके कुछ महीने बाद मंत्री की अमेरिकी यात्रा के दौरान गोयल और मस्क की मुलाकात होने वाली थी।

फाइनेंशियल टाइम्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, ऑटोमेकर ने भारत सरकार से प्रारंभिक टैरिफ रियायत के लिए कहा है जो 40,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए भारत के 70 प्रतिशत और 40,000 डॉलर से ऊपर की कारों के लिए 100 प्रतिशत के भारी सीमा शुल्क की भरपाई करेगा।

रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है, उनका विचार हमेशा से रहा है कि उन्हें कम से कम अंतरिम अवधि में कुछ टैरिफ रियायतों की आवश्यकता है। टेस्ला ने देश में प्लांट बनाने की शर्त के तौर पर रियायत मांगी है। कम किया गया टैरिफ सभी ईवी निर्माताओं पर लागू होगा।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिकारियों ने कहा कि विचाराधीन कम दर सभी कीमतों के ईवी के लिए 15 प्रतिशत होगी, लेकिन इस नीति पर अभी तक सरकार के भीतर सहमति नहीं बनी है। सितंबर में ऐसी खबरें सामने आईं कि टेस्ला भारत में बैटरी स्टोरेज के लिए एक फैक्ट्री बनाने की योजना बना रही है और उसने सरकार को इसके लिए एक प्रस्ताव भी सौंपा है। इलेक्ट्रिक कार निर्माता ने हाल की बैठकों के दौरान अपने %पावरवॉल% के साथ देश की बैटरी भंडारण क्षमताओं का समर्थन करने का प्रस्ताव रखा। मस्क भारत में टेस्ला आपूर्ति प्रणाली बनाने का भी लक्ष्य बना रहे हैं।

## सार संक्षेप

### भारत का टैबलेट बाज़ार तिमाही आधार पर 41 प्रतिशत, 5जी शिपमेंट सालाना आधार पर 86 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट में मंगलवार को बताया गया कि 5जी टैबलेट और प्रीमियम मॉडल की मजबूत मांग के कारण इस साल तीसरी तिमाही में भारत के टैबलेट बाजार में तिमाही-दर-तिमाही (क्यूओक्यू) 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, तीसरी तिमाही में 5जी टैबलेट शिपमेंट में साल-दर-साल (वाईओवाई) 86 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कुल टैबलेट शिपमेंट का 16 प्रतिशत है। प्रीमियम टैबलेट पीसी सेगमेंट (30,000 रुपये और उससे अधिक) में भी प्रभावशाली वृद्धि देखी गई, शिपमेंट में 79 प्रतिशत तिमाही-दर-तिमाही की वृद्धि हुई। हालांकि, ओवरऑल टैबलेट बाज़ार में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। एप्पल 26 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ आगे रहा, जिसमें 20 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई, उसके बाद सैमसंग (21 प्रतिशत) और लेनोवो (20 प्रतिशत) का स्थान रहा। शाओमी ने इस अवधि में छोटे आधार से सालाना आधार पर 98 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी। एनालिस्ट-इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप (आईआईजी) की मेनका कुमारी ने कहा, एप्पल की मजबूत वृद्धि, रियलमी और शाओमी के असाधारण प्रदर्शन के साथ मिलकर, टैबलेट पीसी बाजार के प्रीमियम और वैल्यू-फॉर-मनी दोनों स्तरों पर उपभोक्ता प्राथमिकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है।

### पीएसयू गैर-जीवन बीमा कंपनी द ओरिएंटल स्टाफ क्वार्टर बेचेगी

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैर-जीवन बीमा कंपनी द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अपनी कुछ अचल संपत्तियों को बेचने की योजना बना रही है। यह बात कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी ने मालिक - भारत सरकार - द्वारा निर्धारित लगभग सभी लक्ष्यों को पूरा कर लिया है और जल्द ही सभी सुविधाओं के साथ एक नया पोर्टल लॉन्च करेगी। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आर.आर.सिंह ने आईएएनएस को बताया, हमारे पास बहुत सारी अचल संपत्तियां हैं, जिनमें से ज्यादातर प्रमुख शहरों में आवासीय अपार्टमेंट हैं। हमें अचल संपत्तियों को बेचने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति मिल गई है। कंपनी अचल संपत्तियों का मूल्यांकन करवा रही है। उन्होंने कहा कि आवासीय क्वार्टरों का रखरखाव प्रभावित हुआ है, क्योंकि कर्मचारियों की कमी के कारण कई क्वार्टर खाली हैं। बीमाकर्ता ने देशभर में लगभग 200 कार्यालयों को बंद करने/विलय करने से किराये के खर्च के रूप में एक बड़ी रकम बचाई है और वह अपनी संपत्ति को जनरल इंश्योरेंस पब्लिक सेक्टर एसोसिएशन (जीआईपीएसए) को किराए पर देकर किराये से आय अर्जित करेगा।

# केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने किया पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च

**बेमेतरा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना/चाकी क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसके तहत केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने थाना साजा स्टाफ के साथ ग्राम जाता, मुसुवाडीह, धौराभटा, ठेलका, बरगडा, सोमाईकला, सोमाईखुर्द, भेंडरवानी, चिल्फी, संबलपुर, करमतरा, घोटवानी, लालपुर, डोंगीतराई एवं साजा टाऊन में एवं पुलिस चौकी कंडरका के साथ ग्राम कंडरका, पिरदा, हरदी, भिंभौरी, खुडमुडा, नवागांव, आनंदगांव, हसदा, नेवनारा, अकोली, सिलघट तथा थाना बेरला क्षेत्र व थाना चंदनू क्षेत्र और चौकी देवरबीजा क्षेत्र ग्राम बाबासिंघौरी, देवरबीजा, थाना खम्हरिया क्षेत्र टाउन में, थाना दाढी क्षेत्र ग्राम दाढी, चिल्फी, लालपुर, कोदवा, गिधवा, सनकपाट, जाता, पेंड्री, मुरकी, बटार, नवागांव, सेंदरी, हेमाबंद, कुर्दा, बघुली, बिरमपुर, सुखाताल, बैहरसरी, बिरसिंघी एवं अन्य थाना/चौकी क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर फ्लैग मार्च किया गया।



आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण संम्पन्न कराने हेतु, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने विभिन्न ग्रामों के गली मोहल्लो एवं प्रमुख मार्गो में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे ङ्क चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधी होने पर तत्काल समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 पर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। फ्लैग मार्च कर आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने जागरूक किया गया।

# एसपी बेमेतरा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, सेक्टर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ली बैठक



**बेमेतरा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। दिनांक 13.11.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हाल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (आईपीएस) ने सेक्टर टीम में लगे समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी की बैठक ली। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों को अलग-अलग सेक्टरो में विभाजित किया गया है। जिसकी सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी दी जाकर विधानसभा चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने, विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, उप निरीक्षक तुलेश्वर चंद्रवंशी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए सुविधा केंद्र स्थापित

**बालोद,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में विधानसभा वार सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्राकत कौशिक ने बताया कि विधानसभावार क्रमश: 59संजारी बालोद, 60- डोंडी लोहारा एवं 61- गुन्डरदेही हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे अधिकारी / कर्मचारी जिनके द्वारा डाक मतपत्र के लिए प्रारूप - 12 में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उनके द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं किया गया है, वे इन सुविधा केन्द्र में मतदान कर सकेंगे। विधानसभा क्षेत्र 59- संजारी बालोद के लिए संयुक्त जिला कार्यालय बालोद कक्ष क्रमांक - 57, विधानसभा क्षेत्र 60 - डोंडी लोहारा के लिए संयुक्त जिला कार्यालय बालोद कक्ष क्रमांक - 35, विधानसभा क्षेत्र 61 - गुंडरदेही के लिए संयुक्त जिला कार्यालय बालोद कक्ष क्रमांक - 31 बनाया गया है।

## प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**दुर्ग,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवम्बर को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी एवं अन्य संस्थान के राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का अभिप्रमाणन (प्री-सर्टिफिक्रेशन) अनिवार्य किया गया है।

# छिटपुट घटनाओं के बावजूद दीवाली शांतिपूर्ण व सोल्लास मनाई गई

**दीवाली पर हावी रहा चुनावी माहौल**

**दुर्ग,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। बम फटाकों एवं चुनावी शोरगुल के मध्य शहर में दीवाली धूमधाम से मनाई गई। एक दूकान में आगजनी व एक हत्या को छोड़कर शेष शहर का वातावरण दीवालीमय रहा। धनतेरस से शुरू त्यौहारी माहौल आज भी बना रहा। गत 12 नवंबर को धूमधाम से दीवाली मनाई गई। ज्योतिषयों की सलाह पर लोगों ने शाम को ही लक्ष्मी पूजा कर लिया। इसके बाद देर रात तक शहर में फटाकों की आवाजें गूंजती रही। दीपावली के साथ ही विधानसभा चुनाव भी चल रहे है। अत: पूरे दिन कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशीगण,अन्य निर्दलीय प्रत्याशीगण अपने अपने बिल्ले, हेडबिल व माउथ रिक्शा पब्लिसिटी के साथ विभिन्न सड़कों गलियों व कालोनियों में घूम घूमकर दीवाली की बधाईयां देने के साथ अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील करते रहे। कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा एवं भाजपा प्रत्याशी गजेन्द यादव के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की फौज भी चल रही थी।

# 110 लीटर हाथभट्टी महुआ कच्ची शराब जब्त

**आबकारी विभाग द्वारा दल्लीराजहरा में की गई कच्ची शराब जब्त**

**बालोद,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार ने बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक दल्लीराजहरा वृत्त श्री अतुल देवांगन द्वारा 11 नवम्बर को ग्राम कोकान तालाब के पास दल्लीराजहरा में अवैध मदिरा आसवन एवं धारण के विरूद्ध कार्यवाही की गई। 11 नवम्बर को कोकान साल्हे मार्ग के पास स्थित तालाब के आसपास भारी मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्टी महुआ कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना मिलने पर कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी स्टॉफ को आता देख आरोपी भाग गया। अज्ञात आरोपी द्वारा अवैध रूप से धारण किए हुए 110 लीटर हाथ् भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया तथा 300 किलोग्राम महुआ लाहन को सेम्पल रूप् में जब्त कर नष्ट किया गया। उक्त मादक द्रव्य को जब्त कर आबकारी कब्जे में लेकर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि कार्यवाही में परिवीक्षाधीन आबाकारी उपनिरीक्षक रोशन लाल बंजारे, आबकारी आरक्षक सुमीत शर्मा, गजेन्द्र सोम एवं वाहन चालक कुलदीप ठाकुर उपस्थित थे।


## रायपुर विकास प्राधिकरण उद्घोषणा

**क्रमांक 14642/रा.शा./आर.सी./वि.प्रा./2023**
**रायपुर, दिनांक 14.11.2023**

प्राधिकरण की कमल विहार योजनांतर्गत श्रीमती रामदुलारी सिंह पति स्व. रामपुकार सिंह, श्रीमती वंदना सिंह पति स्व. मनोज कुमार सिंह, ना.बा. निखिल सिंह एवं ना.बा. नमन सिंह दोनों पिता स्व. मनोज कुमार सिंह, श्रीमती मंजुला सिंह पति स्व. विजय सिंह को सेक्टर 04 में भूखण्ड क्रमांक बी-137 रकबा 86.25 वर्गमीटर आबंटित किया गया है। क्रेता श्री गोपाल चंद मजुमदार पिता श्री निराध मजुमदार निवासी- प्लाट नं. 04, वृन्दावन विहार, सिमरन सिटी-1, गोकुल नगर, मठपुरैना रायपुर छ.ग. को विक्रय विलेख द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 20.10.2023 को पंजीयकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नामांतरण किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 14.11.2023 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

## रायपुर विकास प्राधिकरण उद्घोषणा

**क्रमांक 14641/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023**
**रायपुर, दिनांक 14.11.2023**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत लखनू राम साहू एवं अन्य 06 पिता स्व. माखन लाल साहू को पुनर्गठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-221 रकबा 738.50 वर्गमीटर सेक्टर-06 में आबंटित है। सह आबंटिती श्रीमती रजवंतीन बाई की मृत्यु दिनांक 15.11.2018 को हो जाने के कारण उनके वारिसान लखनू राम साहू एवं अन्य 06 पिता सव. माखन लाल साहू द्वारा उक्त भूखण्ड पर मृत्यु उपरांत अपनी माता सह आबंटिती श्रीमती रजवंतीन बाई को नाम विलोपित कर अपने नाम यथावत रखे जाने निवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 14.11.2023 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

## रायपुर विकास प्राधिकरण उद्घोषणा

**आवेदन क्रमांक 6194**
**क्रमांक 14640/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023**
**रायपुर, दिनांक 14.11.2023**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री गणेश सहाय वर्मा पिता श्री शंकर सहाय वर्मा के नाम पर एच.आई.जी. मकान क्रमांक सी-61/1 (कार्नर) रकबा 3270 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर धारित हे। आबंटिती श्री गणेश सहाय वर्मा की मृत्यु दिनांक 29.01.2023 को हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड का उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत उनके वारिसान अर्थात पत्नि श्रीमती सरला वर्मा, पुत्र द्वय श्री अमित वर्मा, श्री अतुल वर्मा एवं पुत्री श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव सभी निवासी- एच.आई.जी. मकान क्रमांक सी-61 सेक्टर 01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .........

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**


**प्रारूप C-1**

**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्र, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**

## आपराधिक प्रकरणो के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वाच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरनेट फाउंडेशन और आर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता :- गुणदेव मैरिषा जयत खाम के पास वार्ड नं. 02 ग्राम व पोस्ट सिलतरा, जिला रायपुर
राजनैतिक दल का नाम :- बहुजन समाज पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)
राजनीतिक दल का नाम :- इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम :- विधान सभा चुनाव
निर्वाचन क्षेत्र का नाम विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 47

मैं गुणदेव मैरिषा पिता श्री दाऊलाल मैरिषा (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं:-

(क) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| स.क्र. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियम की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती स्वर्णलता ओम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर (छ.ग.) | 8576/2015 | लंबित | न्यू राजेन्द्र नगर थाना, धारा 294, 323, 506 325,34 आई.पी.सी.धारा के तहत |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| क्र. स. | न्याया.का नाम एवं आदेश(शो) की तारीखा(खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | लागु नहीं | लागु नहीं | लागु नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## Form C 7 Declarations

Independent Representative, Chhattisgarh, Information regarding individuals of criminal cases, who is contesting as independent candidate
(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency- (AC No.47, AC Name: Dharsiwa)
Name of the Candidate- Ravi Kumar Verma

| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | | Criminal antecedents | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC-294, 506, 323, 394, 384, 120B, 34 IPC |
| | b. | Case no. | 6832/2021, FIR No. 55/2021, date -14/12/2021 |
| | c. | Name of the court | 1. J. M. F. C., Raipur |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | | Reason for Contesting Election as a Independent Candidate | Ravi Kumar Verma is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. As a independent representative he will be best candidate to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |

Name of the Constituency- (AC No.47, AC Name: Dharsiwa)
Name of the Candidate - Ravi Kumar Verma

Ravi Kumar Verma
(Independent Representative,Dharsiwa, Chhattisgarh)


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंचल थापा/आस्था थापा/ LBDEH00003874642 | संपत्ति संख्या 574, डकरा कैंट एरिया, खसरा नंबर 43/2 मौजा गढ़ी कैंट परगना पछवादून जिला देहरादून उत्तराखंड/नवंबर 09, 2023 | जून 16, 2023 रु. 9,12,250/- | छत्तीसगढ़/ उत्तराखंड |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 15, 2023**
**स्थान : छत्तीसगढ़**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुमित चंदनानी (कर्ज़दार), घनश्याम आहूजा (सह-कर्ज़दार) LBRPR00004351437 | फ्लैट नंबर 304, ब्लॉक नंबर 1-ए, तीसरी मंजिल, साईं सिमरन, खसरा नंबर 65/3 और 65/27, मौजा/ग्राम-पुरेना, पी.एच. 113, वार्ड क्रमांक 45, रानी दुर्गावती वार्ड, आर.एन.एम.-रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल सुपर निर्मित क्षेत्र 525 वर्ग फुट। | रु. 12,64, 382/- (नवंबर 02, 2023 तक) | रु. 11,10, 000/- / रु. 1,11, 000/- | दिसंबर 01, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | दिसंबर 12, 2023 को सुबह 11:00 बजे से |
| 2. | श्री अमीन अनवर कादरी (कर्ज़दार) शाइस्ता अमीन कादरी (सह-कर्ज़दार) LBRPR00004908870 LBRPR00005305590 | दुकान/कार्यालय नंबर ए-203, दूसरी मंजिल, बेबीलोन टावर, कॉन्डोमिनियम, ग्राम-तेलीबांधा, पी.एच. क्रमांक 64, आर.आई.सी.-रायपुर-2, महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 28, खसरा क्रमांक 579/1, 580/13 का भाग, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। 521 वर्ग फुट के क्षेत्रफल को मापते हुए। | रु. 69,66, 383/- (नवंबर 03, 2023 तक) | रु. 36,00, 000/- / रु. 3,60, 000/- | दिसंबर 02, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | दिसंबर 12, 2023 को सुबह 11:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 11, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **दिसंबर 11, 2023** तक **शाम. 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **दिसंबर 11, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 11, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : नवंबर 15, 2023**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, Shailendra Shrivastav, S/o Late Ravindra Nath Shrivastav resident of H No-70 VIP ROAD LAS VISTA COLONY, AMLIDIH, RAIPUR,PIN:492006, CHHATTISGARH, INDIA have changed my old name Shailendra Shrivastav S/o Late Ravindra Nath Shrivastav, so in future I should be recognised by my new name that is Shailendra Nath Shrivastava, S/o Late Ravindra Nath Shrivastav in all government and other documents.

**Shailendra Nath Shrivastava**
**H No-70 VIP ROAD LAS VISTA COLONY, AMLIDIH, RAIPUR,PIN:492006, CHHATTISGARH, INDIA**

## CHANGE OF NAME

It is informed to the general public that I **EIFFAT KHAN D/O MOHAMMAD AZAD KHAN**, Resident of House No. L-6, Near Safa Masjid- Yadunandan Nagar- Tifra Bilaspur-Dist-Bilaspur (C.G.) Have changed my old name **EIFFAT KHAN D/O MOHAMMAD AZAD KHAN,** So in future, I should be recogniged by my New Name **EIFFAT KHAN MEWATI D/O MOHAMMAD AZAD KHAN** MEWATI, In all Government / Semi Government & other Documents.

**EIFFAT KHAN MEWATI D/O MOHAMMAD AZAD KHAN MEWATI House No. L-6, Near Safa Masjid- Yadunandan Nagar- Tifra Bilaspur- Dist-Bilaspur (C.G.) 495001**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DAVINDER SINGH S/O NACHATTAR SINGH resident of 343/1, WARD NO 11, NEAR KALI MANDIR, AHIRWAR, DURG (C.G.) 490036 india have changed my old name DAVINDER SINGH S/O NACHATTAR SINGH so in future I should be recog- nized by my new name that is DAVINDER SINGH RANDHAWA S/O NACHATTAR SINGH in all Government and other documents.

**DAVINDER SINGH RANDHAWA**
343/1, WARD NO 11, NEAR KALI MANDIR, AHIRWAR, DURG (C.G.) 490036

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, STAFFORD ANDREWGLEN BURNS S/O BORIS BURNS resident of 185 BURNS GARAGE SHANTI NAGAR WARD INFRONT OF C.M.O. OFFICE JAGDALPUR BASTAR(C.G.) 494001 india have changed my old name STAFFORD ANDREWGLEN BURNS S/O BORIS BURNS so in future I should be recog- nized by my new name that is STAFFORD BURNS S/O BORIS BURNS in all Government and other documents.

**STAFFORD BURNS**
185 BURNS GARAGE SHANTI NAGAR WARD INFORNT OF C.M.O OFFICE JAGDALPUR BASTAR CHHATTISGARH 494001

## आम सूचना

**ग्राम धनेली-2, प.ह.नं.18, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि के विक्रय इकरारनामा के संबंध में.**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरे पक्षकार श्री आर.के.दुबे, पिता श्री आर.एस.दुबे निवासी अमलीडीह, तहसील व जिला रायपुर का निवासी हैं, जिसने अपनी कृषि भूमि जोकि वाके मौजा ग्राम धनेली-2, प.ह.नं.18, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित हैं, जिसका खसरा नं. 111/2, में से 1500-1500 वर्गफीट के तीन भू-खंडो का सौदा दिनांक 04 अक्टूबर 2022 को क्रेता क्रमांक -1 सुरेश बाबु कटियार, उम्र-63 वर्ष, निवासी क्वाटर नं.- डी.एम.के. 68/4, माना कैंप, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), क्रेता क्रमांक -2, महेश जायसवाल, उम्र-41 वर्ष, पिता श्री बाकेलाल जायसवाल, निवासी पंचशील नगर, सिविल लाइन, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), क्रेता क्र.-3, मुक्ता देवांगन,उम्र-40 वर्ष, पति दौलत देवांगन, पता- देवांगन लेडीस टेलर गवर्नमेंट स्कुल के पास कटोरा तालाब, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), तथा विक्रय करने का करार किया था, तथा पेशगी, ब्याना के रूप में रकम दिया गया था, उक्त करार विलेख संपादन के समय उन्होंने पंजीयन निष्पादन हेतु छ: माह का समय लिया था. उक्त करार के छ: माह को व्यतीत हुए आज लगभग एक वर्ष हो चूका हैं. उक्त क्रेतागण के द्वारा आज प्रकाशन के दिनांक तक पंजीयन करवाने की रूचि नहीं दिखाई हैं.

अत: क्रेतागण को सूचित करता हूँ, कि इश्तहार प्रकाश से 7 दिनों के अन्दर पंजीयन निष्पादन अपने नाम पर करवा लेवें एवं शेष विक्रयकृत भूमि की रकम को मेरे पक्षकार को प्रदान करे अन्यथा आज दिनांक से एक सप्ताह के बाद आपका इकरारनामा शून्य माना जाएगा तथा विक्रय करार के बंधन तथा आक्षेपों से मेरा पक्षकार मुक्त हो जाएगा.

सो सुचना जाने.

**स्थान- रायपुर**

**एच.के. चंद्राकर**
**अधिवक्ता**
**पानी टंकी चौंक, ग्राम पलौद, तहसील आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) पिन- 492101**
**मो.नं.939928761**

## NAME CHANGE

This Is To Be Informed To The General Public That. I KAMLESH KUMAR PIPRI S/O Mr. INDER LAL PIPRI AGE 60 YEARS. Resident Of Bungalow No. B-1, PWD Colony, Civil Lines, Near Rajbhawan, Raipur 492001 Chhattisgarh. Have Changed My Old Name KAMLESH PIPRI To KAMLESH KUMAR PIPRI. So In Future I Should Be Recognized By My New Name That Is KAMLESH KUMAR PIPRI S/O Mr. INDER LAL PIPRI. In All Government And Other Documents.

**KAMLESH KUMAR PIPRI**
**Add. : Bungalow No. B-1, PWD Colony, Civil Lines, Near Rajbhawan, Raipur 492001 Chhattisgarh.**

# सरकार बनी तो बिंद्रानवागढ़ के विकास की जिम्मेदारी मेरी: रमन

■ छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा लबरा भूपेश बघेल



**गरियाबंद,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को गरियाबंद जिले के झाखरपारा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस और भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला। पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा लबरा भूपेश बघेल है। भूपेश बघेल से ज्यादा झूठ कोई नई नहीं बोल सकता। पिछले चुनाव के जन घोषणा पत्र में विकास के कार्य करूंगा लिख के दिया था। पूर्ण शराब बंदी, बेरोजगारी भत्ता, दो साल का बोनस, महिलाओं को 500 रुपए प्रति माह देने सहित 36 वादे किए थे, लेकिन एक भी वादे पूरे नहीं किए। आज चुनाव आ गया तो लबरा फिर से घोषणा में घोषणा कर रहा है। लेकिन अब जनता जाग चुकी है, उनसे पूछ रही आपके पिछले वादों का क्या हुआ।

मालूम हो कि पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह गरियाबंद जिले के अंतिम छोर में बसे झाखरपारा में भाजपा प्रत्याशी गोवर्धन सिंह मांझी के पक्ष में जनसमर्थन मांगने पहुंचे थे। उनके आगमन को लेकर भाजपाइयों में जबरदस्त उत्साह दिखा। हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं और आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि आज मैं आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं। यह चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव भ्रष्ट निकम्मी सरकार को बदलने का अवसर है। 15 साल आपने डॉ रमन को देखा और पांच साल भूपेश बघेल को देख लिया। हमने विकास के कई काम किए। वही कांग्रेस सरकार ने पांच साल जनता को ठगने का काम किया। चावल घोटाला किया, शराब घोटाला किया, कोयला घोटाला किया, पीएसी घोटाला। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने चारा घोटाला किया था , भूपेश बघेल में गोबर घोटाला कर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया।

**मेरी छबि चावल वाले बाबा की भूपेश दारू वाले कका**

पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि झाखरपारा की जनता ने मुझे 15 साल आशीर्वाद दिया है। मुझे यहां चावल वाले बाबा के रूप में जानते हैं। हमने एक रुपए किलो में चावल दिया। छत्तीसगढ़ की जनता की भूख मिटाई। दूसरी ओर भूपेश बघेल की पहचान दारू वाले कका की है। भूपेश बघेल ने शराब घोटाला किया शराब बंदी का वादा कर घर-घर शराब पहुंचाई आज पूरे छत्तीसगढ़ की जनता उन्हें दारू वाले काका के रूप में जानती है।

**मोदी की गारंटी -**

पूर्व सीएम रमन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के विकास की गारंटी दी है। सरकार बनेगी तो एक एक वादे भाजपा पूरी करेगी। भाजपा सरकार बनायेंगे तो प्रति एकड़ 65000 धान का कीमत देंगे। दो साल का बोनस भी हम देंगे। महिला बहनों को 12000 वार्षिक, 500 में सिलेंडर देने की गारंटी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी हैं। मोदी की गारंटी याने गारंटी की भी गारंटी।

इसका वादा सभा के दौरान पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने पीएससी घोटाला के जांच का भी वादा किया। कहा कि बच्चे मेहनत कर पड़ते है, गरीब मां बाप पैसा खर्च कर पढ़ाते है और ये अपने चहेतों को सीट दे रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयेगी तो भाजपा इसकी जांच कराएगी। दोषियों को जेल भेजेंगे। 18 लाख गरीबों को मकान देंगे। बेरात नाला, बहिनाला, झाखरपारा में सहकारी बैंक की स्थापना। कर्मचारियों को केंद्र समान डीए की। कालेज की मांग, सुपेबेड़ा की मांग सभी पूरी की जाएगी। सब याद है।

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादे किए, भ्रम में डाल कर सत्ता चलाई, अपने वादे पूरे नहीं किए। कांग्रेस के मंत्री टीएस बाबा ने खुद कहा की कांग्रेस वादा पूरा करने में नाकाम रही। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के झूठे वादे तो देख लिए अब मोदी जी गारंटी देखिए। अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। इसके विकास की नीव पूर्व मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह ने रखी। 15 साल भाजपा सरकार ने प्रदेश का चहुमुखी विकास किया। मोदी जी ने महिलाओं को 12000 सालाना देने की गारंटी दी है। जिससे कांग्रेस डरी हुए है। ठगेश भूपेश अब महिला का चिंता कर घोखली घोषणा कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बहकावे न आवे भाजपा की सरकार आयेगी डबल इंजन सरकार प्रदेश का फिर से विकास करेगी।

भाजपा प्रत्याशी गोवर्धन मांझी ने कहा कि तेल नदी से आने का साधन नही था , आज दो पुल बन गए है, तीसरा पुल बन रहा है। ये पूर्व सीएम रमन सिंह जी की देन है। 15 साल में अनेक विकास कार्य हुए। समस्याओं का निराकरण हुआ। मांझी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और गरियाबंद जिले में पांच साल में एक भी नया विकास काम नही हुआ। न शिक्षा, न सड़क, न स्वास्थ्य, किसी सेक्टर में कोई काम नहीं हुआ। पांच साल विकास शून्य रहा। कांग्रेस ने तो गंगा कसम खाकर शराब बंदी की बात कही, लेकिन कोरोना काल में घर घर शराब पहुचाई। भाजपा कोरोना की दवाई दे रही थी और ये शराब सप्लाई कर रही थी। भूपेश बघेल ने केवल जनता को ठगा है, इसका जवाब हमे चुनाव में देना है। छत्तीसगढ़ में विकास की सरकार बनानी है।

कार्यक्रम को विधायक डमरूधर पुजारी, बाबा उदयनाथ, कोंटा प्रत्याशी सोयम मूका, चुनाव संचालक राम कुमार साहू, बिंद्रानवागढ़ प्रभारी महेंद्र पंडित, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, बलदेव हुंदल, अजय रोहरा, जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल, झाखरपारा मंडल अध्यक्ष सीताराम यादव, देवभोग मंडल अध्यक्ष लुद्राक्ष साहू, चंद्रशेखर, शोभा चंद्र पात्र, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगीराज माखन, केनुराम यादव, शीतला पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महादेव के नाम से घोटाला किया, वे जान लें कि महादेव भी उन्हें नही छोड़ेगा : हेमंत बिस्वा



**राजिम,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा मंगलवार दोपहर राजिम के सर्कस मैदान में भाजपा के चुनावी सभा को संबोधित करने के पहले कहा कि मैं मां कामाख्या देवी की धरती से छत्तीसगढ़ आया हूं। यहां भगवान श्रीराम के ननिहाल और भगवान श्री राजीव लोचन की धरती को प्रणाम करता हूं। कहा कि छत्तीसगढ़ में हम पिछले 10 दिनो से घूम रहे हैं। चुनाव के जानकार हमें बता रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने जा रही हैं। श्री बिस्वा सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल के ऊपर वार करते हुए कहा कि वे अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। सीएम पद की क्या गरिमा होती हैं उन्हें जानना चाहिए। कहा कि बना तो वह ढाई साल के लिए था परंतु उन्हें एक्सटेंशन मिल गया पांच साल के लिए। जब एक्सटेंशन मिला तो कुछ तो लेन-देन हुआ ही होगा ? ये एक ऐसे सीएम हैं जिन्होने महादेव को भी नही छोड़ा। महादेव के नाम से घोटाला किया। वे जान लें कि महादेव भी उन्हें नही छोड़ेगा। बहुत ही रोचक अंदाज में श्री बिस्वा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल अपने आपको स्मार्ट समझते हैं। राहुल गांधी के कहने पर उन्होने 20 चिंटल धान खरीदी का ऐलान करते हुए समर्थन मूल्य तीन हजार किया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 21 चिंटल धान और 31 सौ रूपए किया। इसके बाद उन्होने 32 सौ रूपए का घोषणा कर दिया। पर 20 चिंटल से आगे नही बढ़ा। हम बता देना चाहते हैं कि पहला चरण के 7 नवंबर को हुए चुनाव में भाजपा की बढ़त हैं और दूसरा चरण में भी हम आगे रहेंगे। श्री बिस्वा ने बताया कि भूपेश बघेल असम गया था वहां बताया था कि वे छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भता दे रहे हैं। हम कहते हैं रोजगार देना प्राथमिकता से शामिल होना चाहिए। हमने असम में 90 हजार युवाओं को स्टेडियम में खड़ा कराके नियुक्ति पत्र सौंप दिया। असम के सीएम श्री बिस्वा के टारगेट में भूपेश बघेल ही था वे बार-बार श्री बघेल का नाम लेकर कहे कि पीएससी में इन्होने घोटाला किया। यहां के युवा इन्हें माफ नही करेंगे। 16 लाख गरीबो का आवास नही दिया। गरीब इन्हें माफ नही करेंगे। कहा कि हम इन गरीबो को पक्का घर बनाकर देंगे और अगले महिने से ही माताओं को 1 हजार रूपए देंगे। श्रीबिस्वा ने सोनिया,राहुल,प्रियंका,भूपेश बघेल का नाम लेकर कहा कि इन्होने रामलला का दर्शन कभी नही किया। इसलिए कि बाबर और औरंगजेब नाराज हो जाएगा। कांग्रेस देश में कितने लंबे समय तक राज की हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू,इंदिरा गांधी,राजीव गांधी प्रधानमंत्री रहे। इन्हे राम मंदिर बनाना था न,क्यों नही बनाया ? हम राहुल,प्रियंका,सोनिया के खिलाफबोलते हैं तो ये हमारा कंपलेन नही करते पर यदि अकबर के खिलाफ बोलते हैं तो कंपलेन करते हैं। आखिर ये बताए कि अकबर से इनके क्या संबंध हैं। श्री बिस्वा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सीएम भूपेश बघेल हैं पर काम अकबर और ढेबर संभाले हुए हैं। भाजपा की सरकार बनते ही बाबर और औरंगजेब का खेला खत्म करेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी हैं कि छत्तीसगढ़ के 1 लाख बच्चो को नौकरी देंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा का सरकार बनाना हैं। महादेव एप्प वालो को हम छोड़ेंगे नही। शराबबंदी के लिए गंगाजल का कसम खाया था पर किया नही।

■ बघेल और नक्सलियों के बीच इलु-इलु है और वह सीआरपीएफको बदनाम करते हैं

■ राजिम प्रत्याशी रोहित साहू के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे असम के मुख्यमंत्री

■ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पर लगाए उन्होंने कई गंभीर आरोप - गंगा जल की कसम खाकर दारू बंद करने वालों ने होम डिलीवरी शुरू कर दिया

एक बार असम कामाख्या मंदिर दर्शन करने अवश्य आए मैं आप सब लोगों को आमंत्रित करता हूं सारी व्यवस्था मेरे द्वारा की जाएगी.

अंत में श्रीविश्व ने जन समूह को आमंत्रित करते हुए असम आमंत्रित करते हुए कहा कि आप लोग एक बार असम कामाख्या मंदिर दर्शन करने अवश्य आए सारी सुविधा मेरे द्वारा दी जाएगी आप लोग जब भी आए आने के पहले पूर्व सांसद चंदूलाल सांसद चुन्नीलाल और भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू से मिलकर मुझे फोन करवा दें स्टेशन पर हमारी गाड़ी आपके लिए खड़ी रहेगी और कामाख्या मंदिर का पूरा दर्शन करावेगी

**तुषार कदम के नेतृत्व में ढाई सौ से अधिक लोगों ने किया भाजपा प्रवेश, असम के मुख्यमंत्री ने बीजेपी गमछा पहनाकर किया स्वागत**

कार्यक्रम के अंत में तुषार कदम के नेतृत्व में लगभग ढाई सौ से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया. जिन्हें असम के मुख्यमंत्री ने बीजेपी गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश यादव, मण्डल अध्यक्ष कमल सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जितेन्द्र सोनकर ने भी गमछा पहनाकर स्वागत किया।

# वसूली वाली कांग्रेस सरकार को हटाना है : स्मृति ईरानी

**केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सक्ती में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनावी सभा**



**सक्ती,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। सक्ती विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए नहीं बल्कि वसूली के लिए जाना जाता है, यहां का वर्तमान प्रतिनिधि जनता को डराने धमकाने के लिए जाना जाता है। सब्जी बेचने वाला हो या छोटा बड़ा व्यापारी हो सब कांग्रेस सरकार के वसूली अभियान से त्रस्त है। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज 14 नवंबर को सक्ती में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार राज्य में पुलिस बल का प्रयोग कर भाजपा के कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है लेकिन जब तक जनता जनार्दन हमारे साथ है कोई माई का लाल हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा प्रशासन का दुरूपयोग सत्ता पाने के लिए किया है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण कांग्रेस सरकार द्वारा देश में इमरजेंसी का लगाया जाना है। कांग्रेस ने तंत्र को जनता और लोकतंत्र के खिलाफ इस्तेमाल कर सत्ता का दुरूपयोग करते चली आ रही है। लेकिन अब जनता जाग गयी है और ऐसे लोगों को हमेशा ही धूल चटाई है। अब वक्त आया है ऐसे लोगों को सबक सिखाने का, कांग्रेस सरकार में जहरीली शराब से न जाने कितने मौते हुई है जब सरकार द्वारा शराब बाटी जाती है तो इससे किसी गरीब परिवार का ही नुकसान होता है। यह सरकार मेहनतकश परिवार के बच्चों को नशा जैसे बुरी लत से ग्रसित कर रहा है। केन्द्र सरकार ने कोरोना काल में न सिर्फ अपने देश को बल्कि कई देशों को वेक्सिन भेजकर लोगों की जान बचाने का काम किया है।

# भाजपाईयों ने निर्दोष कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में किया तहसील कार्यालय का घेराव



**बलौदाबाजार,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सुनिश्चित जीत को देखते हुए कांग्रेस के दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी जी की गारंटियों ने कांग्रेस का मानसिक संतुलन बिगाड़ दिया है। इनके राष्ट्रीय नेता राहुल और प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ की जनता को जो गारंटियां दे गए थे, उन गारंटियों को कांग्रेस ने बार-बार बदलकर यह साबित कर दिया है कि उन्हें अपने राष्ट्रीय नेताओं पर भरोसा नहीं है और छत्तीसगढ़ की जनता को छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मुख्यमंत्री, उनकी सरकार और कांग्रेस पर भरोसा नहीं है। इसलिए अब कांग्रेस अपनी घोषणाओं पर चर्चा करने के बजाय भाजपा के घोषणा पत्र की समीक्षा करने पर ज्यादा जोर दे रही है।

श्री वर्मा ने आगे कहा कि महिला विरोधी कांग्रेस अपनी सरकार का दुरुपयोग करते हुए पुलिस और प्रशासन तंत्र के साथ अपने कार्यकर्ताओं के जरिये हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करा रहें है ताकि हमने महिलाओं के हित में जो गारंटी देश के प्रधानमंत्री की ओर से दी है वह महिलाओं तक न पहुंच पाए। महतारी वंदन के फार्म लेकर प्रचार प्रसार हेतु हमारे कार्यकर्ता क्षेत्र की माताओं, बहनों तक जा रहे है तो कांग्रेस के कार्यकर्ता की भांति कार्य कर रहें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उन्हें रोक रहे है। कांग्रेस ने खुद महिलाओं को तो कुछ नहीं दिया सिर्फधोखा दिया। भाजपा महतारी वंदन करने निकली है तो वह भी कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं है। हमे हमारे संकल्प पत्र का प्रचार करने से कोई नहीं रोक सकता लेकिन सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग सरेआम हो रहा है। इसके विपरित कांग्रेसी खुलेआम साड़ी और शराब बांट रहें वो इन्हें नही दिख रहा, हमने इसकी शिकायत स्थानीय अधिकारियों से की हैं पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, प्रदेश भाजपा के संज्ञान में सारी बातें हैं वहां से इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग में करेंगे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि कांग्रेस के इशारों पर कार्य कर रही स्थानीय प्रशासन की टीम ने दो निर्दोष भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसके विरोध में भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा और पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में भाजपाईयों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया और निर्दोष कार्यकर्ताओं को रिहा करने की मांग की इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए और नारेबाजी किए। देर रात तक चले विरोध प्रदर्शन से घबराकर अंततः जिला प्रशासन ने उक्त दोनों भाजपा कार्यकर्ताओं के रिहाई का आदेश जारी किया तब धरना समाप्त किया गया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थें।

# भाजपा के पक्ष में प्रचार करने असम के मुख्यमंत्री आज पहुंचेंगे बलौदाबाजार



**बलौदाबाजार,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा 15 नवम्बर को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय बलौदाबाजार में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त विजय संकल्प महासभा स्थानीय दशहरा मैदान, बलौदाबाजार में आयोजित हैं। दिन बुधवार को होने वाले इस जनसभा में विधानसभा से हजारों की संख्या में आमजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े और भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपील की हैं की समय पर उपस्थित होकर कांग्रेसी कुशासन के विरुद्ध होने वाली इस लड़ाई में जिम्मेदारी और सक्रियता से लड़ें और अपने बूथ में भाजपा को विजय दिलाने में अपना अहम योगदान देवें। नेता द्वय ने आमजन और बुद्धिजीवी वर्ग सहित मतदाता बंधुओं से भी आग्रह किया है कि सभा में अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान कर हमें आशीर्वाद प्रदान करें।

**NECC**

| 15.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.53 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 568 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

## रमेश मोदी का निधन



**रायपुर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद को प्रदेश में अहम मुकाम तक पहुंचाने में बड़ा किरदार निभाने वाले रमेश मोदी का मंगलवार को मुंबई में निधन हो गया। कपड़ा कारोबारी 82 वर्षीय रमेश मोदी किडनी की समस्या से ग्रसित थे, जिन्हें उपचार के लिए मुंबई स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

देवेंद्र नगर निवासी रमेश मोदी का पार्थिव शरीर आज रात या कल सुबह तक मुंबई से लाए जाने की संभावना जताई है। रमेश मोदी अपने पीछे पत्नी व दो बेटों का भरा-पूरा परिवार छोड़कर चले गए।उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि व्यावसायिक जगत में शोक का माहौल है


रमेश मोदी लंबे समय तक विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी।रायपुर में विश्व हिन्दू परिषद के पंडरी स्थित कार्यालय की स्थापना में इनकी अहम भूमिका थी।इनकी दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले गुण को ध्यान में रखते हुए भाजपा शासनकाल के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया था। रमेश मोदी चेंबर ऑफ कॉमर्स से भी के लंबे समय तक संरक्षक रहे।

## नशे में धुत्त कार चालक ने 2 स्कूटी सवारों को मारी ठोकर

**कोरबा,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में सड़क हादसों के दौरान लोगों के हताहत होने का दौर जारी है। पुलिस लाईन के सामने मुख्य मार्ग पर शराब के नशे में धुत्त एक कार चालक ने दो स्कूटी सवारों को ठोकर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार एक महिला व पुरुष गंभीर रुप से घायल हो गए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को कार समेत गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

■ महिला समेत दो लोग गंभीर रुप से घायल

कोरबा में बीती रात सीविल लाईन थानांतर्गत पुलिस लाईन के सामने मुख्य मार्ग पर शराब के नशे में धुत्त एक कार चालक ने सड़क पर चल रहे दो स्कूटी सवारों को जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार एक महिला व पुरुष गंभीर रुप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन समेत कार चालक को गिरफ्तार किया।







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

संपादकीय

## वाहनों पर स्टंट की प्रवृत्ति खतरनाक

देश के ज्यादातर हिस्सों की तरह ही छत्तीसगढ़ के युवाओं में भी वाहनों, विशेषकर मोटर साइकलों पर स्टंट की प्रवृत्ति बढ़ रही है जो कि बहुत खतरनाक है। यह खुद चलाने वाले या उनकी चपेट में आने वाले किसी भी अन्य व्यक्तियों के लिये खतरे से खाली नहीं है। इनमें किसी की जान जा सकती है या फिर कोई गम्भीर रूप से घायल हो सकता है। आये दिन कोई न कोई ऐसे युवक शहर या उसके बाहर स्टंट करते हुए दिखलाई दे ही जाते हैं। इनमें से कुछ पकड़ में आते हैं तो कई के बारे में पता ही नहीं चल पाता। लोग उसकी फोटो खींच सकें या वाहन का नंबर जान सकें, ये स्टंटबाज गायब हो जाते हैं।

ऐसे ही पिछले हफ्ते जीई रोड पर नवा रायपुर के मोड़ पर एक युवक अपनी मोटर साइकल की टंकी पर एक युवती को बैठाकर फर्राटे भरता हुआ नज़र आया था। वह जिस तरह से वाहन चालन कर रहा था, उससे उन दोनों के साथ आने-जाने वालों के लिये खतरा बना हुआ था। कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाकर एवं तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थीं। इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रोड तक जा पहुंची। पुलिस तत्काल हरकत में आई और उस मोटर साइकल वाले को ढूंढ निकाला गया। रायपुर पुलिस द्वारा उस पर आवश्यक जुर्माना किया गया तथा सख्त ताकीद देकर छोड़ा गया।

ऐसे स्टंट करना निहायत ही मूर्खता भरे कृत्य हैं क्योंकि व्यवस्थित प्रशिक्षण और आवश्यक सुरक्षा उपायों के बिना ऐसे कारनामे करना खुद को बहुत बड़े जोखिम में डालना होता है। आजकल की फर्राटेदार बाइकों के बल पर युवक अक्सर अपने मित्रों को रिझाने की कोशिशें करते हैं- फिर वे चाहे महिला मित्र हों या कोई और। इस तरह के खतरनाक कामों में जो रुचि रखते हैं उन्हें अगर अपने शौक को बढ़ाना ही है तो उसके लिये उन्हें व्यवस्थित मार्गदर्शन लेना चाहिये। खुली सड़कों पर ये कारनामे करना उचित नहीं है। बाइक तो क्या, किसी भी तरह के स्टंट करने इतने आसान भी नहीं होते। इसके लिये वर्षों प्रशिक्षण लेना होता है। उसके लिये आदर्श मोटर साइकल कौन सी हो सकती हैं, पहले यह जान लेना चाहिये। साथ ही, इसके लिए मुनासिब ट्रैक्स होते हैं जिन पर ये कारनामे किये जाते हैं। कोई भी बाइक लेकर कहीं भी स्टंट करना मुमकिन नहीं है और न ही समझदारी।

अभी ठीक एक माह पहले रायपुर में आश्रम से आमापारा के बीच एक मोटर साइकल पर सात नाबालिग बैठकर स्टंट करते हुए पकड़ाए थे। पुलिस द्वारा मोटर साइकल के मालिक को बुलवाकर उससे 25 हजार रुपये का जुर्माना भरवाया गया था। साथ ही लिखवाकर लिया गया कि वे आईंदा अपने नाबालिग बेटे के वाहन चलाने के लिये नहीं देंगे।

# शहर जिला कांग्रेस ने मनाई पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती



**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)।शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संभाग मुख्यालय कांग्रेस भवन जगदलपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की सादगीपूर्ण जयंती मनाई गई ।सर्वप्रथम पं.जवाहर लाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात पं.नेहरू को याद करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनी प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चे भी उन्हे चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। पं. नेहरू उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने पिता की तरह वकील बने बाद में वे महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अहम किरदार निभाया। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनी प्रकाश डालते हुए कहा नेहरू जी केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं थे अपितु वे एक बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न महान पुरुष थे वे एक अनुठे चिंतक व महान लेखक थे। संवेदनाओं से भरपूर पं. नेहरू ने भारत ही नहीं अपितु दुनिया के लोगों का अभूतपूर्व प्यार और सम्मान पाया। भारत ने उन्हे राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान ''भारत रत्न''से अलंकृत किया है।इस दौरान महामंत्री अभिषेक नायडू, सेमियाल नाथ,महेश द्विवेदी,संदीप दास,रणजीत बक्शी, शादाब अहमद,आकिब रजा,एस नीला,अभिषेक गुप्ता,नरेंद्र तिवारी,साहिल हियाल आदि मौजूद रहे।

# ईसर गौरा-गौरी विवाह महोत्सव धूमधाम से मना



**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। जगदलपुर शहर के पथरागुड़ा में ईसर गौरा गौरी विवाह महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

विदित हो छत्तीसगढ़ अंचल में गोंडी संस्कृति की महाप्राण ईसर गौरा - गौरी विवाह महापर्व पर आस्था प्रत्येक गोंडियन जन को है ।गोंड समाज के परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों का अनमोल धार्मिक पर्व है । यह पर्व सृजन की देवी, प्रकृति स्वरूपा गौरा स्वयं ईसर राजा के वैवाहिक आस्था का प्रतीक है। यह मनमोहक लोग गीतों एवं नृत्यों से सरोबार गोंड समाज का धरोहर है। यह पर्व 8 से 12 नवंबर तक पांच दिवसीय, माता मंदिर पथरागुड़ा के पास संतोष ध्रुव के निवास स्थान के सामने मनाया गया ।इस अवसर पर प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के लोग तथा मोहल्ले के सदस्यगण उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्ती योगदान दिए। विदित हो कि यह कार्यक्रम बहुत सालों पहले से बन्द पड़ा था समाज के नवयुवा पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने इस कार्यक्रम को फिर से जागृत करने बीड़ा उठाई और यह कार्यक्रम को सफलता पुर्वक संपन्न हुआ ।

इनमें मुख्य रूप से समाज के परिक्षत्र अध्यक्ष अशोक मंडावी,लीलेश्वर ध्रुव ,करण सिंह ध्रुव,संभागीय जिलाध्यक्ष संजय ध्रुव,राधेश्याम ध्रुव,ओमप्रकाश ध्रुव,केशव ध्रुव,निलकुंठ ठाकुर,घनश्याम ध्रुव,महिला प्रभाग से दया ध्रुव,गौरी ध्रुव,राधा ध्रुव,नव युवक नव युतियां,समाज के वरिष्ठ मातृ शक्तियों की सराहनीय भूमिका रही।

## 15 नवम्बर को भाई दूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित

**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा 13 नवम्बर 2023 सोमवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा पूर्व में गोवर्धन पूजा के लिए 13 नवम्बर को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए उसके स्थान पर 15 नवम्बर बुधवार को भाई दूज के अवसर पर सम्पूर्ण बस्तर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।उक्त स्थानीय अवकाश पर कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे।

# ट्रेन की चपेट में आकर दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल

- भांसी मासापारा के पास रेल्वे ट्रेक में हादसा
- खेलते-खेलते रेल्वे ट्रेक पर पहुंची थीं बच्चियां
- अचानक पहुंच गयी ट्रेन

**दंतेवाड़ा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के किरन्दुल वाल्टेयर रेल लाईन पर दो बच्चियां खेलते-खेलते पहुंच गयी और ट्रेन की चपेट में आ गईं। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गयीं, जिनका बचेली अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को राजधानी भेजने की तैयारी हो रही थी। घटना दंतेवाड़ा के भांसी मासापारा की है।

बच्चियां जैसे ही रेलवे ट्रैक पर पहुंची, वैसे ही दूसरी ओर से ट्रेन आ गई। दोनों बच्ची जबतक कुछ समझ पाती ट्रेन की चपेट में आ गईं। हादसे में घायल बच्चियों को तुरंत बेहतर इलाज के लिए बचेली अस्पताल में पहुंचाया जहां, बच्चियों की हालत को गंभीर होता देख बचेली से उनको रेफर कर दिया। इलाके के लोगों का कहना है कि हादसे में बुरी तरह से जख्मी हुई बच्चियां रेलवे ट्रैक के पास ही रहती हैं। घटना के वक्त दोनों वहीं पर खेल रही थीं, खेलते खेलते दोनों बच्चियां अचानक रेलवे ट्रैक के बीचों बीच आ गई. तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गयीं, और दोनों पटरी किनारे आ गिरी।

रेलवे ट्रैक के आस पार रहने वाले परिवार के बच्चे अक्सर खेलते खेलते रेलवे ट्रैक पर चले जाते हैं। इन हादसों को रोकने के लिए कई बार रेलवे के कर्मचारी रेलवे की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करते हैं तो कई बार फेंसिंग भी कराते हैं, पर अभी भी ग्रामीण इलाकों में रेलवे ट्रैक असुरक्षित हैं, जहां ऐसे हादसे आए दिन होते रहते हैं।

## विजय सिंह, अरूणाचल प्रदेश में आयोजित लिटरेचर फेस्टिवल में कविता पाठ के लिए आमंत्रित



**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)।नगर के कवि, रंग निर्देशक, सूत्र पत्रिका के सम्पादक विजय सिंह को अरूणाचल प्रदेश में 16 नवम्बर से 18 नवम्बर तक आयोजित होने वाले लिटरेचर फेस्टिवल में कविता पाठ के लिए आमंत्रित किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लेखक, कवि, पत्रकार, कहानीकार सहित साहित्य के और अन्य विद्या के लेखकों को आमंत्रित किया गया है। इस लिटरेचर फेस्टिवल में कविता पाठ के साथ विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श, संगोष्ठी भी आयोजित किया गया है। तीन दिन चलने वाले इस लिटरेचर फेस्टिवल को जनसम्पर्क विभाग अरूणाचल प्रदेश के द्वारा आयोजित किया जाता है। स्थानीय कवि को आमंत्रित किए जाने से क्षेत्र के साहित्यकारों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने इसे बस्तर के लिए गौरव का विषय बताया है।

# गोवर्धन पूजा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधि विधान से हुआ



**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में मंगलवार को पूरे विधि विधान के साथ गोवर्धन पूजा आयोजित की गई।इस आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंडितों की उपस्थिति में राउत समाज के सदस्य ने परंपरा का निर्वहन करते हुए पूजा करने के बाद खिचड़ी प्रसाद गाय को खिलाया और उसे प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालु ग्रहण किये।

विलुप्त होती इस गोवर्धन पूजा के जरिये सनातन संस्कृति और परम्पराओं को जीवित रखने और इसके जरिये आपसी सौहार्दय बनाये रखने की कोशिश लगातार वर्षों से भक्तजन कर रहे हैं। पंडित रोमित त्रिपाठी ने बताया कि वर्षों से लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में पूरी श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजा अनुष्ठान किया जा रहा है और इस अनुष्ठान में शहर के विभिन्न समाज के लोग पूरी आस्था के साथ शामिल होते है। पौराणिक कथा के अनुसार इंद्रदेव के प्रकोप से लोगों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली से गोवर्धन पर्वत को उठा कर लोगों से भी अपनी उंगली रखने को कहकर भयानक बारिश से उन्हें सुरक्षित बचाया था तभी से यह परम्परा का चलन शुरू हुआ ।लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा समिति की सदस्य सुषमा झा ने बताया कि इसमें गाय के गोबर से भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा बना उनकी छोटी उंगली से गोवर्धन पर्वत उठाने की प्रतिकृति बनाकर बाकायदा उसकी पूजा की जाती है । भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया जाता है।पूजा समाप्त होने के बाद गाय को पहले प्रसाद खिलाया जाता है और उसके बाद प्रसाद को श्रद्धालुओं में वितरित कर दिया जाता है। स्थानीय लक्ष्मीनारायण मंदिर में आज यह परम्परा नगर के श्रद्धालू भक्तों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई ।पूजा अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में श्रद्धालुओं में खिचड़ी और अनुभव प्रसाद प्राप्त किये।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, नए सदस्यों को मतदान के अधिकार मिलने से हर्ष

**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए मतदान तिथि 25 नवंबर दिन शनिवार निश्चित की गई है।विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व में यह चुनाव एक बारआई स्थगित किया जा चुका है। जिलाअधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद के लिए अरुण दास, राकेश दास और आनंद मोहन मिश्रा के नाम सामने आए हैं। अन्य पदों के प्रत्याशी भी अपने-अपने स्तर पर प्रचार अभियान चल रहे हैं लेकिन इस चुनाव में कोई एक पैनल के द्वारा सभी पदों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं होने के चलते स्वतंत्र रूप से ही प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। संघ चुनाव के लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक राय अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि चुनाव अधिकारी ने नए सदस्यों को मतदान का अधिकार देकर बहुत अच्छा निर्णय लिया है। वैसे भी विधानसभा चुनाव एवं आचार संहिता के चलते चुनाव की तिथि में परिवर्तन किया गया था ।यह अच्छी बात है की नए सदस्यों को मतदान का अधिकार दिए जाने से नए लोगों को भी मतदान का अधिकार प्राप्त होगा।यह अच्छा निर्णय है किंतु ऐसी स्थिति में क्या नामांकन की प्रक्रिया की तिथि बढ़ाया जाना अनिवार्य नहीं होगा।ऐसे में नए सदस्य जो जुड़े हैं यदि मतदाता सूची में जुड़े नए सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना चाहता है तो इस निर्णय से वंचित हो रहा है। मेरा सुझाव है की इस विषय पर भी विचार करना अनिवार्य है।यदि कोई विसंगति आती है तो जनरल बॉडी मीटिंग बुलाई जा सकती है।वैसे भी विधानसभा की गिनती तक तो आचार संहिता लागु ही रहेगा। जिस आचार संहिता के कारण पूर्व में एक बार चुनाव स्थगित किया गया है क्या वर्तमान में इस आचार संहिता के मध्य चुनाव करना विचार का विषय है इस पर भी विचार होना चाहिए।

# हमारी दीवाली रोशन करने वालों को बांटी खुशियां



- दंतेवाड़ा व्यापारी संघ की अनुकरणीय पहल
- दीये और पूजन सामग्री बेचने वाले ग्रामीणों को दी मिठाई
- सामाजिक सरोकारों से व्यापारी संघ का आत्मीय रिश्ता

**दंतेवाड़ा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। दीवाली पर दंतेवाड़ा में कुम्हाररास सहित आस-पास के गांव से ग्रामीण दीये और पूजन सामग्री बेचने आते हैं।मुख्य मार्ग के किनारे ये दुकान लगाकर बैठते हैं और धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक अपनी सामग्री बेचते हैं।अपने दीये बेचकर शहरवासियों की दीवाली रोशन करने वाले इन ग्रामीणों को खुशियां बांटने का शानदार और अनुकरणीय प्रयास व्यापारी संघ दंतेवाड़ा ने किया।

इन छोटे व्यापारियों और शिल्पकारों तथा कुम्हारों को मिठाईयां भेंट की गई तथा दीवाली की शुभकामनाएं भी दी गई। व्यापारी संघ की ओर से मनोज सुराना, आशुतोष सुराना और अन्य सदस्यों और पार्षद रेणु राव ने सह परिवार इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी निभाई।इनकी ओर से यह पहल विगत कुछ वर्षो से की जा रही है। इनका मानना है कि ये छोटे व्यवसायी कुम्हार, और अन्य ग्रामीण दीये, फूल, धान, नये चावल, सहित पूजा की पूरी सामग्री बेचने के लिए दंतेवाड़ा आते हैं।सुबह से रात तक यहां अपना सामान बेचते हैं। हमारी दीवाली रोशन कर जब ये अपने गांव पहुंचते हैं तो उनके घर में भी खुशियों और रोशनी की प्रतिक्षा उनके बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य करते हैं। हम अपनी शुभकामनाओं के साथ उन्हें मिठाई भेंट कर उनकी खुशियां बढ़ाते हैं। इससे एक आत्मीय प्रसन्नता होती है।

उल्लेखनीय है कि व्यापारी संघ इसी तरह के नेक कार्य के लिए हमेशा अग्रसर रहा है। कुछ दिनों पूर्व कैंसर की जांच और इलाज के लिए एक बड़ा कैंप जिला अस्पताल में इनके सौजन्य से लगाया गया था। इसी तरह अभी शारदीय नवरात्र पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भण्डारा भी आयोजित हुआ।सर्दियों में गरीब बच्चों को स्वेटर और जैकेट सहित अन्य गरम कपड़े इनकी ओर से गांव-गांव जाकर बांटे जाते हैं। सामाजिक सरोकार के लिए व्यापारी संघ की यह अनुकरणीय पहल कोरोना काल में भी लोगों तक पहुंची थी और सभी ने इसकी सराहना की थी।

# विद्युत मंडल देगा सवा लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और भरेगा 10 हजार का जुर्माना




**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में विद्युत मंडल को आवेदक को सवा लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और 10 हज़ार रु का जुर्माना अदा करने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि जगदलपुर निवासी अधिवक्ता युगलकिशोर तिवारी द्वारा विद्युत विभाग से 3 एच.पी. पंप हेतु विद्युत कनेक्शन प्राप्त किया गया था। विद्युत विभाग द्वारा आवेदक को त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल प्रदान किए जाने पर आवेदक द्वारा इसकी शिकायत किए जाने के पश्चात भी विद्युत मंडल द्वारा आवेदक के पंप का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था,जिससे आवेदक को फसल में लगभग सवा लाख रुपए के नुकसान हुई थी।जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रकरण में सुनवाई करते हुए या माना गया है कि विद्युत विभाग द्वारा आवेदक को त्रुटिपूर्ण पूर्ण विद्युत बिल प्रदान किया गया था जिसे आवेदक द्वारा बताए जाने पर भी विद्युत विच्छेद कर दिया गया था जिससे आवेदक को लगभग सवा लाख रुपए की फसल की नुकसानी हुई है तथा साथ ही त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल की राशि 15080/- के साथ विद्युत विभाग 10 हज़ार रु का जुर्माना भी आवेदक को अदा करेगा। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुजाता जायसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्ताशय का आदेश जारी किया गया है।

# मध्यान्ह भोजन रसोईयों को दो माह से नहीं मिला मानदेय

**जल्द मिले उनका पारिश्रमिक : सुब्रतो विश्वास**

**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)।दशहरा, दीपावली बिना पारिश्रमिक के कैसे रही होगी स्कूल के बच्चों को गर्मागरम भोजन कराने वाले परिवारों का ।जहाँ दो माह से मेहनत का मेहनताना गरीब परिवारों को नहीं मिला।कुछ रसोईया परिवार ने कहा कि हम गरीब परिवार चार रोटी की जुगाड़ के लिऐ पचास रूपये की रोजी में बच्चों का भोजन बनाने का काम करते है, पर हमारे लिऐ ,हमारे परिवार के लिऐ सोचने वाला कोई नहीं है ।बिजली का बिल तत्काल पटाना है ,पानी का बिल भी तुरन्त जमा करना है, राशन उधार नहीं मिलता ,तो हमारा पारिश्रमिक हमे हर माह क्यू नहीं मिलता ।सुब्रतो विश्वास ने तत्काल खण्ड शिक्षा अधिकारी से इस विषय मे बात किया। जल्द से जल्द सभी रसोईयो को उनका मानदेय मिले ,पहल करने कहा । जानकारी के अनुसार शासन द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराने के कारण दो माह से रसोईयों को उनका पारिश्रमिक नहीं मिलना ,दशहरा ,दीपावली में उदास रहना, छत्तीसगढ के लिए, छत्तीसगढ की सरकार के साथ हम सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जगदलपुर का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से भेंट कर दीपावली महापर्व की बधाई दी



**जगदलपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जगदलपुर का प्रतिनिधि मंडल आज कलेक्टर बस्तर से सौजन्य भेंट कर दीपावली महापर्व की तथा विधानसभा चुनाव बस्तर जिले में सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने की बधाई दी।इस संबंध में कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा चुनाव निर्विघ्न रूप से संपन्न करने का श्रेय केवल मेरा नहीं है, इसमें आप सभी कर्मचारी अधिकारी की महती भूमिका रही है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद भी दिया। इसी तारतम्य में कलेक्टर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि कलेक्टर बस्तर द्वारा घोषित तीन स्थानीय अवकाश में से गोवर्धन पूजा को राज्य शासन द्वारा सामान्य अवकाश घोषित किए जाने के कारण उक्त अवकाश के स्थान पर भाई दूज अथवा देवउठनी एकादशी का अवकाश देने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# मातृ वंदन योजना का प्रचार करने निकली फॉर्म भर रहे भाजपा महिला गिरफ्तार

**गरियाबंद,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। रविवार को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल मातृ वंदन योजना का प्रचार प्रसार करने निकले भाजपा महिलाओ को कांग्रेस के इशारे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सैकड़ों लोगों के उपस्थित में पुलिस दबंगई से उन्हें बिना वारंट हिरासत में लिया और सिटी कोतवाली थाना ले आई। भाजपा के दखल के बाद वही पुलिस ने वापस उसी स्थान में छोड़ने गई। घटना बाद जिला मुख्यालय में कांग्रेस भाजपा के बीच चुनावी पारा गरम हो गया है। घटना के बाद महिला कार्यकर्ता के हिरासत में लिए जाने को लेकर पुलिस और एसडीएम ठीक से जवाब नही दे पा रहे है। भाजपा ने मामले को शिकायत आब्जर्वर से कर दी है।



जानकारी के मुताबिक रविवार को भाजपा की दो महिला कार्यकर्ता नगर के वार्ड क्रमांक 06 में भाजपा का प्रचार प्रसार करने निकले थे। महिलाए डोर टू डोर भाजपा का घोषणा पत्र बांट रहे थे और योजनाओं की जानकारी दे रहे थे। तभी अचानक वहां कुछ कांग्रेसी पहुंच गए और उन्हें प्रचार प्रसार से रोकने की कोशिश की। कांग्रेस का आरोप था कि महिलाएं मातृ वंदन का फॉर्म भरवा कर प्रलोभन दे रही थी। जिसके कुछ देर बाद वहां एसडीएम पिस्दा, बिंद्रानवागढ़ की रिटर्निंग अफसर अर्पिता पाठक, सहायक रिटर्निंग अफसर तहसीलदार पोर्ते तथा सिटी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनो भाजपा महिलाओं को अपने हिरासत लेकर थाना ले गई।

- भाजपा का आरोप - हार के डर से कांग्रेस बौखलाई, ओछी हरकत में उतरी
- भाजपा का प्रचार कर रही महिलाओं को कांग्रेस के इशारे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

इधर,महिलाओं की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही भाजपाई भी थाना पर पहुंचे। कार्यवाही को लेकर नाराजगी भी जताई। पुलिस से पूछताछ भी की। कुछ मिनट बाद पुलिस उन्हें वापस वार्ड क्रमांक 06 में छोड़ने गई। जिसके बाद कांग्रेसियों ने थाना में एक आवेदन भी दिया और महिला कार्यकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। काफी देर तक कांग्रेसी थाने में ही नारेबाजी करते बैठे रहे।

मामले में मैनपुर एसडीएम हितेंद्र पिस्दा ने कहा कि आचार संहिता का उल्लघंन को लेकर कार्यवाही की गई। पार्टी ने सूचना दी थी। गिरफ्तारी नहीं हुई है, पुलिस अपने मर्जी से ले गई थी।

मामले में थाना प्रभारी कृष्णा जांगडे ने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार के निर्देश पर पंचनामा बनाकर महिला को कथन के लिए थाना ले थे। कुछ देर बाद वापस छोड़ दिया।

इधर, घटना के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। भाजपा ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस हार के डर से बौखला गई है। भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र पर जनता को भरोसा है, मोदी जी की गारंटी है जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। अपने हार के डर से इस तरह के हड़कंडे अपना रही है।

# वैशाली नगर विस में प्रचार में जुटे अवधेश



**दंतेवाड़ा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को संपन्न हुआ। इसके बाद जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को दूसरे चरण के प्रचार के लिए प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भेजा गया है।

- जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी भी कर रहे प्रचार
- 17 को है दूसरे चरण का मतदान

दंतेवाड़ा से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार में जुटे हुए हैं। उन्होंने सोमवार को उत्तर भारतीय समाज के लोगों के बीच प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उनके साथ दंतेवाड़ा से सलीम रजा उस्मानी, मनीष भट्टाचार्य, तपन दास तथा कुमार स्वामी झाड़ी भी वैशाली नगर में डटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जिला कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों को भी अलग-अलग हिस्सों में प्रचार के लिए बुलाया गया है। राज कुमार तामो गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस विमल सुराना कुरूद विधानसभा में प्रचार के लिए गए थे।

## बुजुर्ग महिला से अनाचार करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा,** 14 नवंबर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को महिला संबधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है, कि अति. पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 409/2023 धारा 456,376,506 भादवि के आरोपी को गिर. करने में मिली सफलता। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया थाना हाजिर आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने परिवार के साथ रहती हूं। बांये तरफ हाथ, पैर से लकवा ग्रस्त हूं। घर में ही रहती हूं मेरे तीन लड़के है तीनों बेटा का शादी हो गया है। घर के पहले कमरा में अकेली रहती हूं। दिनांक 11-12/11/2023 के दरमियानी रात 12 से 1 बजे के मध्य अपने कमरे में सो रही थी। तभी कल्याण सागरपारा वार्ड भाटापारा का लड़का राजा भारद्वाज पिता घनाजी भारद्वाज मेरे कमरे के अंदर आया और मेरे सामने शराब पीकर जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। साथ ही चिल्लाने एवं किसी को बताने पर गला दबाकर जान से मारने की धमकी दिया। कि प्रकरण में आरोपी राजा भारद्वाज पिता घनाजी भारद्वाज को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# पुष्पा जगन्नाथ साहू ने किया छग की संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास

**फिंगेश्वर,** 14 नवंबर। ग्राम बोरसी में शनिवार रात्रि कालीन सुआ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष आयोजन किया गया श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कहा छत्तीसगढ़ की परंपरा रही है कि सुआ दीपावली के पूर्व महिलाओं द्वारा गाए जाने वाला गीत है इस लोकगीत में स्त्रिया तोते के माध्यम से संदेश देते हुए गीत गाती है इस जीत के जरिए स्त्रियां अपने मन की बात बताती है इस विश्वास के साथ कि वह सुआ (तोता )उनकी व्यथा उनके प्रिय तक पहुंचेगी। आज हमारे गांव बोरसी की बेटियां द्वारा इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने से इस लोकगीत का महत्व बढ़ते नजर आ रहे हैं और अपनी परंपरा अपनी सभ्यता अपने छत्तीसगढ़ के रीति रिवाज को सहने का काम आप लोग कर रहे हैं इस कार्यक्रम में लड़कियां अपने टीम बनाकर बहुत ही सुंदर छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ बाजार चौक में अपनी नृत्य दिखाई ।सुआ नृत्य के साथी रही - चिंकी सिन्हा, ज्योति साहू ,जया देवांगन, खुशी देवांगन ,कुसुम साहू ,ललिता साहू ,निक्की यादव रिया यादव, साक्षी साहू।



## प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के 15 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



**बिलाईगढ़,** 14 नवंबर(देशबंधु) ।बिलाईगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने 15 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्था, निर्वाचन नियमों के अनुसार पालन करने के लिए बीएलओ एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया। श्री पवन कुमार द्वारा जिन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया उनमें सिंघीचुंआ, चचरेल, पिरदा, चारपाली, बोडाडीह, बोड़ा, सुरगुली, धनसीर, बांसउरकुली, तांडापारा, खैरझिटी, भण्डोरा, खुरसुला, करियाटार शामिल हैं।

### प्रेक्षक पवन कुमार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए

**बिलाईगढ़,** 14 नवंबर (देशबंधु) ।बिलाईगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार पवनी में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मतदाता संकल्प भी सामूहिक रूप से लिया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी और एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी उपस्थित थीं।



## 16 व 17 को अखबार में छपने वाले राजनीतिक विज्ञापन का पूर्वप्रमाणन आवश्यक

**बिलाईगढ़** 14 नवम्बर (देशबंधु)। जिले में मतदान दिवस 17 नवंबर एवं मतदान दिवस के एक दिन पूर्व 16 नवंबर को प्रिंट मीडिया अखबार में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है। राजनीतिक विज्ञापन के अधिप्रमाणन के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है। कोई भी राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी या अन्य संस्थान मतदान दिवस एवं मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराने वाले राजनीतिक विज्ञापन का प्री सर्टिफिकेशन अवश्य कराएं। जनपद पंचायत सारंगढ़ में एमसीएमसी टीम में प्रीसर्टिफिकेशन के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं।

## सारंगढ़ व बिलाईगढ़ विस के पुलिस प्रेक्षक मीणा से कर सकते हैं निर्वाचन शिकायत

**बिलाईगढ़** 14 नवम्बर (देशबंधु) ।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आईपीएस राजेन्द्र कुमार मीणा को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ अंतर्गत किसी भी निर्वाचन संबंधी शिकायत आदि के लिए श्री मीणा से मोबाइल नंबर 75870-16592 पर संपर्क कर सकते हैं।

# वेबकॉस्टिंग वाले मतदान केन्द्र में इंटरनेट लाइन का बटन बंद नहीं करें : डॉ. सिद्दीकी

## मंडी परिसर में निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी की व्यवस्था के संबंध में हुई चर्चा

**बिलाईगढ़,** 14 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन करने हेतु नोडल अधिकारियों की बैठक लिया। बैठक में डॉ. सिद्दीकी ने निर्देश दिया है कि वेब कांस्टिंग वाले मतदान केन्द्र में संबंधित कोई भी कर्मचारी इंटरनेट से जुड़े किसी भी बटन को जब से वह शुरू किया गया है तब से लेकर मतदान समाप्ति के बाद तक बटन बंद नहीं करना है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र से जुड़े बीएलओ, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक आदि मुख्यालय में उपस्थित रहे।



बैठक में मंडी परिसर में सांउड-माइक, लाउडस्पीकर, पुलिस, पेयजल, शौचालय, बायोटायलेट, पार्किंग आदि के व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन मुख्य केन्द्र (मंडी परिसर) में विद्युत और जनरेटर व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी श्री नरेन्द्र नायक को निर्देशित किया। इसके साथ ही साथ वेब कांस्टिंग वाले मतदान केन्द्र में विद्युत और जनरेटर व्यवस्था के लिए कहा। इसी प्रकार डॉ. सिद्दीकी ने मंडी परिसर में शौचालय की साफ-सफाई के लिए सीएमओ श्री राजेश पांडेय को, पेयजल के लिए पीएचई के अधिकारी कमल कंवर को, मेडिकल सुविधा के लिए सीएमएचओ डॉ. निराला को, पूरे परिसर में हो रहे गतिविधियों के फ्लैक्स प्रिंट के लिए नोडल अधिकारी श्री हरिशंकर चौहान और पीडल्यूडी के अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी.एक्का आदि उपस्थित थे।

# चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी में मनी दीपावली बच्चों ने बनाई रंगोली व फोड़े पटाखे

**भाटापारा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के द्वारा लगातार भाटापारा के बाल मंदिर परिसर में कराटे का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है दीपावली पर चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी के बच्चों के द्वारा परिसर में मौजूद कृष्ण भगवान की मूर्ति के सामने रंगोली बना कर दीपों से सजाकर भगवान कृष्ण एवं लक्ष्मी माता की पूजा - आरती कर इष्ट देव हनुमान जी की पूजा आरती की गई और दीपावली का पर्व पटाखे फोड़ कर बच्चों ने मनाया।



काफी उत्साह के साथ बाल मंदिर परिसर में दीपों से चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी की आकृति बनाकर दीपावली का उत्सव चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रशिक्षकों ने अपनी संस्कृति से बच्चों को अवगत कराने हेतु दीपावली का यह त्योहार धूमधाम से मनाया यह एकेडमी निरंतर अपनी संस्कृति एवम पर्वों से जुड़ी परंपराओं और मान्यताओं को निभाती आई है। उक्त अवसर पर जिला कराटे संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के नेतृत्व में एवम चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान उपाध्यक्ष हिमांशु ध्रुव सह-सचिव महेश राजपूत एकेडमी प्रशिक्षक धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, यशवंत साहू, प्रतीक द्विवेदी विपिन साहू, गौरव साहू एवं एकेडमी प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों में शुभ संकल्प यदु, कात्यानी चौहान, ओम चौरिया, प्रवीण मोहले, पावनी शर्मा , हिमानी शर्मा, आर्चिस विभा कोसले, कौशिकी चौहान , दीपावली के शुभ अवसर पर एकेडमी में मौजूद रहे।

## निधन

### आदित्य सिंह ठाकुर



**महासमुंद,**14 नवंबर । ग्राम सिरपुर निवासी आदित्य सिंह ठाकुर 60 वर्ष का 13 नवंबर को निधन हो गया। वे प्राथमिक शाला पासिद में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बड़गांव (बिरकोनी) में किया गया। जिसमें काफी संख्या में शिक्षकगण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सुखदेव पटेल



**महासमुंद,**14 नवंबर । जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी सुखदेव पटेल 58 वर्ष का 14 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे टेकन पटेल, राकेश पटेल के पिता व सीताराम पटेल, बलदेव पटेल, गणेश पटेल के भाई थे।

### युगल किशोर टाटिया



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,**14 नवम्बर। अर्जुनी निवासी युगल किशोर टाटिया उम्र 43 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 नवंबर को हो गया। जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में 14 नवंबर को संपन्न हुआ। वे रमेश कुमार, महेंद्र कुमार, मनीष कुमार, राकेश कुमार के लघु भ्राता वं डिंपल टाटिया के बड़े भाई थे।

## प्रेक्षक ने चुनाव कंट्रोल रूम, सी विजिल एवं मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

**महासमुंद,**14 नवंबर (देशबंधु)। व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा के द्वारा आज चुनाव कंट्रोल रूम, सी विजिल एवं मीडिया प्रमाणन समिति एमसीएमसी का निरीक्षण किया गया तथा विधानसभा क्षेत्र बसना एवं सरायपाली से प्राप्त शिकायतों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रभारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। मीडिया सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया से संबंधित संधारित किए जा रहे पंजियों का अवलोकन किया। इस संबंध में कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जांच के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारी एसके टंडन एवं मीडिया केंद्र प्रभारी पोषण साहू उपस्थित थे। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा क्षेत्र सरायपाली के सहायक व्यय प्रेक्षक शैलेंद्र वर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र बसना के सहायक व्यय प्रेक्षक विपुल बरई से प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली लेखाओं की जांच की तैयारी की समीक्षा की गई।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मध्यान्ह भोजन रसोईयों को...

छत्तीसगढ़वासियों के लिए निन्दनीय है। कई परिवार शासन की उदासीनता के कारण दीपावली खुशियों के साथ नहीं मना पाया। आने वाले समय में ऐसे लोगों को समय पर उनका मानदेय मिले इसकी चिन्ता सम्बन्धित जिम्मेदारों को होनी चाहिए।

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन...

में फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, मनोज कुमार, रज्जी वर्गीस , दिनेश रायकवार, अनिल गुप्ता, राम प्रभाकर मिश्रा, राजेंद्र परगनिया, संजय वैष्णव, मुकेश पाणिग्रही, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती आशा दान, नीलम मिश्रा, हेमलता नायक, पूर्णिमा देहारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# अवैध विस्फोटक फटाखा बिक्री करने वाले 2 व्यक्तियों पर कार्रवाई

**भाटापारा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। आरोपीयों से जप्त विस्फोटक फटाखा 01. दिवाली माचिस 06 डिब्बी ,फुल झडी बडा 04 पैकेट , फुल झडी छोटा 30 पैकेट, अनारदाना 05 पैकेट, छोटा चरखी 05 पैकेट, टिकिया 12 पैकेट, चुरचुटिया फटाखा 07 पैकेट किमती 750 रूपये 02. फुल झडी छोटा 30 पैकेट, सर्प गोली 01 पैकेट, छोटा चरखी 05 पैकेट, टिकिया 04 पैकेट, दीवाली माचिस 01 पैकेट ,अनारदाना 02 पैकेट जुमला किमती 650 रूपये दोनो प्रकरण में कुल 1400 रूपये पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से विस्फोटक फटाखा बिक्री,बिना लाईसेंस फटाखा बिक्री करने वालो पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। दिनांक 09.11.2023 को अवैध रूप से विस्फोटक फटाका बिक्री,बिना लाईसेंस फटाका बिक्री कार्यवाही हेतु टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था दौरान पेट्रोलिंग मुखबीर सूचना मिला कि दो व्यक्ति हटरी बाजार में अवैध रूप से विस्फोटक फटाखा बिना लाईसेंस के बिक्री कर रहे है कि सुचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो को साथ लेकर मुखबिर के बताए जगह के पास के घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपीयों 01. मोहम्मद यासीन पिता स्व. नूर मोहम्मद सा. संतरविदास वार्ड भाटापारा शहर ,02. मोहम्मद रफीक पिता हाजीवली मोहम्मद सा. सदर वार्ड भाटापारा को पकडे जिनके कब्जे से आरोपी 01. दिवाली माचिस 06 डिब्बी ,फुल झडी बडा 04 पैकेट , फुल झडी छोटा 30 पैकेट, अनारदाना 05 पैकेट, छोटा चरखी 05 पैकेट, टिकिया 12 पैकेट, चुरचुटिया फटाखा 07 पैकेट किमती 750 रूपये 02. फुल झडी छोटा 30 पैकेट, सर्प गोली 01 पैकेट, छोटा चरखी 05 पैकेट, टिकिया 04 पैकेट, दीवाली माचिस 01 पैकेट ,अनारदाना 02 पैकेट जुमला किमती 650 रूपये दोनो प्रकरण में कुल 1400 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपीयो के विरूध्द अपराध धारा 286 भादवि एवं 9 (ख) (1) (ख) विस्फोटक अधिनीयम के तहत कार्यवाही किया गया।



**आरोपीयो का नाम**- 1. मोहम्मद यासीन पिता स्व. नूर मोहम्मद सा. संतरविदास वार्ड भाटापारा शहर, 2. मोहम्मद रफीक पिता हाजीवली मोहम्मद सा. सदर वार्ड भाटापारा।

# कांग्रेसियों ने मनाया बाल दिवस

## मनोज मंडावी की जयंती पर उन्हें याद किया



**भानुप्रतापपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के कांग्रेसियों ने भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई, वही इसी दिन भानुप्रतापपुर के पूर्व विधायक स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी की जयंती भी थी, जिस पर कांग्रेस जनों द्वारा स्वर्गीय मनोज मांडवे की जयंती भी मनाई गई।

मुख्य चौक पर कांग्रेस जनों ने सर्वप्रथम पंडित नेहरू की छायाचित्र पर पुष्प अर्पण व माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं के द्वारा पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों को बताया गया तथा पंडित नेहरू की तरह निर्भीक व देश हित के लिए जी जान लगाने वाला बनने की अपील की गई। इसके बाद स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उन्हें भी याद किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने नगर में पूरी सब्जी के पैकेट वितरित किए तथा राहगीरों व आम जनों को रोक-रोक कर पूरी सब्जी खिलाई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पढ़ी, सुनाराम तेता, किरण डोंगरे, राजकुमार ठाकुर, जितेंद्र बेंजामिन,तुषार ठाकुर, सीमा गुप्ता, विजय धामेचा, तुलाराम साहू ,रवि दुगा, गणेश सोनी, भोला साहू, नमन जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# गौरा-गौरी उत्साह पर उमड़ा जन सैलाब विसर्जन को देखने हजारों नगरवासी उपस्थित रहे



**लवन,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के गोवर्धन पूजा के दिन आज 14 नवंबर को नगर में पांच स्थानों पर स्थापित गौरा गौरी उत्सव के विसर्जन के समय नगर वासियों का जन सैलाब उमड पड़ा मुख्य मार्ग के डिवाइडर के दोनों तरफ अलग-अलग गौरा गौरी उत्सव के चलते एक घंटा मुख्य मार्ग चक्का जाम जैसा स्थिति निर्मित रहा पुलिस के बल एवं फौजी के जवान लगातार वाहनों के लिए रास्ता बनाते रहे लवन नगर में गौरा गौरी उत्सव का नजारा आज देखने के लायक रहा हजारों की संख्या में लोगों की जनसंख्या उमड पड़ा गौरा गौरी उत्सव का यह कार्यक्रम आज गोवर्धन पूजा के दिन विसर्जित हुआ नगर के कुल पांच स्थान गोडपारा अहिल्दा चौक वार्ड नंबर 2 वार्ड नंबर 4 में बीती रात्रि भगवान शंकर एवं पार्वती की मूर्ति स्थापना कर गौरा-गौरी का उत्सव मनाया गया गौरा गौरी उत्सव में नाच गाने के लिए ढोल मांदर की आवाज से गौरा ताल के साथ नाच गान करते देखे गए नगर वासियों द्वारा गौरा गौरी उत्सव के विसर्जन जुलूस यात्रा में खूब पटाखे फोड़ कर आनंद लिए नाच गान करने में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की रुचि ज्यादा दीखी महिलाओं में बच्चों से लेकर बूढ़े तक नाच गान करते देखे गए नगर में पहली बार लोगों की भीड़ इतनी ज्यादा रही कि संभालने में लवन पुलिस को फौजियों का सहारा लेना पड़ा।

इधर नगर व ग्रामीण अंचल में आज किसान लोगों ने अपने गाय माता को दाल भात रोटी बडा के साथ भोजन करने की भी परंपरा निभाई गई वहीं नगर के मुख्य बाजार चौक में राउत नाच महोत्सव का आयोजन भी देर शाम किया गया रावत नाथ महोत्सव में लोगों द्वारा एक दूसरे का गोबर से टीका लगाकर गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई दी गई। नगर में पहली बार मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की गई है कुल तीन स्थान मुख्य मार्ग में अहिल्दा मोड पर आर्य समाज बड़ा चौक के सामने व ठाकुर देव चौक में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की गई है जहां विधिवत पूजा अर्चना किया जा रहा है बताया गया कि मां लक्ष्मी की मूर्ति की विसर्जन 15 नवंबर को बाजे के साथ बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा ।

# चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**सिमगा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को मात्र दो दिन शेष हैं शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन ने सिविल लाइन होते हुए रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग तथा नगर के अंदरूनी हिस्सों में फ्लैग मार्च नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की । फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी मंजूलता राठौड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान एसआई किशुन कुभंकार एएसआई नरेन्द्र मारकंडे सहित पुलिस बल बड़ी संख्या में थे।

# दुर्गा मंदिर में अग्रवाल समाज ने मनाई दीवाली मिलन समारोह

**बागबाहरा,** 13 नवंबर (देशबंधु)। नगर के प्रसिद्ध आदि शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर सेवा समिति एवं अग्रवाल समाज बागबाहरा के तत्वावधान में अन्नकूट प्रसादी एवं दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम मन्दिर समिति प्रांगण बागबाहरा में आयोजित किया गया। जिसमें अग्रवाल समाज, मंदिर समिति, पत्रकार बंधु एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू मौजूद थे। जिन्होंने अपनी उपस्थिति देकर समाज की खूब तारीफ़ कर धन्यवाद दिया। दुर्गा मंदिर में दीवाली मिलन आयोजित कर अग्रवाल समाज ने उत्साहपूर्वक मनाया। जिसकी सभी लोगों ने प्रशंसा किया। इस दौरान दीपावली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित स्वीप ब्रांड एम्बेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु समाज के लोगों से अपील किया है। ताकि दीवाली एवं चुनई तिहार को सही ढंग से मनाया जा सके। इस मिलन समारोह कार्यक्रम में दुर्गा मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (पप्पू भैया), सचिव राहुल अग्रवाल , संतोष अग्रवाल, रामानंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रुपेश तिवारी, ललित सोनी वरिष्ठ पत्रकार, शांतिलाल श्री श्रीमाल, ओमप्रकाश जिंदल, पवन सराफ, नरेश जैन, रामजी तिवारी, जगदीश पुजारा, लोमहर्षण तिवारी, राजनारायण शुक्ला, जोगेन्द्र सिंह, हेमंत तिवारी, नाथूलाल अग्रवाल , अर्जुन गुप्ता, मनसुख परमार, प्रेम चंद्राकर, श्रवण अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, संजय मालवे, खोमेश साहू, अभिषेक अग्रवाल, उल्लास दास, अविनाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, अविनाश कोसे, पुरषोत्तम ओझा, चेतन पांडे, राजू जैन, मनोज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, भावेश तिवारी, दिलीप अग्रवाल, नरेश चंद्राकर, जयकांत गंडेचा, ऋषि अग्रवाल, आरपी दुबे, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, बलदाऊ चंद्राकर, बोधराम पटेल आदि गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# जुआ खेल रहे जुआरियों को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के थाना फरसगांव पुलिस द्वारा जुआरियों से ताश के 52 पत्ते सहित कुल 7200 रुपये जप्त करने के साथ ही जुआ खेल रहे जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है।

कोण्डागांव जिले में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते (सीपीएस) के मार्गदर्शन में दिवाली पर्व की रात को अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनिल कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में फरसगांव थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, जुआ जैसे सभी अपराधों पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही कर रहे हैं।

फरसगाँव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रांधना अमोड़ीपारा में दीवाली पर्व की रात जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम बनाकर घटना स्थल के लिए रवाना हुई, सभी जुवारियों को घेराबन्दी कर पकड़ा गया। जुआरियों के पास से ताश के 52 पत्ते सहित कुल रकम 7200 रुपये नगदी जप्त किया गया और सभी जुआरियों के खिलाफ थाने में जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में फरसगाँव थाना प्रभारी निरीक्षक विजय वर्मा, उप निरीक्षक नरेश साहू, कृष्णा सोनवानी, आरक्षक नारायण षार्दुल, संतोष एक्का सहित अन्य पुलिस जवान का विशेष योगदान रहा।



**सिमगा।** धूमधाम से मनाया गया गौरा-गौरी का पर्व।

## लक्ष्मी का प्रतिमा विसर्जित



**खरोरा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम केशला में प्रगति अर्ध नागेश्वर लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा चौक में स्थपित लक्ष्मी माता की प्रतिमा को बड़े ही धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ गांव में भ्रमण करा कर स्थानीय तालाब में विषर्जन किया गया। लक्ष्मी उत्सव समिति में सभी सदस्य एवं ग्रामीण भारी संख्या में शामिल हुए।

## सारंगढ बिलाईगढ़ जिले के संपूर्ण शराब दुकान व बरगढ़ जिला के 20 मदिरा दुकान रहेगा बंद

**बिलाईगढ़** 14 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के घोषित मतदान के मद्देनजर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानों (सीएस-2 घघ), कंपोजिट मदिरा दुकानों (सीएस-2 घघ कंपोजिट) तथा विदेशी मदिरा दुकानों (एफएल-1 घघ) को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व (15 नवंबर को शाम 5 बजे) से लेकर 17 नवंबर 2023 को मतदान समाप्ति तक पूर्णत: बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि का आदेश जारी किया है। इस शुष्क अवधि में मदिरा का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार ओड़िशा के बरगढ़ जिला कलेक्टर ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला और महासमुंद जिला से जुड़े समीपवर्ती 20 मदिरा दुकानों को उक्त अवधि में बंद रखने का आदेश जारी किया है।

# पारंपरिक परिधान में केशला स्कूल में सुवा नृत्य व राऊत नाचा का आयोजन



**खरोरा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में धनतेरस त्यौहार के अवसर पर सुवा नृत्य एवं राऊत नाचा का आयोजन किया गया ।सुवा नृत्य में कक्षा पहिली से कक्षा पाँचवी तक की बालिकाओं ने अपने अपने कक्षाओं का ग्रुप बनाकर अलग-अलग सुवा नृत्य प्रस्तुत करते हुए आकर्षक परिधान में स्वयं सुवा गीत गाते हुए अपने कला का प्रदर्शन किया । कक्षा पहिली के कोमल प्रीत कौर,कनिष्का ग्रुप,कक्षा दूसरी यामीनी ,चंचल,भूनिका ग्रुप ,कक्षा तीसरी अ खिलेश्वरी ग्रुप,कक्षा तीसरी ब प्रियांशी ग्रुप,कक्षा चौंथीं से साक्षी ग्रुप,कक्षा पाँचवी से पूर्णिमा ग्रुप ने आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुतीकरण कर सबका दिल जीत लिया ।सुवा नृत्य प्रतियोगिता में कुमारी पूर्णिमा ग्रुप प्रथम एवं कुमारी कोमल प्रीत कौर ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे ।शिवम, संदीप, यश, करण, गोपाल, योगेश, अनमोल, साहिल, अरविंद, देवेंद्र आदि बच्चों ने राऊत नाचा का अनेक प्रकार के दोहे गाकर मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया, बच्चों के उत्साह वर्धन करने के लिये संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने भी बच्चों के साथ बच्चा बनकर देवारी का दोहे गाकर राऊत नाचा में भाग लिया। अंत में सभी ग्रुप के बालिकाओं के द्वारा सामूहिक रूप में आकर्षक, मनमोहक, सुवा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा,जयप्रकाश टंडन,लता देवांगन,अंजनी गिलहरे, गणेश्वरी नवरंगे,रेखा देवांगन, किरन वर्मा, इंदु देवांगन।

# रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाई खरोरा

**खरोरा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। अंधकार पर प्रकाश की विजय के महापर्व दीपावली का पर्व खरोरा में धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव पर दीपों की रोशनी से जगमगाई खरोरा नगर ।जगमग रंग -बिरंगी रोशनी से घर ,गली,मुहल्ले, सड़कें, रोशन रहे। देर रात्रि तक नगरवासी माता लक्ष्मी जी का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

रविवार को शुभ मुहूर्त में घरों एवं दुकान सहित मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर माता लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया और सुख -समृद्धि की कामना की। दीपावली त्यौहार में सबसे महत्वपूर्ण दिन मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना का रहता है इस दिन सभी घरों से लेकर दुकानों और इस दिन अन्य स्थानों पर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाती है एवं मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना की जाती है कुछ स्थानों पर मां लक्ष्मी की मूर्ति की स्थापना भी की जाती है जहां धूमधाम से पूजार्चना के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है दीपावली का त्यौहार एक खास त्यौहार होता है जिसमें लोग नए कपड़ों के साथ पटाखे को फोड़ते हैं बच्चों में दीपावली त्यौहार को लेकर दिन काफी उत्साह देखने को मिलता है उनमें नए कपड़े और को लेकर जहां उत्सुकता रहती है। वहीं पटाखे को की लेकर भी उनके मन में खुशी बनी रहती है। नगर से लेकर गांव तक चल शाम से मध्य रात्रि तक पटाखे की गुंज सुनाई पड़ रही थी। आसमान में मां रंग-बिरंगे कलर दिखलाई पड़ रहे थे देर रात तक पटाखे चलाते रहें और लोगों ने जमकर त्यौहार का मजा भी लिया त्यौहार में एक और खास बात मिठाई की मांग ज्यादा बनी रहती है क्योंकि लोग अपने आसपास के पड़ोसियों के साथ दीपावली त्यौहार की खुशियां मिठाई की मिठास से बाटते है।



# केसला में-गौरी शोभायात्रा निकाली गई



**खरोरा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। गौरा-गौरी उत्सव की इस साल की धूम रही। गांव से लेकर शहर तक परंपरिक बाजे की थाप पर लोग झूमते रहे। ईश्वर गौरी गौरा के नारे लगते हैं।

खरोरा सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में सहित ग्राम परसदा ,केसला में कई जगह गौरी गौरा की मूर्ति स्थापित पूजा की गई। दूसरे दिन यात्रा विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई जो। इस मौके पर लोगों ने गाजे-बाजे के साथ गौरी -गौरा के गीतों पर थिरकते रहे। गौरी गौरा की बारात निकाली जो पूरे गांव की गलियों का भ्रमण कर। गांव में गौरी -गौरा महोत्सव के पश्चात विसर्जन का कार्यक्रम स्थानीय तालाब में विसर्जित किया गया इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# चुनाव के अंतिम दौर में प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

**ललित सोनी**

**बागबाहरा,** 14 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही खल्लारी क्षेत्र के प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने झोंक दी है। प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जाकर दीपावली, गोवर्धन पूजा, मातर एवं देवउठनी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उसे रिझाने में लगे हुए हैं। वैसे तो खल्लारी क्षेत्र के चुनाव में कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर है। यह क्षेत्र शुरु से ही कांग्रेस का गढ़ रहा है। लेकिन बीच में राजनीतिक समीकरण बदलने से भाजपा को चार विधायक बनने का मौका मिल गया।

यहाँ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों अपनी-अपनी पार्टी का घोषणा पत्र का गारंटी दे रहे हैं। दोनों पार्टी के प्रत्याशी गांव , गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला, छात्र-छात्राएं, बुजुर्गों एवं व्यापारियों को अपने-अपने पक्ष में साधने लगे हैं। वैसे तो इस क्षेत्र में मतदाताओं का झुकाव कांग्रेस पार्टी की ओर ज्यादा दिख रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी एवं मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव भाजपा की नए चेहरे जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी श्रीमती अलका चंद्राकर को सीधी टक्कर देने में जी जान से जुटे हुए हैं। खल्लारी क्षेत्र का चुनाव दोनों के लिए रोचक व चुनौती बना हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव में मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भाजपा की प्रत्याशी रही मोनिका साहू को लगभग 57 हजार वोटों से एकतरफा जीत हासिल कर करारी शिकस्त दिया था। जिसे भाजपा वाले आज तक भूल नहीं पाए हैं। सबसे पहले तो इतने बड़े गड्ढों को पाटना भाजपा के लिए सिरदर्द बना हुआ है। घोषणा पत्र में किए जा रहे वायदों को दोनों पार्टी कांग्रेस एवं भाजपा अपने-अपने तरीके से गारंटी दे रहे हैं। लेकिन यह मतदाताओं के बीच कितना खरा उतरता है, यह तो मतगणना के दिन ही पता चलेगा।





लेकिन राजनीतिज्ञों एवं जानकार सूत्रों का कहना है कि खल्लारी क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की ओर मतदाताओं का झुकाव ज्यादा है। कांग्रेस शुरु से ही अपना दबदबा बनाए हुए हैं। मतदाता भाईयों-बहनों के बीच जाकर सीधे सम्पर्क कर रहे हैं। जिससे इस क्षेत्र में कांग्रेस का माहौल बना हुआ है। वहीं भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर भी चुनाव जितने के लिए एड़ी चोटी एक लगा दी है। चुनाव में दिन रात भिड़ी हुई हैं। यहाँ का चुनाव काफी दिलचस्प एवं रोचक बना हुआ है। कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच दोनों में कड़ी टक्कर है। दोनों एक-दूसरे को कड़ी मात देने में जुटे हुए हैं। खल्लारी क्षेत्र में वर्ष 1977 से लेकर 2018 तक कांग्रेस ने पाँच बार जीती है। वहीं भाजपा ने भी पाँच बार जीती है। लोगों का मानना है कि इस क्षेत्र में भूपेश बघेल सरकार के द्वारा किसानों एवं महिलाओं के हित में लिए गए

कर्जा माफी की वायदे कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को लाभ दिलाते हुए उनके नैया पार करा सकती है।

# भगवान श्रीकृष्ण की श्रद्धा व भक्ति का पर्व गोवर्धन पूजा जिसे अन्नकूट भी कहा जाता है



**सिमगा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। गोवर्धन पूजा का पर्व परंपरागत एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया ।गोवर्धन चौक में शाम को गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की छबि बनाकर अक्षत व फूल चढाकर दीप जलाकर भाव भक्ति से गिरिराज जी से प्रार्थना किया कि हम लोगों जीवन में सब कष्टों से सदा बचाए रखे गौ माता की पूजा अर्चना कर नये चावल से बने खिचड़ी एवं 56 भोग खिलाया गया। इस त्यौहार को परंम्परागत एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया ।गोवर्धन पूजा में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर उपस्थित हुए ।

उल्टा पुल्टा

**पत्नी (पति से)**- तुम तो कहते थे कि शादी के बाद भी मुझे खूब प्यार करोगे?

**पति**- सॉरी यार! मुझे क्या पता था कि तुम्हारी शादी मेरे साथ हो जाएगी!

# मतदान केंद्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का करें प्रबंधः कलेक्टर

**रायपुर**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के तैयारियों के परिपेक्ष्य में बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधा (एएमएफ) प्रदान करना सुनिश्चित कर लें। एक से अधिक मतदान केंद्र होने पर और अधिक मतदाताओं वाले केंद्रों में क्यू प्रबधन के लिए बेहतर व्यवस्था करें। सभी रिटर्निंग ऑफिसर अपने संबंधित विधानसभा में मतदान अधिकरी-कर्मचारियों को ईव्हीएम की सुरक्षा और अन्य कार्यों के लिए निर्देशित करें। मतदान सामग्री के वितरण-प्रबधन के लिए प्रशिक्षण प्रदान करें। प्रत्येक राजनौतिक दलों या अभ्यर्थी के लिए मतदान केंद्र के समीप निर्वाचन बूथ लगाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना होगा। साथ ही उन्होंने मतदान के 72 घंटे पूर्व किये जाने वाले कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी श्री प्रशांत अग्रवाल भी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने बताया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन बूथ मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी पर बनाये जायेंगे। ऐसे जगह जहां एक लोकेशन पर एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं वहां सभी मतदान केन्द्रों के लिए किसी राजनैतिक दल/प्रत्याशी द्वारा एक निर्वाचन बूथ बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों द्वारा स्थापित निर्वाचन बूथ में केवल एक टेबल एवं दो कुर्सी रखी जायेंगी। वहां बैठने वालों के लिए छतरी का प्रयोग किया जा सकेगा। कनात एवं टेन्ट का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

डॉ. भुरे ने कहा कि इस प्रकार का निर्वाचन बूथ बनाने का इच्छुक अभ्यर्थी लिखित में रिटर्निंग ऑफिसर को मतदान केन्द्र का क्रमांक एवं नाम बताते हुए पूर्व सूचना देगा। वह शासकीय प्राधिकारी या लोकल प्राधिकारी जैसे निगम, नगर पालिकाओं, जिला परिषद, नगरीय क्षेत्र कमेटी, पंचायत समिति आदि से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्वाचन बूथ बनाने से पहले अनुमति प्राप्त करेगा। इस प्रकार प्राप्त लिखित अनुमति निर्वाचन बूथ में बैठने वाले कर्मी अपने साथ रखेंगे एवं पुलिस या निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा समय पर और व्यवस्थित तरीके से डोर टू डोर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि ध्यान रहे कि मतदान के दिन बुथ में किसी प्रकार की भीड़ इकठ्ठा नहीं हो न ही मतदाता जिन्होंने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है वहां खड़े होंगे।

उक्त प्रकार के बूथ में बैठने वाले व्यक्ति किसी भी मतदाता को नहीं बुलायेंगे न ही किसी अन्य पार्टी के बूथ में जाने से मना करेंगे और मतदाता को किसी भी प्रकार का प्रलोभन नहीं देगे ना ही उनके मतदान देने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करेंगे। उक्त निर्देशों के उल्लंघन किये जाने पर आयोग द्वारा जिम्मेदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर सभी रिटर्निंग अधिकारी और अन्य अधिकरी उपस्थित थे।

# फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**रायपुर**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## उत्तर में बागी प्रत्याशी के पक्ष में युंका के कई नेता कर रहे प्रचार

**रायपुर**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर उत्तर विधानसभा के निर्वाचित युवक कांग्रेस अध्यक्ष पलाश मलहोत्रा के बागी प्रत्याशी अजीत कुकरेजा के समर्थन में काम करने की शिकायत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ही अधिकृत प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा से की है, जिसे जुनेजा ने प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा को लिखित में भेजते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ और लोगों की नामजद शिकायत पहुंची है जिसमें एल्डरमेन सुनील भुवाल, गुलाब जंघेल सहित कुछ और नाम आए हैं। प्रदेश कांग्रेस से इनके निष्कासन की मांग की गई है। गौरतलब है कि इस सीट पर कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा है और सभी कांग्रेसी पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं ऐसे में कुछ ऐसे तत्वों के बागी प्रत्याशी के पक्ष में काम करने से निष्ठावान कार्यकर्ताओं में आक्रोश भी देखा जा रहा है. हालांकि मामले में पलाश व जिन अन्य लोगों के नाम आए हैं उनका पक्ष नहीं मिल पाया है।

## टाउन हॉल में बनाए गए सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से हो रहे हैं मतदान

**रायपुर**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए राजधानी के कलेक्टोरेट परिसर के टाउन हॉल में विशेष सुविधा केंद्र बनाए गए है। आज इन केंद्रों में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। यह सुविधा 15 और 16 नवंबर को भी रहेगी। इसका समय प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक रहेगा। जिले के मतदाता जो जिले में या जिले के बाहर विभिन्न निर्वाचन कार्य जैसे मतदान दल, माइक्रो आब्जर्वर, ड्राइवर, क्लीनर एफएसटी जैसे कार्यों में सलग्न है। वे अपना यहां डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है।निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनके द्वारा डाक मतपत्र के लिए प्रारूप - 12 में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उनके द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं किया गया है, वे इन सुविधा केन्द्र में मतदान कर सकेंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक धरसींवा-47, रायपुर ग्रामीण-48, रायपुर नगर पश्चिम-49, रायपुर नगर उत्तर-50, रायपुर नगर दक्षिण-51, आरंग-52, अभनपुर-53 और रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्रमांक -54 के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों में सलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के लिए यह सुविधा है।

## मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेगी मदिरा दुकाने

**रायपुर**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने विधानसभा चुनाव 2023 के तहत आगामी 17 नवंबर को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 नवंबर को सायं पांच बजे से 17 नवंबर तक शूष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकाने आदि बंद रखने के आदेश दिए है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 संबंधी कार्य निर्विध्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. के निर्देश अनुरुप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त 2ाक्तियों का उपयोग करते हुए मतदान समाप्ति 17 नवंबर सायं पांच बजे से 48 घंटे पूर्व से अर्थात 15 नवंबर सायं पांच बजे से 17 नवंबर तक 2ाुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले के समस्त देशी मदिरा दुकाने, विदेशी मदिरा दुकाने, होटलबार, असैनिक विनोदगृह को उक्त 2ाुष्क अवधि में पूर्णत: बंद रखे जाने के आदेश दिए है। उक्त अवधि में मदिरा की कोई भी दुकान, रेस्तरां, होटल, क्लब और मदिरा बेचने, परोसने वाले प्रतिष्ठानों को, किसी भी व्यक्ति चाहे वह जो भी हो, को मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं रहेगी।

## मतदान दिवस के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**रायपुर**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है।

- **मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर रोक**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए द्वितीय चरण के मतदान के एक दिन पहले तथा मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवम्बर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।






**भाजपा प्रत्याशी विष्णुदेव साय पर एफआईआर दर्ज**

**रायपुर।** जशपुर जिले के कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा प्रत्याशी विष्णुदेव साय के नाम पर एफआईआर किया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी यूडी मिंज के खिलाफ भी एफआईआर हुआ है।



# कांग्रेस को महादेव, गंगा, गौ मां, गरीबों, महिलाओं, युवाओं का श्राप, कांग्रेस हो रही साफ : अनुराग ठाकुर

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा मामले तथा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि झूठी कांग्रेस की झूठी गारंटी का आलम यह है कि छत्तीसगढ़ से लेकर कर्नाटक और हिमाचल तक कांग्रेस की तमाम गारंटियाँ फेल हुई हैं। जिनकी खुद की कोई नहीं गारंटी, वह गारंटियों का पुलिंदा लेकर घूम रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य तो हमने बना दिया था। 15 सालों में उसको आगे बढ़ाने का काम भाजपा की सरकार ने किया लेकिन उसको चौपट करने का काम भूपेश सरकार ने किया। अब एक समय फिर आया है कि वापस हम इस छत्तीसगढ़ को सँवारेंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि झूठे दावे, झूठे वादे, कांग्रेस के नहीं नेक इरादे। कांग्रेस के 2018 के झूठे वादे और अधूरे वादे उनको आपको बताने आया। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड रखने और घोटालों की जाँच से भाग रहे हैं। आज 5 साल बाद मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ की जनता कह रही है- भाग भूपेश भाग, और कितना भागोगे? जनता कह रही है- बहुत हुआ सट्टे का खेल, बाय-बाय भूपेश बघेल। श्री ठाकुर ने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने वादा किया था कि महतारी सम्मान योजना में मातृशक्ति को 500 रुपए हर महीना देंगे पर नहीं दिया। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को चार रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त में देने का वादा करके नहीं दिया। पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन शराबबंदी नहीं की उल्टे घर-घर शराब पहुँचाई। कांग्रेस ने वादा किया था कि 10 लाख युवाओं को हर माह 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन नहीं दिया। लाखों युवाओं को रोजगार देंगे, पर नहीं दिया। इसके बदले पीएससी स्कैम दिया, कांग्रेस नेताओं के परिवार के ही तीन-तीन लोगों को रोजगार मिला लेकिन छत्तीसगढ़ के



नौजवानों को रोजगार नहीं मिला। कांग्रेस का वादा था कि छात्र-छात्राओं को मुफ्त परिवहन की सुविधा देंगे, पर नहीं दी। कांग्रेस ने वादा किया था कि प्रत्येक पाँच सदस्यीय भूमिहीन ग्रामीण परिवार को घर और बाड़ी के लिए जमीन देंगे, पर नहीं दी। श्री ठाकुर ने कहा कि 50 हजार शिक्षकों की रिक्त पदों पर भर्तियाँ पाँच साल में नहीं की। भाजपा शासनकाल के दो साल के बकाया बोनस देने का वादा भी कांग्रेस ने पूरा नहीं किया। यहाँ गौठान घोटाला हुआ, गोबर घोटाला हुआ। अब गौमाता, गंगा मैया, महादेव का श्राप, कांग्रेस साफ। छत्तीसगढ़ अकेला

- **कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार आसमान पर पहुंचाया पर भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त शासन देगी**
- **हर विवाहित महिला को 12 हजार, 500 रु में सिलेंडर, 18 लाख परिवारों को मकान, युवाओं को 1 लाख नौकरियां, किसानों को धान खरीदी का 3100 रू से एकमुश्त भुगतान की मोदी गारंटी**

ऐसा राज्य नहीं है, जहाँ कांग्रेस ने झूठे वादे किए। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी कांग्रेस के भाई-बहन झूठे वादे करके आए हैं। अब 11 माह से राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश में मुँह दिखाने नहीं गए।

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 20 लाख रुपए का मुफ्त इलाज नहीं मिला, सबको मकान देने की बात की, 200 फूड प्रोसेसिंग युनिट नहीं लगे, वृद्धजनों को 1500 रुपए पेंशन नहीं मिली। कांग्रेस की गारंटी की ऐसी लंबी सूची है। ये सारी गारंटियाँ फेल होती दिख रही है। यह विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को झूठे वादों और झूठी गारंटियों से बचाने का चुनाव है। श्री ठाकुर ने कहा कि महादेव एप घोटाले के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल मुँह छिपाते घूम रहे हैं। घोटाला करो, भू-पे करो पैसे कमाओ। पाँच साल तक तो सट्टा चलता रहा, मुख्यमंत्री कार्यालय संरक्षण देता रहा क्योंकि भू-पे हो रहा था 508 करोड़ रुपए। महादेव एप से भू-पे हुआ, घोटाले का पैसा मिला, संरक्षण मिला, लेकिन अब वह नहीं होगा। न कांग्रेस की सरकार होगी, न संरक्षण होगा।

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि तेंदू पत्ते का बोनस कांग्रेस की भूपेश सरकार ने तो नहीं दिया लेकिन भाजपा की सरकार देगी। तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस 5500 प्रति मानक 15 दिन तक संग्रहण करेंगे और 4500 रुपए तक बोनस देने का काम भी हम करने वाले हैं। आयुष्मान भारत योजना में सस्ती दवाइयों के 500 नए जन औषधि केंद्र भी खोले जिससे हजारों करोड़ रुपए गरीब जनता का देश भर में बचा। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए गए लेकिन भूपेश बघेल को देखो जिन्होंने प्रदेश के गरीबों को जरूरतमंदों को 18 लाख पक्के मकान अपने कैबिनेट की सहयोगी और सबसे वरिष्ठ विधायक को नीचा दिखाने के चक्कर में नहीं बनने दिए।

इस मौके पर भाजपा के केंद्रीय मीडिया संयोजक व प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी और मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## आप पार्टी प्रत्याशी ने गौरा-गौरी का पूजन कर जनता के कल्याण की प्रार्थना की



**रायपुर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी विजय कुमार झा ने आज विभिन्न क्षेत्रों में गौरा गौरी का पूजन का क्षेत्र की जनता के कल्याण की कामना की। साथ ही रात्रि अनेक मातर पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसके तहत चंगोराभाठा, भाठागांव, खो-खो पारा, बी एच यू कॉलोनी, महामाई पारा, कुशालपुर, भाठागांव में संतोष कुशवाहा, रेवाराम देवांगन, सागर क्षीरसागर, नरेंद्र ठाकुर, विनोद चंद्राकर, रधुनाथ यादव, विपिन चतुर्वेदी आदि के साथ पूजा अर्चन कर गौरा गौरी से प्रार्थना की। इस दौरान व्यापक सघन जनसंपर्क कर केजरीवाल की गारंटी के संबंध में मतदाताओं को अवगत कराया गया। महामाया माता मंदिर एवं दंतेश्वरी मंदिर में भी पूजा अर्चन कर जन कल्याण की प्रार्थना की।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स के दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए पुरंदर मिश्रा

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा सोमवार को दिगम्बर जैन मंदिर फाफाडीह और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए। दोनों ही स्थानों के अलावा रास्ते पर भी आमजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। वहीं इस आत्मीयता के लिए श्री मिश्रा ने आभार जताया।



चुनाव प्रचार अभियान अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ श्री मिश्रा सोमवार को स्टेट बैंक कॉलोनी, साहनी गली और स्पीकर हाउस के बाजू से छग चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन पहुंचे। वहीं शाम को 5 बजे के बाद डब्लूआरएस कालोनी, आकाशवाणी बस्ती, शांति नगर, कुंदरा पारा और जगन्नाथ नगर में धुआंधार जनसंपर्क किया। डब्लूआरएस कालोनी में आयोजित सभा के बाद श्री मिश्रा राजातालाब पंडरी ईरानी डेरा के पास भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, क्षेत्र की जनता का स्नेह ही मेरी असली पूंजी है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस की निकम्मी और भ्रष्ट कार्यशैली से जनता उब चुकी है, इसीलिए इस बार चारों ओर परिवर्तन की लहर दिखाई पड़ रही है। रायपुर उत्तर विधानसभा सभा क्षेत्र की जनता भी इस बार हर हाल में भाजपा की सरकार बनाने का मन मना चुकी है और यह समय नजदीक है। पूरा विश्वास है कि अब आने वाली 17 तारीख को जनता कमल छाप पर मुहर लगाकर भाजपा की सरकार बनाने का आदेश देगी। जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम में प्रमुख रुप से भाजपा नेता सचिदानंद उपासने, महामंत्री किशोर महानंद, गुंजन प्रजापति, पार्षद सूर्यकांत राठौर, शंकरनगर मंडल अध्यक्ष अनुप खेलकर, प्रवीणचंद्र चौबे, खगपति सोनी, अनिता महानंद, महेन्द्र खोडियार, चन्द्र बघेल, महेश बघेल, यावर अली, असलम भाई, योगेन्द्र वर्मा, अजय देवता, राधेश्याम बाघ व प्रीतम महानंद सहित भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी-कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल हुए।

## भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने नाराज सिंधी समाज के प्रमुखों से मांगा समर्थन

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनावों के संदर्भ मे भाजपा ने विभिन्न समाजों को साधने की मुहिम तेज करते हुए, आज नाराज सिंधी समाज के प्रमुखों व समाजसेवियों के साथ बैठक कर सहयोग मांगा है। भाजपा के छत्तीसगढ प्रभारी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक ओम माथुर ने तेलीबांधा रिंगरोड स्थित एक होटल मे सिंधी समाज प्रमुखों की बैठक को संबंधित किया। सिंधी समाज के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी भाजपा की सफलता के श्रेय लालकृष्ण आडवाणी को दिया करते थे।आगे मोदी सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था जिस तेजी से आगे बढ़ रही है।जल्दी ही भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, व आगे चल कर वह समय भी आयेगा जब हम अमेरिका से भी आगे होंगे।



सिंधी समाज की ओर से विधानसभा मे टिकट नही दिये जाने की पीड़ा के साथ ही उद्योग व व्यवसाय मे टेक्स पर समाज के सुझावों को अहमियत देने का सुझाव भी दिया गया

भाजपा ने समाज के सुझावों पर अमल का आर्श्वासन दिया। वही सिंधी समाज ने भी चुनावों मे सहयोग व समर्थन का आर्श्वासन दिया। आभार सिंधी काउंसिल प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ,संचालन बंटी गावड़ा ने किया। ओम माथुर के साथ बैठक मे भाजपा संगठन मंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश मंत्री रामू रोहरा, शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी, सिंधी काउंसिल आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ मौजूद थे। इसके अलावा मुखी मन्नुमल पृथ्वानी च्अशोक नैनवानी, सतीश थौरानी, कमल लहेजा, सतीश छुगानी, हरीश अबीचंदानी, नंदलाल साहित्य, प्रेम बिरनानी, वासु माखीजा, कैलाश खेमानी, तनेश आहूजा, भरत अजवानी, मोहन नेभानी, राजू राघवानी, राजेश पोपटानी, भजनदास तलरेजा, राजेश माखीजा, जीतेन्द्र मलघानी, किशोर गाबा व संजय जयसिंघ, डां.जी.डी.गजवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## छठ पूजा के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। छठ पूजा के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिए दूसरी छठ स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन व्हाया राउरकेला, रांची, गया के मार्ग से चलाई जा रही है।



आज की सीट उलब्धता के अनुसार बिलासपुर से इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी में 93 सीट, एसी-2 श्रेणी में 31 सीट एवं एसी-3 श्रेणी में 09 सीटे उपलब्ध है।

रायपुर से इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी में 513 सीट, एसी 2 श्रेणी में 60 सीट में एवं एसी-3 में 43 श्रेणी में सीटे उपलब्ध है। यह ट्रेन 08201 नंबर के साथ दुर्ग से 16/11/2023 (गुरुवार) को दोपहर 14.45 बजे दुर्ग से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रायपुर आगमन 15.40 बजे एवं प्रस्थान 15.45 बजे, भाटापारा आगमन 16.27 बजे एवं प्रस्थान 16.29 बजे, बिलासपुर आगमन 17.35 बजे एवं प्रस्थान 17.44 बजे, चाम्पा आगमन 18.23 बजे एवं प्रस्थान 18.25 बजे, रायगढ़ आगमन 19.18 बजे एवं प्रस्थान 19.20 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 20.40 बजे एवं प्रस्थान 20.42 बजे तथा यह ट्रेन राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, गोमो, कोडरमा, गया, जहानाबाद स्टेशन होते हुए अगले दिन दिनांक 17/11/2023 (शुक्रवार) को सुबह 09.30 बजे पटना पहुँचेगी।

इसी प्रकार यह ट्रेन 0802 नंबर के साथ दिनांक 17/11/2023 (शुक्रवार) को प्रात: 10.30 बजे पटना स्टेशन से दुर्ग के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन जहानाबाद, गया, कोडरमा, गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला स्टेशन होते हुए झारसुगुड़ा आगमन 00.58 बजे एवं प्रस्थान 00.10 बजे (18/11/2023), रायगढ़ आगमन 02.10 बजे एवं प्रस्थान 02.12 बजे, चाम्पा आगमन 03.23 बजे एवं प्रस्थान 03.25 बजे, बिलासपुर आगमन 04.35 बजे एवं प्रस्थान 04.45 बजे, भाटापारा आगमन 05.28 बजे एवं प्रस्थान 05.30 बजे, रायपुर आगमन 07.10 बजे एवं प्रस्थान 07.15 बजे एवं दिनांक 18/11/2023 (शनिवार) को 08¬20 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी।

## भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी के खिलाफ चुनाव आयोग व थाने में शिकायत

### कांग्रेस नेता ने की अयोग्य घोषित करने करने की मांग

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और खम्हारडीह पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया है। प्रवीण जैन ने शिकायत में बताया है कि एक्स;ट्विटर फेसबुक समेत अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म में ओपी चौधरी ने एक महिला पर्वतारोही याशी जैन का वीडियो को पोस्ट किया है जिसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विधानसभा अध्यक्ष डा चरण दास महंत और मेरी फोटो लगाकर स्वयं के लिए वोट की अपील की जा रही है जिसे हजारों लोगों ने देखा और सुना है। जब मैंने याशी जैन और उनके पिता अखिलेश जैन से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा तो उन्होंने लिखित रूप से जबाव दिया है कि यह वीडियो याशी जैन द्वारा नही बनाया गया। उन्होंने बताया है कि किसी कार्यक्रम में पत्रकारों से गैर राजनैतिक बातचीत के अंश को उठाकर उसका राजनैतिक लाभ लेने के लिए यह वीडियो ओपी चौधरी द्वारा तैयार किया गया।जनता को गुमराह करने कांग्रेस पार्टी के नेताओं की फोटो का दुरुपयोग किया गया है। यह कूटरचित और भ्रामक वीडियो ओपी चौधरी ने राजनैतिक लाभ की पूर्ति के लिए इस्तेमाल कर चुनावी फायदा उठाने की कोशिश है।इससे चुनाव आयोग के सुचिता पूर्वक चुनाव अभियान पर धक्का लगा है। जैन ने कहा है कि इस वीडियो के वायरल होने से कांग्रेस पार्टी के नेताओं की छवि आम जनता के बीच खराब हो रही है।यह कृत्य आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।मतदाता को भी दिग्भ्रमित करने का षड्यंत्र है। प्रवीण जैन ने शिकायत पत्र में कूटरचनाए धोखेबाजीए जालसाजीए मानहानि और षड्यांत करने पर ओपी चौधरी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने और अयोग्य घोषित करने करने की मांग की है।



## पुलिस कॉलोनी के मकान में लगी भीषण आग



**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के अम्लीडीह पुलिस कॉलोनी में आगजनी की खबर सामने आ रही है। यह आग तीसरे माले में लगी है। कॉलोनी के तीसरे माले के 9वें ब्लॉक के 302 नंबर के मकान में यह आग लगी। यह ब्लॉक 6 माले का है। यहां सिपाही मनीष रावटे का परिवार रहता है। दिवाली पर दीए जलाकर परिवार घर बंद कर कहीं चले गए थे। दीए से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।राजेंद्र नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इससे पहले कल रात प्रेमनगर मोवा में स्थित गद्दा गोदाम में भीषण आग लगी। आग बुझाने में दमकल के 4 वाहन आग बुझाने में जुटे हैं। गोदाम में रखा लाखों का सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। आग पर पूरी तरह काबू करने की मशक्कत में दमकलकर्मी जुटे हुए हैं। रिहायशी इलाका होने के चलते पड़ोसी घरों में आग लगने की आशंका है। धुएं से स्थानीय रहवासियों को दिक्कत हो रही है। लोग घरों से बाहर निकलकर सडको पर आ गए थे। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। आशंका है कि पटाखों की चिंगारी से आग लगी है।

## रायपुर पश्चिम को बनाएंगे सबसे विकसित विधानसभा : राजेश मूणत

**रायपुर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव अब अपने अंतिम दौर पर है चुनावी गतिविधियां गतिमान हो चुकी है चुनावी समर में हर प्रत्याशी अपना पूरा जोर लगा रहा है ताकि नतीजे अपने पक्ष में किए जा सके रायपुर पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत भी लगातार पूरी ऊर्जा के साथ जन संवाद स्थापित करने और जन समर्थन प्राप्त करने जनता के बीच पहुंच रहे हैं लगातार वे मैराथन बैठकें ली रहे हैं पश्चिम के हर वर्ग चाहे वो सामाजिक हो समाजसेवी या गणेश, दुर्गा समितियां वे लगातार उनके बीच पहुंच रहे हैं बकौल राजेश मूणत वर्तमान सरकार और विधायक ने रायपुर पश्चिम की दुर्गति कर दी है हर वार्ड में समस्यायों का अंबार है हम रायपुर पश्चिम को देश की सबसे विकसित विधानसभा बनाने का सपना लिए काम कर रहे हैं जबकि कांग्रेसी विधायक इसे बस अपना गढ़ बनाने की मंशा के साथ जनता के बीच है उनके पास पश्चिम की सर्वांगीण तरक्की के लिए ना ही किसी प्रकार की नीति है ना ही योजना बस नाम विकास ही रायपुर पश्चिम में दिखाई देता है काम का तो दूरबीन लेकर खोजने पर भी नही मिलता। प्रदेश में करारी हार सामने देख कांग्रेस पार्टी के नेता बौखला गए हैं और प्रतिदिन दिन कोई नई घोषणा कर देते हैं हाथो से सत्ता खिसकती देख प्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेसी नेता घोषणावीर बन चुके हैं जिस प्रकार घोषणापत्र बनने के पश्चात पुन: नई घोषणाएं की गई यह राजनीतिक स्टंट मात्र है क्योंकि कांग्रेस ने अपने पिछले घोषणापत्र में छत्तीसगढ़ की महिलाओ को प्रति वर्ष 500 ? देने की घोषणा की थी परंतु प्रदेश की महिला को ऐसी किसी घोषणा का



### भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

लाभ नहीं मिला और फिर भी बेशर्मी भरा सगूफा ले आए यदि आपकी नियत साफ थी और यह वोटबैंक स्टंट नही था तो कांग्रेस इसे पूर्व में ही अपने घोषणापत्र में शामिल करती मोदी की गारेंटी का प्रभाव देखकर हार के डर से घोषणावीर कांग्रेसियों ने छलावे का नया पैंतरा खेला है।

उन्होंने रामकुंड में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर पश्चिम की समझदार जनता अब किसी नट के झांसे में आने से रही घड़ी घड़ी किरदार और परिधान बदलने से आपकी तासीर नही बदल जायेगी जनता ने जनता ने 5 वर्ष अवसर देकर देख लिया परंतु पश्चिम के विकास में विकास ने एक रत्ती मात्र भी योगदान नहीं किया रायपुर पश्चिम की जनता ने अब ठान लिया है की रायपुर पश्चिम को पुन: तरक्की के रास्ते पर लाना है और रायपुर पश्चिम को विकसित विधानसभा बनाना है और यही वजह है की जनता भाजपा के साथ है, मोदी जी की गारेंटी के साथ अपने पश्चिम परिवार के बेटे राजेश मूणत के साथ है हम रायपुर पश्चिम को विकसित विधानसभा बनाने के लिए दृण संकल्पित हैं। उन्होंने आज अपने दौरा कार्यक्रम की शुरुवात खमतराई से की वहां से शिवानंद नगर होते हुए प्रेम नगर, कुंदरा पारा में बैठक संपन्न की वहां से वे अपने केंद्रीय कार्यालय पहुंचे और युवामोर्चा की बैठक ली जहां युवाओं को जरूरी दिशानिर्देश दिए गए, वहां से एकता नगर और जनता कॉलोनी में बैठके की वहां से रावण पट्टी, अघोर नाथ मंदिर आमा तालाब, हीरापुर में बैठके की उसके पश्चात शाम खाटू श्याम मंदिर में प्रसादी वितरण में शामिल हुए वे शिवानंद नगर और सहनाई गार्डन में दीपावली मिलन समोरह में भी शामिल हुए इस दौरान जगह जगह ईश्वर गौरा गौरी के दर्शन लाभ लिए एवं नारियल चढ़ाकर अगरबत्ती जलाकर पूजन किया।

## निधन

### आदित्य सिंह ठाकुर



**महासमुंद,** 14 नवंबर। ग्राम सिरपुर निवासी आदित्य सिंह ठाकुर 60 वर्ष का 13 नवंबर को निधन हो गया। वे प्राथमिक शाला पासिद में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बड़गांव (बिरकोनी) में किया गया। जिसमें काफी संख्या में शिक्षकगण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सुखदेव पटेल



**महासमुंद,** 14 नवंबर। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी सुखदेव पटेल 58 वर्ष का 14 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे टेकन पटेल, राकेश पटेल के पिता व सीताराम पटेल, बलदेव पटेल, गणेश पटेल के भाई थे।

### युगल किशोर टाटिया



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 14 नवम्बर। अर्जुनी निवासी युगल किशोर टाटिया उम्र 43 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 नवंबर को हो गया। जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में 14 नवंबर को संपन्न हुआ। वे रमेश कुमार, महेंद्र कुमार, मनीष कुमार, राकेश कुमार के लघु भ्राता वं डिंपल टाटिया के बड़े भाई थे।

### माधुरी देवी बाफना



**राजनांदगांव,** 14 नवंबर। स्थानीय प्रतिष्ठित बाफना परिवार प्रमुखा श्रीमती माधुरी देवी बाफना (ध. प. स्व. चतुर्भुज जी बाफना) का आज निधन हो गया। वे लगभग 92 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती माधुरी देवी नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना की भाभी थीं। वे अपने पीछे 3 पुत्रों डॉ. पन्नालाल बाफना (डोंगरगढ़) तथा ज्ञानचंद व हेमंत बाफना (अरिहंत एजेंसी, राजनांदगांव) का भरापुरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

### अधिवक्ता महेश



**राजनांदगांव,** 14 नवंबर। वार्ड के समाजिक सदस्य अधिवक्ता महेश वैद्य का आज अभी दोपहर में निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे जिनका संजीवनी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। आदरणीय वैद्य जी का मृत्यु संस्कार कल दिनांक 15 नवंबर 2023 को संपन्न किया जावेगा। प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल स्टेशन पर की संपूर्ण टीम और बौद्ध समाज के लोग आदरणीय वकील साहब को अपनी भावभीनी आदरांजली अर्पित करती हैं।

# शराब की तस्करी रोकने डिलीवरी बॉय अमेजान-जोमैटो के बैगों की भी होगी तलाशी

## एक माह में 33 हजार लीटर शराब जब्त



**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए राज्य में लागू आदर्श आचार संहिता के चलते शराब के अवैध निर्माण, संग्रहण, विक्रय, वितरण एवं परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग के अधिकारियों.कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा जांच.पड़ताल एवं छापामार कार्यवाही का सिलसिला जारी है। आदर्श आचार संहिता के दौरान आबकारी विभाग द्वारा अब तक 33,084 लीटर शराब, 2,07,250 किलो ग्राम महुआ लाहन, 5 किलो गांजा एवं 63 वाहन जब्त किए गए हैं, जिसका बाजार मूल्य 3 करोड़ 11 लाख 83 हजार 223 रूपए है। विशेष सचिव सह आयुक्त आबकारी महादेव कावरे ने बताया कि द्वितीय चरण के निर्वाचन को देखते हुए आबकारी केन्द्रों को घोषित शुष्क अवधि अनुसार सीलबंद करने एवं शुष्क अवधि में अपने प्रभाव क्षेत्र में सघन गश्त कर मादक पदार्थों के विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं और सीमावर्ती राज्यों की निकटवर्ती मदिरा दुकानों को भी संबंधित जिलों द्वारा शुष्क अवधि घोषित करने के कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में विशेष सचिव सह आयुक्त आबकारी महादेव कावरे द्वारा 11 नवम्बर एवं 14 नवम्बर को आबकारी विभाग के समस्त उड़नदस्ता टीमों तथा जिला अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली गई। बैठक में आयुक्त आयकारी द्वारा सभी अधिकारियों को अपने.अपने प्रभार क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण संग्रहण, विक्रय,वितरण तथा परिवहन संबंधी क्षेत्रों का चिन्हांकन एवं उनके रोकथाम हेतु सघन छापामार कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सघन तलाशी अभियान चलाने,संचालित आबकारी जाच चौकियों प्रभावी जांच एवं सी,सी,टी,व्ही,कैमरों से सतत् निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये समस्त जांच चौकियों विशेषकर उड़ीसा, झारखण्ड एवं महाराष्ट्र से लगे सीमावती जांच चौकियों विशेषकर . महासमुंद, बस्तर, जशपुर, रायगढ़ एवं अविभाजित राजनांदगांव जिलों में सूक्ष्मता से वाहनों की जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को परिवहनकर्ताओं के गोदामों तथा डिलीवरी बॉय अमेजान जोमेटो के बैगों की भी आकस्मिक जांच के निर्देश भी समस्त अधिकारियों को दिये गए हैं। आबकारी आयुक्त ने कहा है कि राज्य में ऐसी मदिरा दुकानों में जहां औसत बिक्री से 30 प्रतिशत से अधिक मदिरा की बिक्री बीते एक माह के दौरान हुई है। उनकी सूक्ष्मता से जांच एवं सी .सी टी ही के रिकॉर्डिंग की नियमित जांच की जा रही है। बीते तीन दिनों में आबकारी अमले द्वारा 150 से भी अधिक मदिरा दुकानों की जांच की गई है। जांच.पड़ताल की कई मामलों में विभागीय अमले के साथ.साथ अन्य एजेंसियों के भी अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये समस्त जांच चौकियों विशेषकर उड़ीसा, झारखण्ड एवं महाराष्ट्र से लगे सीमावती जांच चौकियों विशेषकर महासमुंद,बस्तर, जशपुर, रायगढ़ एवं अविभाजित राजनांदगांव जिलों में सूक्ष्मता से वाहनों की जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को परिवहनकर्ताओं के गोदामों तथा डिलीवरी बॉय अमेजान जोमेटो के बैगों की भी आकस्मिक जांच के निर्देश भी समस्त अधिकारियों को दिये गए हैं।

आबकारी आयुक्त ने कहा है कि राज्य में ऐसी मदिरा दुकानों में जहां औसत बिक्री से 30 प्रतिशत से अधिक मदिरा की बिक्री बीते एक माह के दौरान हुई है। उनकी सूक्ष्मता से जांच एवं सी सी टी व्ही के रिकॉर्डिंग की नियमित जांच की जा रही है। बीते तीन दिनों में आबकारी अमले द्वारा 150 से भी अधिक मदिरा दुकानों की जांच की गई है। जांच.पड़ताल की कई मामलों में विभागीय अमले के साथ.साथ अन्य एजेंसियों के भी अधिकारियों को भी शामिल किया गया है।

# अवैध शराब की बिक्री करते युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए सी.सी यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत सिंघानिया चौक उरला में एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजय तिवारी पिता महादेव तिवारी उम्र 42 साल साकिन मलेथूपुर थाना जोनपुर जिला भदोही उ.प्र हॉल रायपुर फोरजिंग्स कंपनी उरला थाना उरला रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें सफेद प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में देशी मसाला शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखें 51 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 9.180 बल्क लीटर कीमती लगभग 5610 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# युवक की चाकू मारकर हत्या

## चार संदेही हिरासत में

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के तरूण नगर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के वक्त मृतक गौरा गौरी कार्यक्रम को देखकर घर वापस जा रहा था इस दौरान उसका आरोपी युवकों से विवाद हुआ और उन्होंनें उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची खून लहुलूहान युवक को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई युवक की लाश पोस्टपार्टम कल किया जायेगा पुलिस ने मामले में संदेह के तौर चार आरोपियों को हिरासत लेकर उनसे पूछताछ कर रही हैं बताया गया कि गांधी नगर निवासी लोचन कुमार जाल अपने साथियों के साथ तरूण नगर में गौरा गौरी का कार्यक्रम देखने गया था जहां से रात के वक्त अपने साथियों के साथ घर वापस आ रहा था कि कुछ नाबलिग अपने घर के सामने फटाखा फोड़ रहे थे इस दरम्यान युवक का उनसे फटाखा फोडने को लेकर विवाद हो गया। इससे आक्रोशित हुए नाबलिगों ने उस पर चाकू लेकर हमला बोल दिया। आरोपियों के चाकू से घायल हुआ गिर गया। इधर रात में हुई चाकूबाजी की घटना से इलाके सनसनी फैल गई। आनन फानन पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौकें पहुंची तब तक चाकू के वार से गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने संदेह के तौर 3 नाबलिग सहित 4 युवकों को हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही हैं वही घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर हत्या, आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने राजेन्द्र नगर के महात्मा गांधी नगर में कल रात हुई पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले को सुलझा लिया हैं। पुलिस ने मामले में 3 नाबलिग बालकों सहित 6 आरोपियों को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया किप्रार्थिया नेहा मिश्रा ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह जनता चाटर न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में अपने परिवार के साथ रहती है तथा खाना बनाने का काम करती है। 12 नवबंर को उसका पुत्र आकाश मिश्रा रात्रि लगभग 11.30 बजे घर से अपने दोस्त आकाश सागर के साथ फटाका फोड़ने के लिये निकला था जो रात्रि लगभग 01.00 बजे तक घर वापस नहीं आया था जिस पर प्रार्थिया ने अपने पुत्र के साथी आकाश सागर से अपने पुत्र के संबंध में पूछी तो उसने बताया कि वह आकाश मिश्रा एवं अन्य साथी उसके मित्र रितेश की स्कॉर्पियों वाहन सीजी 04 एनके 7696 में बैठ कर गौरा गौरी कार्यक्रम देखने महात्मा गांधी नगर तरफगये थे जहां पर रात्रि करीबन 12.20 बजे अमर दास नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ वहां पर आया तथा प्रार्थिया के पुत्र आकाश मिश्रा को देखकर पुरानी रंजिश के चलते आकाश मिश्रा के साथ विवाद करने लगा तथा अपने साथियों के साथ मिलकर आकाश मिश्रा एवं हमारे साथ डंडा तथा हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा जिस पर हम सभी वहां से भागने लगे अमर दास और उसके साथियों द्वारा आकाश मिश्रा के शरीर पर किसी धारदार वस्तु से वार करते हुए पास ही पड़े बड़े से पत्थर से आकाश मिश्रा के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दिये है तथा स्कार्पियो वाहन में तोडफोड़ किये। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 323, 302,427, 34 भादविण् का अपराध पंजीबद्ध किया गया। हत्या की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पीताम्बर सिंह पटेल नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दनेश सिन्हा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में मृतक की मा साथी सहित आसपास उपस्थित अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करते हुए आरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी अमरदास चतुर्वेदी उर्फ अमर दीपेश पाल उर्फमोनू प्रमोद साहू उर्फमोदू तथा विधि के साथ संघर्षरत 03 बालक सहित कुल 06 आरोपियो अपचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित चाकू कैंची पत्थर एवं डण्डा जप्त कर सभी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।




# बाल दिवस पर मेडिकल कॉलेज में पंडित नेहरू का पुण्य स्मरण



**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। प जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस 14 नवम्बरए बाल दिवस पर पं जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में एक समारोह आयोजित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। अधिष्ठाता डॉण् तृप्ति नागरिया ने महाविद्यालय भवन के प्रवेश द्वार पर स्थापित पंडित नेहरू की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी चिकित्सा शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मिष्ठान वितरण किया गया। अधिष्ठाता डॉ तृप्ति नागरिया ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता पश्चात् स्वतंत्र राष्ट्र के आधुनिक निर्माण और विकास में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवारलाल नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षक डॉण् अरविन्द नेरल ने बताया कि सन् 1963 में पंडित नेहरू के नाम पर स्थापित इस चिकित्सा महाविद्यालय ने इसके गौरवशाली हीरक जयंती वर्ष तक 60 वर्षो में कई महत्वपूर्ण उपलब्धिया हासिल की है और 230 एम.बी.बी.एस एवं 150 एम.डी एम.एस प्रवेश संख्या के साथ प्रदेश के उत्कृष्ठ चिकित्सा संस्थान का मुकाम हासिल किया है इस अवसर पर डॉ् देवप्रिया लकरा, डा प्रतिभा जैन शाह डॉ जया लालवानी, डॉ जागृति अग्रवाल, डॉ,सुमित त्रिपाठी, डॉ पी.के खोडियार डॉ निकिता शेरवानी, डॉ स्निग्धा जैन, डॉ प्रवीण कुर्रे डॉ दिवाकर धुरंधर डा प्रवीण बंजारे डॉ मंजू अग्रवाल डा रूपम गहलोत व अन्य चिकित्सा शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# खड़ी ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की मौके पर मौत



**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के आरंग के ग्राम चपरीद में राइस मिल के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया है यहां एक तेज रफ्तार बाइक खड़ी ट्रक में जा घुसी हादसा इतना भयावर था कि इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।पुलिस ने बताया कि युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए कही जा रहा था तभी वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कड़ी ट्रक पर जा घुसा हादसे में युवक के सिर पर गहरी चोट आयी और अत्यअधिक खून बह जाने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

# पुलिस कॉलोनी के मकान में लगी भीषण आग

## दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू



**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के अम्लीडीह पुलिस कॉलोनी में आगजनी की खबर सामने आ रही है। यह आग तीसरे माले में लगी है। कॉलोनी के तीसरे माले के 9वें ब्लॉक के 302 नंबर के मकान में यह आग लगी। यह ब्लॉक 6 माले का है। यहां सिपाही मनीष रावटे का परिवार रहता है। दिवाली पर दीए जलाकर परिवार घर बंद कर कहीं चले गए थे। दीए से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। राजेंद्र नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इससे पहले कल रात प्रेमनगर मोवा में स्थित गद्दा गोदाम में भीषण आग लगी। आग बुझाने में दमकल के 4 वाहन आग बुझाने में जुटे हैं। गोदाम में रखा लाखों का सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। आग पर पूरी तरह काबू करने की मशक्कत में दमकलकर्मी जुटे हुए हैं। रिहायशी इलाका होने के चलते पड़ोसी घरों में आग लगने की आशंका है। धुएं से स्थानीय रहवासियों को दिक्कत हो रही है। लोग घरों से बाहर निकलकर सडको पर आ गए थे। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। आशंका है कि पटाखों की चिंगारी से आग लगी है।

# भाईदूज पर शोभन योग से आएगी खुशियों की बौछार

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। दिवाली के दो दिन बाद भाई दूज मनाया जाता है। इस दिन बहने अपने भाईयों को तिलक लगाती है। भाई दूज भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो भाई.बहन के प्यार और समर्पण का प्रतीक है। यह त्योहार भारतीय हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है जिसे भाई दूज या यम द्वितीया भी कहा जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी आयु और सुख.शांति की कामना करती हैं। उनके माथे पर तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधती हैं। इसके साथ ही भाइयों के लिए विभिन्न प्रकार के भोजन बनाते हैं। यह एक परिवारिक मिलन.संगीत और खुशी का मौका होता है। वहीं ज्योतिष की मानें तो इस बार भाई दूज के अवसर पर शोभन योग का निर्माण हो रहा है। इस दौरान माथे पर टीका लगाने से अक्षय फल की प्राप्ति होगी जिससे आपके जीवन में खुशियों की बौछार होगी।

**शुभ मुहूर्तः** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर यानि 14 नवंबर को 02.36 बजे से शुरू होकर 15 नवंबर को 01.47 बजे तक रहेगी।

**शोभन योगः** दुर्लभ शोभन योग का निर्माण दोपहर 01.57 बजे तक हो रहा है। इस मौके पर भाई के माथे पर टीका लगाने और रक्षा सूत्र बांधने का समय दोपहर 01.10 बजे से लेकर दोपहर 03.19 बजे तक है। बता दें कि ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण यह शुभ योग बन रहा है। इस दौरान शुभ ग्रहों की संयोजन से व्यक्ति को सकारात्मक प्रभाव महसूस होगा जिससे बहुत सारे लाभ प्राप्त होंगे।

# रात 10 बजे के बाद तेज आवाज वाले फटाखे फोड़ने वाले 17 लोगों पर कार्रवाई

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। माननीय उच्चतम न्यायालय एमाननीय उच्च न्यायालय ए एवं एनजीटीके प्रावधानों का उल्लंघन कर रात्रि 10:00 बजे के बाद तेज आवाज वाले फटाखे फोड़ने वालों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में आम जनता द्वारा रात्रि 10:00 बजे के बाद तेज आवाज वाले फटाखे फोड़ने वालों के विरूद्ध लगातार प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए कार्यवाही की गई। जिस पर थाना सिविल लाईन, उरला, कोतवाली, पंडरी, देवेन्द्र नगर, खमतराई, गुढ़ियारी, टिकरापारा, डी.डी.नगर एवं आजाद चौक क्षेत्र में रात्रि 10:00 बजे के बाद तेज आवाज वाले फटाखा फोड़ने के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जाने पर कुल 17 व्यक्तियों के विरूद्ध ध्वनि प्रदुषण अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए उनके कब्जे से तेज आवाज वाले बड़े फटाखे जप्त कर संबंधित थानों में कार्यवाही किया गया।

# महादेव सट्टा ऐप में आया उद्योगपति का नाम, केस दर्ज

**रायपुर,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप केस में बड़े एक्शन की जानकारी सामने आई है। मुंबई पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उद्योगपति मोहित बर्मन और गौरव बर्मन पर भी एफआईआर दर्ज की है। ये दोनों डाबर गुप्र के चेयरमैन और डायरेक्टर बताए गए हैं। बता दें कि महादेव बुकिंग ऐप पर हाल ही में केंद्र सरकार ने बैन लगाया है ये ऐप ईडी की जांच के दायरे में हैं इस मामले में ईडी ने छत्तीसगढ़ के दो पुलिसवाले भी गिरफ्तार किए हैं। दरअसल पिछले हफ्ते एक सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बैंकर की शिकायत पर कुर्ला मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर मुंबई में महादेव सट्टेबाजी ऐप के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई थी इस एफआईआर की कॉपी में आरोपी नंबर 16 और आरोपी नंबर 18 उद्योगपति मोहित बर्मन और गौरव बर्मन हैं एफआईआर में कुल 31 आरोपी हैं। एफआईआर में मोहित बर्मन का पता फोर्ट मुंबई बताया गया जहां कंपनी रजिस्ट्रार के अनुसार उनकी निवेश कंपनी का एक कार्यालय स्थित है।

# संयंत्र में प्लेटों के दैनिक प्रेषण को बढ़ाने समावेश



**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र ने प्लेटों की प्रेषण क्षमता को प्रतिदिन 5,000 टन से अधिक तक बढ़ाने के लिए कुछ नई सुविधाओं का समावेश किया हैं। संयंत्र की प्लेट मिल स्पेशल स्टील ग्रेड प्लेटों की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन करती है। जिसमें हाई टेंसाइल और बॉयलर क्वालिटी प्लेट्स शामिल हैं। साथ ही मिल माइल्ड स्टील प्लेट्स जैसी गार्डन वैरायटी की प्लेटों का भी उत्पादन करती हैं। इन प्लेटों का प्रयोग विभिन्न अनुप्रयोगों में होने के कारण ग्राहकों में इनकी भारी मांग हैं। वर्तमान वित्त वर्ष मेंए मिल ने वैल्यू.एडेड स्पेशल स्टील प्लेटों के साथ कुल प्लेट उत्पादन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। प्रति माह औसतन एक लाख टन के मुकाबले, मिल वर्तमान में प्रतिमाह 1.2 लाख टन से अधिक का उत्पादन और प्रेषण कर रही है। इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्लेटों की दैनिक लोडिंग और प्रेषण की क्षमता बढ़ाने के लिए नयी सुविधाओं का समावेश किया गया। प्लेटों की लिफ्टिंग के लिए मैग्नेट की क्षमता में वृद्धि और अतिरिक्त रेलवे वैगनों को समायोजित करने के लिए लाइन संख्या 420 के विस्तार जैसे उपाय किए गए हैं ताकि इस नई सुविधा के माध्यम से प्लेटों के प्रेषण में वृद्धि हो। इसके अतिरिक्त इंडस्ट्री 4 के डिजिटाइजेशन और कार्यान्वयन की दिशा में प्रयास करते हुए संयंत्र ने लोडिंग पाइंट पर सिस्टम में डेटा फीडिंग शुरू करने के लिए भी कदम उठाए हैं। प्लेट मिल बिरादरी के नेतृत्व और बिरादरी के अलावा सी एंड आईटी, परिवहन और डीजल विभाग और दूरसंचार विभाग सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों ने प्लेट प्रेषण की दैनिक क्षमता बढ़ाने के लिए नई सुविधाओं को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाइन 420 के विस्तार तथा संशोधित सुविधाओं का औपचारिक उद्घाटन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे, मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी, महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक, महाप्रबंधक प्रकाश, महाप्रबंधक तन्मय सेन,। महाप्रबंधक श्रीमती नीना जयसवाल, महाप्रबंधक जे पी एस चौहान, महाप्रबंधक ए कोटनिस उपस्थित थे।

# छठ पर्व को लेकर तालाबों की सफाई

## निगम आयुक्त ने रौशनी व्यवस्था को लेकर दिया निर्देश



**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ के पूर्व तालाबों की सफाई के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के साथ-साथ रिसाली जामुल, भिलाई-चरोदा, अहिवारा सहित आस-पास क्षेत्रों के तालाबों की सफाई का कार्य अंतिम चरण में है। वही नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को निर्देश के बाद टाउनशिप के तालाबों की सफाई कार्य किया जा रहा है। छठ के पूर्व तालाबों की सफाई के लिए नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को निर्देश 2 दिन पहल ही दिया था। भिलाई में रहने वाले उत्तर भारतीय महिलों द्वारा छठ की पूजा तालाब घाट पर की जाती है और तालाब में सूर्य देवता को अर्ध्य देकर अपने पुत्रों की जीवन की कामना की जाती है। छठ पर्व उत्तर भारतीयों की आस्था का प्रमुख पर्व है। पूजा के लिए तालाब घाट की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था आवश्यक रहती है। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक ने छठ के त्योहार को देखते हुए सभी तालाबों की सफाई और रोशनी की व्यवस्था का निर्देश दिया है। उन्हें तालाब में पूजा करने आने वाले को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। तालाबों की साफ सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। निगम आयुक्त रोहित ब्यास व रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने निर्देश दिया है कि तालाब में आने वाले श्रद्धालुओं को हर तरह का सुविधा दी जाएगी। इसकी महत्ता को देखते हुए निकाय ने निर्देश दिया है। सूर्य तालाब व घाटों के निरीक्षण के दौरान निगम के अधिकारी रौशनी की व्यवस्था कर दी है। तालाबों की सफाई कर तालाबों में साफ पानी भरा गया है। बताया कि नहाय खाय के पहले घाटों की साफ सफाई करके तालाब के पानी को साफ किया जा रहा है। तालाबो के घाट का रंग रोगन कर दिया गयाहै। में निर्बाध बिजली व पानी की व्यवस्था की जा रही है। स्थानिय लोगों से छठव्रतियों को सहयोग करने की अपील की। कहा सूर्य मंदिर की महिमा अपरंपार है। जिसके कारण सूर्य तालाब की महिमा से प्रभावित होकर नगर के कोने कोने से श्रद्धालु यहां आते हैं। निगम ने बताया कि पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। तालाब के पानी को साफ करने के लिए चूना डलवाया जा रहा है। मौके पर निगम के अधिकारी व अन्य मौजूद थे।

### चुनाव का दिखा असर

छठ के पूर्व तालाबों की सफाई को लेकर पूर्व में जन प्रतिनिधियों द्वारा छठ पर्व के पूर्व तालाबों का निरीक्षण किया जाता था। किन्तु प्रदेश में विधान सभा चुनाव होने के कारण आर्दश आचार संहिता का चलते जन प्रतिनिधि किसी प्रकार का दावा नही कर रहे है। वही चुनाव प्रचार में व्यस्थ होने के कारण अधिकांश जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर नही जा रहा है। किन्तु निगम प्रशासन द्वारा तालाबों की सफाई का कार्य पूरा कर दिया गया है। छठ पर्व में सूर्य की पूजा की जाती है।

# रिफ्रेक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रेक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में विगत दिनों शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक आरईडी सुधीर कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सुरेन्द्र कुमार को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। बलराम ठाकुर और गिरीश कुमार अमृत को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक आरईडी सुधीर कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विजेताओं ने अपने उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार प्राप्त किया हैं। उन्होंने सुरक्षित कार्यप्रणाली को अपनाकर आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुरस्कार विजेताओं बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने इसी प्रकार अथक परिश्रम करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने साथी कार्मिकों को भी प्रोत्साहित करने का आव्हान किया। इस अवसर पर पुरस्कृत कार्मिकगणों ने भी अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने इस पुरस्कार से सम्मानित करने हेतु संयंत्र का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए कर्मठ कर्मचारियों को प्रेरित करना तथा उन्हें सम्मानित करना है।

# लंबित वेतन को लेकर संयुक्त यूनियन ने खोला मोर्चा

**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र में श्रमिक हितों के मुद्दे पर संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा का गठन किया गया था परंतु नए संयोजक के चयन के बाद से संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा अपने राह से भटक गई है। भिलाई श्रमिक सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल ने कहा कि हमारा भिलाई मिनी भारत के रूप में जाना जाता है तथा यहां हर धर्म जाति भाषा व देश के कोने कोने से आये लोग मिल जुल कर रहते हैं। हर यूनियन में भी अलग अलग राजनीतिक विचार धारा के लोग कार्य कर रहे हैं। कोई भाजपा कोई कांग्रेस कोई समाजवादी या वामपंथी विचारधारा से जुड़ाव होने के बाद भी अपने अपने यूनियन के बैनर तले श्रमिक हितों के लिए कार्य करते हैं वर्तमान में इस संयुक्त ट्रेड यूनियन के मोर्चे में भिलाई श्रमिक सभा के प्रतिनिधि के रूप में प्रेम सिंह चंदेल, डी के सिंह व कभी कभी अभिषेक मिश्र शामिल होते रहें हैं किंतु नए संयोजक के नियुक्ति के बाद भिलाई श्रमिक सभा के प्रतिनिधि के रूप में प्रमोद बैठक में शामिल होने लगे है। जिन्हें यूनियन विरोधी कार्यो के कारण 2022 को ही यूनियन से निष्कासित कर दिया गया है। प्रेम सिंह चंदेल ने बताया कि जिसका मामला औद्योगिक न्यायालय रायपुर विचाराधीन है। प्रेम सिंह चंदेल ने संयुक्त मोर्चे में शामिल सभी यूनियन से अनुरोध किया कि श्रमिकों की लंबित वेतन समझौता के मुद्दे, बोनस, लंबित एरियर्स, नाइट शिफ्ट अलाउंस सहित सम्मानजनक पदनाम श्रमिकों के सुविधाओं में हो रही कटौती के साथ संयंत्र में लगातार हो रहे दुर्घटना को रोकने सहित अन्य मांगों को पूरा करवाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# श्रमिकों की समस्या को लेकर वामपंथी की बैठक



**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में कार्यरत वामपंथी पार्टियों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी, लिबरेशन की संयुक्त बैठक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संपन्न हुई एवं चर्चा पश्चात सर्वसम्मति से दुर्ग जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के मेहनतकश जनता से अपील किया गया कि देश में जन विरोधी नीतियों को लागू करने के साथ-साथ कांग्रेस के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें। छत्तीसगढ़ के आम मेहनतकश जनता जानना चाहती है कि पिछले 9 साल में महंगाई पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पायी, गैस, डीजल, पेट्रोल के साथ आम जनता की आवश्यक खाद्य पदार्थों के मूल्य में लगातार बढ़ोतरी को थामा क्यों नहीं गया। किसानों को उनके उपज का सकल लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य क्यों नहीं दिया जा रहा है। केंद्र के सत्ता में रहते हुए छत्तीसगढ़ के धान उत्पादन पर बोनस देने से किसने रोक लगाया। सेल भिलाई के कर्मचारी को 39 महीने का एरियर्स पर रोक, असीमित ग्रेच्युटी को सीलिंग के आर्थिक नुकसान को नहीं भुगत रहे हैं। श्रमिकों के श्रम कानून को खत्म कर 4 श्रम संहिता में तब्दील कर मजदूरों को कानूनी अधिकारों से वंचित कर दे रही है। भाजपा की नीतियों से देश में जनता के बीच आर्थिक व सामाजिक असमानता बड़ी है। देश व राज्य के प्राकृतिक संसाधनों व खदानों को कॉर्पोरेट घरानों को सौंप रही है। बैठक में विनोद सोनी, एटक,डीव्हीएस रेड्डी सचिव माकपा, बृजेन्द्र तिवारी सचिव भाकपा माले लिबरेशन सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रत्याशियों को नोटिस जारी

**भिलाईनगर।** विधानसभा निर्वाचन के प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण सी विजील में प्राप्त शिकायत के बाद विधानसभा क्रमांक 65 के रिटर्निंग ऑफिसर रोहित व्यास ने मिथ्या पंपलेट वितरण किया जाने पर भारतीय जनता पार्टी भिलाई के जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के अभ्यर्थी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। 11 नवंबर को निर्वाचन कार्यालय के ऑनलाइन शिकायत सी. विजील में शिकायत प्राप्त हुआ की सेक्टर 2 सड़क 15 भिलाई में भाजपा के प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पांडे व पूर्व पार्षद के कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर मिथ्या पंपलेट वितरण किया जा रहा है कि उसे भरने पर एक हजार रूपये दिए जाएंगे। जो निर्वाचन आचार संहिता का उल्लंघन है विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के रिटर्निंग ऑफिसर श्री व्यास ने प्राप्त शिकायत के आधार पर भाजपा भिलाई के जिला अध्यक्ष एवं अभ्यर्थी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है अन्यथा की स्थिति में लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 123 (2) के तहत नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की सूचना दी गई है।

# स्मृतिनगर में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई निवासी 28 वर्षीय अनुराग मिश्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई। अनुराग नोएडा में प्राइवेट नौकरी करता था। वे कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली से अपने घर कोहका में दिवाली का त्योहार मनाने आया था। पिता के दोस्त संतोष कुमार ने बताया कि अनुराग अपने घर का एकलौता बेटा था। उसकी एक बहन भी है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात अनुराग अपने रिश्तेदार को अपनी मोटर सायकिल से दुर्ग छोड़ने जा रहा था। तभी सूर्या मॉल के पास तेज रफ्तार कार से टकराने से बचने के लिए बाइक सड़क से नीचे उतारा, लेकिन वहां बड़ा गड्ढा था। गड्ढे में गिरने और नाली में सिर टकराने से फट गया।



### इलाज के दौरान मात

सिर फटने से अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत पास के निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। वहां इलाज के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। संगीता शाह के स्टॉफ ने पहुंचाया अस्पताल जिस समय यह हादसा हुआ। उस वक्त संगीता केतन शाह का बर्थडे मनाकर उनके कर्मचारी और समर्थक घर लौट रहे थे। तब उन्होंने देखा कि एक युवक नाली में घुसा है। उसे तुरंत लहूलुहान हालत में नाली से निकाला और निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां भर्ती कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। हालांकि कुछ देर इलाज के दौरान मौत हो गई।

# 16 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश में होगी स्पर्धा

## राज्य की जूनियर बालिका हैंडबाल टीम चयन स्पर्धा 19 को




**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ द्वारा 46वी जुनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनशिप का आयोजन ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूलए जल्हूपुर वाराणसी (उ.प्र.) में 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जुनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य जुनियर बालिका वर्ग की 18 सदस्यीय (16 खिलाड़ी) 1 प्रशिक्षक एवं 1 प्रबंधक टीम भाग लेगी। उपरोक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य की जुनियर बालिका हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से हैंडबाल कॉम्लेक्स सेक्टर-4 भिलाई में आयोजित किया जा रहा है। उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु बालिका खिलाड़ियों की आयु 1 जनवरी 2004 या उसके बाद की होनी चाहिये। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूल प्रति एवं फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। साथ ही खिलाड़ियों को अपने-अपने स्कूल के प्राचार्य से एलिजीबिलिटी फॉर्म को सील एवं हस्ताक्षर कराकर लाना अनिवार्य है। चयन स्पर्धा पश्चात चयनित संभावित जुनियर बालिका हैंडबाल खिलाड़ियों का 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हैंडबाल कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 में किया जाना प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ से मान्यता प्राप्त समस्त जिला, नगर निगम, इकाई हैंडबाल संघ अपने जिला, नगर निगम, इकाई के उत्कृष्ट जुनियर बालिका हैंडबाल खिलाड़ियों को चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु भेजने सकते है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले जुनियर बालिका खिलाड़ी 19 नवम्बर को दोपहर 1.30 बजे तक हैंडबाल कॉम्प्लेक्सए सेक्टर.4ए मिलाई ;छण्गण्द्ध में पंजीयन हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य जुनियर बालिका हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा जानकारी छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ से मान्यता प्राप्त स मस्त जिला, नगर निगम, इकाई हैंडबाल संघ को ई मेल एवं वाट्सएप के माध्यम से दी जा चुकी है। उक्त जानकारी समीर खान महासचिव ने दी है।

# देवेन्द्र ने कहा भिलाई की जनता का कांग्रेस पर विश्वास



**भिलाईनगर** 14 नवंबर (देशबन्धु)। खुर्सीपार छावनी सहित भिलाई के कई इलाकों में गौरी गौरा पूजा का भी आयोजन किया गया। जहां भिलाई विधायक देवेंद्र यादव भगवान गौरी गौरा की पूजा में शामिल हुए और विधिवत पूजा अर्चना के बाद उन्होंने सोंटा लेकर छत्तीसगढ़ी परंपरा का निर्माण किया। बैगा ने विधायक श्री यादव के हाथ मे सोंटा मारा। इस दौरान उन्होंने पूरे भिलाई वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। साथ ही भगवान गौरव गौरी से भिलाई के सभी नागरिकों के सुख शांति और समृद्धि की हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इसके बाद वे जनता से बारी बारी से मिले। सब का कुशल क्षेम जाना। इस दौरान श्री देवेंद्र यादव ने सभी को बताया कि हमारे कका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिवाली के दिन बड़ा ऐलान किया है। देवेंद्र यादव पर विश्वास मतदाताओं ने खुलकर विश्वास जताया और कहा दोबारा देवेंद्र को ही बनाएंगे। प्रदेश में भी कांग्रेस की ही सरकार बनाएंगे। विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक श्री यादव आम सभा लेना भी शुरू कर दिया है। बारी.बारी से हर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाल कर जनसंपर्क कर रहे हैं। भिलाई की जनता भी अपने परिवार सहित देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जता रही है और जनता खुलकर विधायक देवेंद्र यादव को फिर से अपना विधायक चुनने की बात कह रहे हैं। आज प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव से एक मतदाता ने कहा कि इस बार आपको ही फिर से वोट देंगे। हमें आप जैसा जनप्रतिनिधि पहली बार मिला हैए जो हमेशा जनता के बीच रहता है।हर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली और आम सभा की। साथ ही घर.घर जाकर जनसंपर्क किया। लोगों मिले और कांग्रेस सरकार ने इन 5 साल में प्रदेश और प्रदेश की जनता के हित और विकास के लिए जो काम किया है। उसके बारे में बताए। विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म। आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। हमेशा से भिलाई की जनता का प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिलते रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आगे भी यह प्रेम और विश्वास आप लोग बनाएं रहेंगे। भिलाई श्रमिक सभा यूनियन कार्यालय में देवेंद्र यादव ने कहा कि मैं पहली बार विधायक बना एवं कोरोना काल को छोड़ दिया जाए तो बाकी पूरे समय में श्रमिक बिरादरी के साथ रहा हूं क्योंकि यह संयंत्र केंद्र सरकार के अधीन आता है इसलिए मेरा ज्यादा हस्तक्षेप संभव नहीं है। टाउनशिप की बेहतरीन के लिए तथा टाउनशिप में निवासरत लोगों के लिए जो मुझसे बेहतर बन सका मैं करने का प्रयास किया है। एचएमएस नेताओं नो कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम होते हुए भी यहां के ठेका श्रमिकों को केंद्रीय वेतनमान नहीं मिला, संयंत्र के कर्मचारियों का वेतन समझौता 7 वर्ष से लंबित है, केंद्र की भाजपा सरकार के निर्देश पर ग्रेच्युटी में कटौती की गई है जिसके कारण नवंबर 2021 के बाद सेवानिवृत होने वाले वरिष्ठ कर्मचारी को 5 से 7 लाख रुपए कम ग्रेच्युटी मिला वेरिएबल पर्क के रूप में जितनी राशि मिली उससे कहीं ज्यादा राशि की ग्रेच्युटी में कटौती कर दी गई। जिसके कारण श्रमिकों में रोष देखा जा रहा है।

# नेहरू जी की बनाई हुई योजनाओं पर देश संचालित



**भिलाईनगर,** 14 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के बाल दिवस और जयंती के अवसर पर नेहरू नगर में स्थापित आदमकद प्रतिमा में माल्यअर्पण कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नेहरू जी ने आजादी के बाद देश को सुचारू रूप से चलाने संचालित करने के लिए पंचवर्षीय योजना बनाई कृषि और उद्योग को बढ़ावा दिया ताकि हमारे देश के बढते हुए आबादी में अनाज की कमी ना हो सके और देश में बेरोजगारी दूर करने के लिए हर राज्यों में कल कारखाने राज्यों के आवश्यकता के मुताबिक लगाने का प्रयास किया आज 140 करोड़ कि आबादी होने के बावजूद आज अन्न के मामले में हम पूरी तरह से सम्पन्न है और केन्द्र सरकार उन्हीं ताकतों के कारण आज देश के 80 करोड़ जनता को नि:शुल्क अनाज 5 वर्षों तक देने की ताकत रखती है इसलिए देश के प्रधानमंत्री आज घोषणा कर रहे है। कार्यक्रम में श्रीमती सुभदा सिंह, आर एस शर्मा, समयलाल साहू, सतपाल सिंह, ममता, राबिन सिंह, अनिल सिंह, अभिषेक सिंह, सतमान चंद्रवशीय, अरूण सिंह, नजमून निशा, बी जोगा राव, अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# प्रदेश में भाजपा की सरकार व भिलाई विधायक प्रेम होंगे




**भिलाईनगर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस राज में पिछले 5 सालों में टायलेट तक साफ नहीं हो सका और आज ये झूठा प्रचार कर भाजपा सरकार के कार्यों को अपना बता रहे हैं। जहां अपराधी बात बात पर चाकू चला देते हैं। उक्त बातें आज भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने छावनी में आयोजित जनसभा के दौरान कहीं। इस दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने भी सभा को संबोधित किया और छावनी वासियों से वादा किया कि भाजपा सरकार बनते ही फिर से विकास होगा और लोगों को पट्टा मिलेगा। छावनी मंगल बाजार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि कमल का निशान, विकास की पहचान है और जितना ज्यादा कमल खिलेगा उतना वहां लक्ष्मी आयेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले पांच सालों में कोई काम तो नहीं किया लेकिन भाजपा के कार्यों का श्रेय लेकर पर्चा बंटवाने में कमी नहीं छोड़ी। कांग्रेस कह रही है कि उनके कार्यकाल में भिलाई में पानी आया। लेकिन आप लोगों ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया आपने बताया कि हम हैं पानी वाले बाबा। भाजपा कार्यकाल में तालाब बना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना, सामुदायिक भवन बना, सड़कें बनी, व्यवस्थाएं बनी लेकिन कांग्रेस राज में एक ईंट भी विकास की जुड़ नहीं पाई। श्री पाण्डेय ने कहा कि आप सभी इन बहरूपियों को पहचानिये इन लोगों ने पट्टा देने का वादा किया था लेकिन सट्टा और पट्टा सब जगह फैला दिया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पहले भिलाई का नाम पूरे प्रदेश और देशभर में सम्मान से लिया जात था लेकिन आज इसकी पहचान अपराध के गढ़ के रूप में हो गई है। जहां महादेव के नाम पर सट्टा चलाया जा रहा है। भाजपा सरकार ने आईआईटी जैसा विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान भिलाई में खुला। उन्होंने कहा कि मैं छावनी में आप सभी का आशीर्वाद लेने आया हूं आप लोग प्रेमप्रकाश पाण्डेय को जिताओ और भिलाई सहित पूरे प्रदेश में कमल खिलाओ। डॉण् रमन सिंह ने कहा कि हमें चाउर वाले बाबा, पाण्डेय जी को पानी वाले बाबा कहते हैं। इन लोगों में कोरोनाकाल में दवाई भले न पहुंचाई हो लेकिन घर घर दारू जरूर पहुंचाई है। इन लोगों ने भिलाई के वातावरण, शांति और भाईचारे को नष्ट कर दिया है।

# आदर्श आचार संहिता के दौरान आबकारी विभाग द्वारा 33,084 लीटर शराब जप्त






**राजनांदगांव,** 14 नवंबर। विधानसभा निर्वाचन, 2023 के परिप्रेक्ष्य में विशेष सचिव सह आयुक्त आबकारी महादेव कावरे द्वारा विगत चार दिवसों में आबकारी विभाग के समस्त उड़नदस्तों तथा जिला अधिकारियों की दो वर्चुअल बैठके (दिनांक 11.11.2023 एवं 14.11.2023) ली गई। बैठक में आयुक्त आबकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को प्रभार क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण / संग्रहण / विक्रय / वितरण / परिवहन संबंधी क्षेत्रों का चिन्हांकन एवं उनके रोकथान हेतु प्रतिदिन छापामार कर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सघन तलाशी अभियान चलाने, संचालित आबकारी जांच चौकियों में प्रभावी जांच एवं सी.सी.टी.व्ही. कैमरों से सतत् निगरानी हेतु निर्देशित किया गया। आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुये समस्त जांच चौकियों विशेषकर उड़ीसा, झारखण्ड एवं महाराष्ट्र से लगे सीमावर्ती जांच चौकियों विशेषकर महासमुंद, बस्तर, जशपुर, रायगढ़ एवं अविभाजित राजनांदगांव जिलों द्वारा सूक्ष्मता से वाहनों की जांच किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही परिवहनकर्ताओं के गोदामों तथा डिलीवरी बॉय (द्वड्ड5श्ठ्ठ, 'श्द्वड्डह्लश्र द्धह्लक्ष्) के बैगों की भी आकस्मिक जांच के निर्देश भी समस्त अधिकारियों को दिये गये। मदिरा दुकानों में गतमाह की औसत बिक्री से 30 प्रतिशत से अधिक मदिरा विक्रय वाली मदिरा दुकानों की सूक्ष्मता से जांच एवं सी. सी. टी. व्ही. के रिकॉर्डिंग की भी नियमित जांच हेतु निर्देशित किया गया। विगत तीन दिवसों में विभाग द्वारा 150 से भी अधिक मदिरा दुकानों की जांच की गई । कतिपय जांच कार्यवाही में अन्य एजेंसियों से भी अधिकारी शामिल रहे। द्वितीय चरण के निर्वाचन हेतु आबकारी केन्द्रों को घोषित शुष्क अवधि अनुसार सीलबंद करने एवं शुष्ट अवधि में अपने प्रभार क्षेत्र में सघन गश्त कर मादक पदार्थों के विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। सीमावर्ती राज्यों की निकटवर्ती मदिरा दुकानों को भी संबंधित जिलों द्वारा शुष्क अवधि घोषित करने की कार्यवाही की गई है।

आदर्श आचार संहिता दिनांक 09.10.2023 से 13.11.2023 तक आबकारी विभाग द्वारा 4785 छोपमार कार्यवाही कर कुल 33,084 बल्क लीटर मदिरा, 2,07,250 कि.ग्रा. महुआ लाहन, 05 कि.ग्रा. गांजा एवं 63 वाहन जप्त किये गये, जिसका कुल बाजार मूल्य रुपये 3,11,83,223/- है ।

# जुआ खेलते 11 आरोपी गिरफ्तार




**दल्लीराजहरा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देश में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार नायक व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में राजहरा थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने स्टाफ के साथ आम स्थानों पर 52 पत्ती ताश से रूपय पैसे लगाकर जुआ खेलते 11 आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी अंशु मंडावी पिता अमित मंडावी उम्र 32 वार्ड 25 धनराज नेताम पिता जन्तु राम उम्र 30 वर्ष वार्ड 20 सोहन मंडावी पिता मोहन मंडावी उम्र 25 वार्ड 11 अरूण कुमार पिता मंगलू राम मंडावी उम्र 24 वर्ष डौण्डी निवासी महेश राम नेताम भागवत नेताम उम्र 36 वर्ष वार्ड 2 जुआ खेलते पुलिस ने गिरफ्तार किया वही वार्ड क्र019 में गंदा नाला के समिप विशाल पिता मनेश्वर चतुर्वेदी उम्र 20 वर्ष वार्ड न0 19 आशिफ खान पिता हमीर खान उम्र 25 वर्ष वार्ड क्र0 18 मुकेश साहू पिता राजकुमार उम्र 23 वर्ष वार्ड क्र0 19 तुषार कुमार पिता श्रवण कुमार उम्र 19 वर्ष वार्ड क्र0 20 चन्द्र कुमार पिता फिरन ठाकुर उम्र 35 वर्ष वार्ड क्र0 20 हीरा निषाद पिता राजेन्द्र उम्र 26 वर्ष वार्ड क्र0 20 के उपर भी जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है । पुलिस ने आरोपियों से नगद 4630 रूपय 52 पत्ती ताश जप्त किया इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश सिंह ए एस आई कांता राम धिलेन्द्र, सूरज साहू, आरक्षक धर्मेंद्र सेन, मनोज साहू, गिरधर साहू, सुरेंद्र देशमुख, भुनेश्वर यादव रवि यादव, प्रीतम ठाकुर की सराहनिय योगदान रहा इस अवसर पर थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने देशबन्धु से कहा की पुलिस आम जनता के लिए 24 घंटे तैनात रहती है। 17 नवंबर को विधानसभा के दूसरे चरण का मतदान होना है जो भी व्यक्ति शहर में अशांति गुण्डागर्दी कानून का उल्लघंन निर्मित करता पाया जाता है उनके उपर सख्त कार्यवाही होगी। साथ ही उन्होने देशबन्धु के माध्यम से शहर के समस्त मतदाताओं से 17 नवंबर को मतदान करने की अपील भी किये है।

# त्यौहार में बस नहीं चलने से यात्री हुए परेशान

**ग्रामीणों को दो पहिया वाहन का सहारा लेना पड़ा**

**डोंगरगांव**, 14 नवंबर। डोंगरगांव क्षेत्र में मंगलवार को दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे मुख्य त्योहार पर शहर से गांव तक तथा गांव से शहर तक प्रतिदिन आने जाने वालो यात्रियों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा दिवाली जैसे मुख्य त्योहार पर ग्रामीण वर्ग के लोग शहर से सामान खरीदी कर वापस गांव आना जाना करते हैं लेकिन मंगलवार को यात्री बसों का संचालन शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार ऐसा हुआ है जिसके कारण ग्रामीण वर्ग आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा डोंगरगांव से चौकी मोहला मानपुर छुरिया राजनांदगांव की ओर चलने वाली बसों के पहिए थम जाने से संचालकों ने कहा चालक और परिचालक के लगातार छुट्टी में जाने से बस नहीं चल पाई है जिसके कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्र के यात्री गण परेशान हुए हैं एक ओर दिवाली के साथ-साथ गोवर्धन पूजा तथा भाई दूज से प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं जिनमे ग्रामीण जन अधिकतर बस के माध्यम से आना-जाना करते हैं दिवाली के मुख्य त्यौहार में बसों के नहीं चलने से यात्री फिलहाल परेशान होकर दो पहिया मोटरसाइकिल का सहारा लेकर शहर से गांव तक सफर पूरा कर रहे हैं।

# पुष्पा जगन्नाथ साहू ने किया छग की संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास



**फिंगेश्वर,** 14 नवंबर। ग्राम बोरसी में शनिवार रात्रि कालीन सुआ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष आयोजन किया गया श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कहा छत्तीसगढ़ की परंपरा रही है कि सुआ दीपावली के पूर्व महिलाओं द्वारा गाए जाने वाला गीत है इस लोकगीत में स्त्रिया तोते के माध्यम से संदेश देते हुए गीत गाती है इस जीत के जरिए स्त्रियां अपने मन की बात बताती है इस विश्वास के साथ कि वह सुआ (तोता )उनकी व्यथा उनके प्रिय तक पहुंचेगी। आज हमारे गांव बोरसी की बेटियां द्वारा इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने से इस लोकगीत का महत्व बढ़ते नजर आ रहे हैं और अपनी परंपरा अपनी सभ्यता अपने छत्तीसगढ़ के रीति रिवाज को सहने का काम आप लोग कर रहे हैं इस कार्यक्रम में लड़कियां अपने टीम बनाकर बहुत ही सुंदर छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ बाजार चौक में अपनी नृत्य दिखाई ।सुआ नृत्य के साथी रही - चिंकी सिन्हा, ज्योति साहू ,जया देवांगन, खुशी देवांगन ,कुसुम साहू ,ललिता साहू ,निक्की यादव रिया यादव, साक्षी साहू।

# घर के सामने खड़ी गाड़ियों में लगी आग तीन गाड़ियां जलकर खाक कारण अज्ञात



**कुम्हारी,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। घर के सामने खड़ी गाड़ी में आग लग जाने की वजह से वहां खड़ी तीन गाड़ियां देखते ही देखते जलकर खाक हो गई। घटना बीती रात 8 बजे की है कांजी हाउस स्थित साहू ट्रांसपोर्ट के घर के सामने खड़ी तीन गाड़ियां अचानक धू-धू कर जलने लगी इस घटना में आर्टिगा स्मार्ट क्र. एन पी-04 7941, टाटा एस क्र. सीजी 04 जे ओ 1093 एवं टाटा एस सीजी 04 जेबी 7682 गाड़ियां बुरी तरह आग की चपेट में आ गई। गाड़ियों के जलने के स्पष्ट कारण ज्ञात नही हो पाए हैं। जानकारी के मुताबिक गाड़ी मालिक दीपावली त्योहार मनाने अपने गांव निमोरा रायपुर गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा रात करीब 9 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया। गौरतलब है की पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 8 स्थित मिनीमाता स्टेडियम में भी आग लगने की घटना हुई थी जिसमे स्टेडियम में लगे शेड और कुर्सियां जलकर राख हो गई थी। सप्ताह भर में आग की यह दूसरी घटना है।

## निधन

### आदित्य सिंह ठाकुर



**महासमुंद,** 14 नवंबर। ग्राम सिरपुर निवासी आदित्य सिंह ठाकुर 60 वर्ष का 13 नवंबर को निधन हो गया। वे प्राथमिक शाला पासिद में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बड़गांव (बिरकोनी) में किया गया। जिसमें काफी संख्या में शिक्षकगण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सुखदेव पटेल



**महासमुंद,** 14 नवंबर। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी सुखदेव पटेल 58 वर्ष का 14 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे टेकन पटेल, राकेश पटेल के पिता व सीताराम पटेल, बलदेव पटेल, गणेश पटेल के भाई थे।

### युगल किशोर टाटिया



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 14 नवम्बर। अर्जुनी निवासी युगल किशोर टाटिया उम्र 43 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 नवंबर को हो गया। जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में 14 नवंबर को संपन्न हुआ। वे रमेश कुमार, महेंद्र कुमार, मनीष कुमार, राकेश कुमार के लघु भ्राता वं डिंपल टाटिया के बड़े भाई थे।

### माधुरी देवी बाफना



**राजनांदगांव,** 14 नवंबर। स्थानीय प्रतिष्ठित बाफना परिवार प्रमुखा श्रीमती माधुरी देवी बाफना (ध. प. स्व. चतुर्भुज जी बाफना) का आज निधन हो गया। वे लगभग 92 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती माधुरी देवी नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना की भाभी थीं। वे अपने पीछे 3 पुत्रों डॉ. पन्नालाल बाफना (डोंगरगढ़) तथा ज्ञानचंद व हेमंत बाफना (अरिहंत एजेंसी, राजनांदगांव) का भरापुरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

### अधिवक्ता महेश



**राजनांदगांव,** 14 नवंबर। वार्ड के समाजिक सदस्य अधिवक्ता महेश वैद्य का आज अभी दोपहर में निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे जिनका संजीवनी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। आदरणीय वैद्य जी का मृत्यु संस्कार कल दिनांक 15 नवंबर 2023 को संपन्न किया जावेगा। प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल स्टेशन पर की संपूर्ण टीम और बौद्ध समाज के लोग आदरणीय वकील साहब को अपनी भावभीनी आदरांजली अर्पित करती हैं।

# बुरहानी हार्डवेयर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**डोंगरगांव,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। डोंगरगांव के नगर हृदय स्थल पुराना बाजार चौक में बुरहानी हार्ड वेयर पर अचानक 8,45 बजे आग लगी आग की रफ्तार तेज थी देखते ही देखते दुकान में तेजी से आग अपने लपेटे में ऑयल पेंट सहित अन्य समान जलकर रख हो गया है घटना की जानकारी के बाद दुकान संचालक को लाखों की छती हुई है आग की खबर की घटना पूरा शहर में फैल गया जिसमें देखने के लिए शहर के हजारों संख्या में नागरिकों की भीड़ लगी हुई थी घटना की जानकारी दुकान से लगे आसपास के घर वालों ने दुकान संचालक को जानकारी दी गई आग की घटना के बाद नगर पंचायत डोंगरगांव फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई साथ ही राजनांदगांव फायर ब्रिगेड को भी सूचना दिया गया मौके पर नगर पंचायत का फायर ब्रिगेड पहुंचा लेकिन वह आग बुझाने में असफल रहे यहां के फायर ब्रिगेड पुराने ढर्रे पर चल रही है

आग इतनी तेज है कि उन्होंने अपने बाजू में स्थित कटपीस क्लॉथ सेंटर कपड़ा दुकान भी लगा हुआ है मौके वारदात पर अभी तक फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंच पाई है कहीं ना कहीं यह नगर पंचायत की कमियों को उजागर करता है दिवाली के इस ऐतिहासिक क्षण पर डोंगरगांव नगर के लिए यह बहुत शर्मसार कर देने वाली घटना है आग लगने के आधे घंटे बाद भी नगर पंचायत की फायर ब्रिगेड की टीम का न पहुंचना अपने आप में कहीं ना कहीं बहुत बड़े सवाल को खड़ा करता है अचानक लगी आग को लोग फटाके से लगने की संभावना जताई जा रही है।

# चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी में मनी दीपावली बच्चों ने बनाई रंगोली व फोड़े पटाखे



**भाटापारा,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के द्वारा लगातार भाटापारा के बाल मंदिर परिसर में कराटे का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है दीपावली पर चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी के बच्चों के द्वारा परिसर में मौजूद कृष्ण भगवान की मूर्ति के सामने रंगोली बना कर दीपों से सजाकर भगवान कृष्ण एवं लक्ष्मी माता की पूजा - आरती कर इष्ट देव हनुमान जी की पूजा आरती की गई और दीपावली का पर्व पटाखे फोड़ कर बच्चों ने मनाया।

काफी उत्साह के साथ बाल मंदिर परिसर में दीपों से चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी की आकृति बनाकर दीपावली का उत्सव चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रशिक्षकों ने अपनी संस्कृति से बच्चों को अवगत कराने हेतु दीपावली का यह त्योहार धूमधाम से मनाया यह एकेडमी निरंतर अपनी संस्कृति एवम पर्वों से जुड़ी परंपराओं और मान्यताओं को निभाती आई है। उक्त अवसर पर जिला कराटे संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के नेतृत्व में एवम चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान उपाध्यक्ष हिमांशु ध्रुव सह-सचिव महेश राजपूत एकेडमी प्रशिक्षक धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, यशवंत साहू, प्रतीक द्विवेदी विपिन साहू, गौरव साहू एवं एकेडमी प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों में शुभ संकल्प यदु, कात्यानी चौहान, ओम चौरिया, प्रवीण मोहले, पावनी शर्मा , हिमानी शर्मा, आर्चिस विभा कोसले, कौशिकी चौहान , दीपावली के शुभ अवसर पर एकेडमी में मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने चुनाव कंट्रोल रूम, सी विजिल एवं मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

**महासमुंद,** 14 नवंबर (देशबंधु)। व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा के द्वारा आज चुनाव कंट्रोल रूम, सी विजिल एवं मीडिया प्रमाणन समिति एमसीएमसी का निरीक्षण किया गया तथा विधानसभा क्षेत्र बसना एवं सरायपाली से प्राप्त शिकायतों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रभारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। मीडिया सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया से संबंधित संधारित किए जा रहे पंजियों का अवलोकन किया। इस संबंध में कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जांच के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारी एसके टंडन एवं मीडिया केंद्र प्रभारी पोषण साहू उपस्थित थे। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा क्षेत्र सरायपाली के सहायक व्यय प्रेक्षक शैलेंद्र वर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र बसना के सहायक व्यय प्रेक्षक विपुल बरई से प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली लेखाओं की जांच की तैयारी की समीक्षा की गई।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आचार संहिता का उल्लंघन ...

12 नवंबर को सोशल मीडिया में प्रसारित महतारी वंदन योजना संबंधित फार्म भराए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें मोदी की गारंटी योजना के तहत् वैशाली नगर की महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए की सहायता दिए जाने संबंधी प्रचार करते हुए, उक्त आवेदन पत्र को भारतीय जनता पार्टी के पार्षद, छायापार्षद के माध्यम से 3 दिवस के भीतर सभी महिलाओं को आवेदन पत्र जमा करने का अनुरोध किया गया है। जो कि निर्वाचन आचार संहिता का उल्लंघन है। स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (2) के तहत् नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# मातृ वंदन योजना का प्रचार करने निकली फॉर्म भर रहे भाजपा महिला गिरफ्तार



**गरियाबंद**, 14 नवंबर (देशबन्धु)। रविवार को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल मातृ वंदन योजना का प्रचार प्रसार करने निकले भाजपा महिलाओ को कांग्रेस के इशारे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सैकड़ों लोगों के उपस्थित में पुलिस दबंगई से उन्हें बिना वारंट हिरासत में लिया और सिटी कोतवाली थाना ले आई। भाजपा के दखल के बाद वही पुलिस ने वापस उसी स्थान में छोड़ने गई। घटना बाद जिला मुख्यालय में कांग्रेस भाजपा के बीच चुनावी पारा गरम हो गया है। घटना के बाद महिला कार्यकर्ता के हिरासत में लिए जाने को लेकर पुलिस और एसडीएम ठीक से जवाब नही दे पा रहे है। भाजपा ने मामले को शिकायत आब्जर्वर से कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रविवार को भाजपा की दो महिला कार्यकर्ता नगर के वार्ड क्रमांक 06 में भाजपा का प्रचार प्रसार करने निकले थे। महिलाए डोर टू डोर भाजपा का घोषणा पत्र बांट रहे थे और योजनाओं की जानकारी दे रहे थे। तभी अचानक वहां कुछ कांग्रेसी पहुंच गए और उन्हें प्रचार प्रसार से रोकने की कोशिश की। कांग्रेस का आरोप था कि महिलाएं मातृ वंदन का फॉर्म भरवा कर प्रलोभन दे रही थी। जिसके कुछ देर बाद वहां एसडीएम पिस्दा, बिंद्रानवागढ़ की रिटर्निंग अफसर अर्पिता पाठक, सहायक रिटर्निंग अफसर तहसीलदार पोर्ते तथा सिटी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनो भाजपा महिलाओं को अपने हिरासत लेकर थाना ले गई।

- भाजपा का आरोप - हार के डर से कांग्रेस बौखलाई, ओछी हरकत में उतरी
- भाजपा का प्रचार कर रही महिलाओं को कांग्रेस के इशारे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

इधर, महिलाओं की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही भाजपाई भी थाना पर पहुंचे। कार्यवाही को लेकर नाराजगी भी जताई। पुलिस से पूछताछ भी की। कुछ मिनट बाद पुलिस उन्हें वापस वार्ड क्रमांक 06 में छोड़ने गई। जिसके बाद कांग्रेसियों ने थाना में एक आवेदन भी दिया और महिला कार्यकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। काफी देर तक कांग्रेसी थाने में ही नारेबाजी करते बैठे रहे।

मामले में मैनपुर एसडीएम हितेंद्र पिस्दा ने कहा कि आचार संहिता का उल्लघंन को लेकर कार्यवाही की गई। पार्टी ने सूचना दी थी। गिरफ्तारी नहीं हुई है, पुलिस अपने मर्जी से ले गई थी।


मामले में थाना प्रभारी कृष्णा जांगडे ने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार के निर्देश पर पंचनामा बनाकर महिला को कथन के लिए थाना ले थे। कुछ देर बाद वापस छोड़ दिया।

इधर, घटना के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। भाजपा ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस हार के डर से बौखला गई है। भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र पर जनता को भरोसा है, मोदी जी की गारंटी है जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। अपने हार के डर से इस तरह के हड़कंडे अपना रही है।

प्रदेशवासियों को दीपावली व छठ पर्व की

हार्दिक बधाई.. व ढेरों शुभकामनाएं...

# प्रदीप ज्वेलर्स



जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस भिलाई

सोने, चांदी एवं आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

---

रौशन हो दीपक और सारा जग जगमगाए
लेके साथ सीता मैय्या को राम जी हैं आये
हर शहर लगे मानो अयोध्या हो
आओ हर द्वार, हर गली,
हर मोड़ पे हम दीप जलाएं

प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की

हार्दिक बधाई.. व ढेरों



श्री रमन साहनी
समाजसेवी
भिलाई, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

---

*दीपक की रौशनी,*
*पटाखों की आवाज*
*सूरज की किरणें,*
*खुशियों की बौछार*
*चन्दन की खुशबु,*
*अपनों का प्यार*
*मुबारक हो आपको दीवाली का त्यौहार*

प्रदेशवासियों को दीपों का पर्व दीपावली की

हार्दिक बधाई..
व ढेरों शुभकामनाएं...

# पवन इंडस्ट्रीज

इंडस्ट्रीयल एरिया, भिलाई



श्री अमित अग्रवाल
डायरेक्टर

---

*कुमकुम भरे कदमों से आए*
*लक्ष्मी जी आपके द्वार,*
*सुख समपत्ति मिले आपको अपरमपार,*
*इस दीवाली पर माता लक्ष्मी जी,*
*आपकी सभी तमन्नाएं करें स्वीकार..*

प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की

हार्दिक बधाई.. व ढेरों शुभकामनाएं...



श्री नलिन लूनिया
डायरेक्टर
सी.ई.सी. धनोरा

---

दीपों का यह पर्व आपके जीवन में
सुख-समृद्धि यश एवं स्नेह की अभिवृद्धि करें...
साथ ही हमारे आपसी सहयोग एवं संबंधों में वृद्धि हो यही हमारी
हार्दिक अभिलाषा और शुभकामनायें
आपके आशीर्वाद के लिए सदा अभारी...



विद्यानंद कुशवाहा
उपाध्यक्ष, नगर पालिका अहिवारा

---



प्रदेशवासियों को दीपावली व छठ पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



मोहनलाल गुप्ता
महामंत्री,
जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग ग्रामीण

---

(इंडेन वितरक) प्रोप.- सदानंद भेडिया

# रितुराज गैस

- इंडेन गैस उपभोक्ता अपने मोबाईल फोन से डायल करें- 9669124365
- IOC<space>STD CODE Distributor Phone No. <space>consumer No. इस मैसेज को 9669124365 पर भेज दें।
- एक बार आपका मोबाईल रजिस्टर्ड होने पर आपका रिफिल बुकिंग अपने मैसेज बॉक्स में IOC टाईप कर इसे 9669124365 पर एसएमएस द्वारा कर सकते हैं।

कम्पनी द्वारा अनुमोदित प्रोडक्ट्स
- सिलेंडर ट्राली
- एप्रोन
- गैस लाइटर
- 5 Yrs ग्यारंटी वाला पाइप ही उपयोग करें

Indane
SAFE.RELIABLE.CONVENIENT

# रितुराज गैस एजेंसी

43 आकाशगंगा कॉम्पलेक्स, सुपेला, भिलाई, फोन : 2295569, 2222975, 4083277

---

प्रदेशवासियों को दीपावली व छठ पर्व की

हार्दिक बधाई.. व ढेरों शुभकामनाएं...



श्री सुभाष शर्मा
संचालक-डायमंड फर्निचर
छावनी चौक के समीप नंदिनी रोड भिलाईनगर,
विश्वास ही हमारा व्यवसाय है

**उल्टा पुल्टा**

पिता (पुत्री से)- मिनी तुम मुझे पहले पापा कहती थी और अब मुझे डैड कहना शुरु कर दिया। क्या वजह है?

मिनी- कम ऑन डैड, पापा कहने से लिपस्टिक खराब हो जाती है।

**संपादकीय**

## वाहनों पर स्टंट की प्रवृत्ति खतरनाक

देश के ज्यादातर हिस्सों की तरह ही छत्तीसगढ़ के युवाओं में भी वाहनों, विशेषकर मोटर साइकलों पर स्टंट की प्रवृत्ति बढ़ रही है जो कि बहुत खतरनाक है। यह खुद चलाने वाले या उनकी चपेट में आने वाले किसी भी अन्य व्यक्तियों के लिये खतरे से खाली नहीं है। इनमें किसी की जान जा सकती है या फिर कोई गम्भीर रूप से घायल हो सकता है। आये दिन कोई न कोई ऐसे युवक शहर या उसके बाहर स्टंट करते हुए दिखलाई दे ही जाते हैं। इनमें से कुछ पकड़ में आते हैं तो कई के बारे में पता ही नहीं चल पाता। लोग उसकी फोटो खींच सकें या वाहन का नंबर जान सकें, ये स्टंटबाज गायब हो जाते हैं।

ऐसे ही पिछले हफ्ते जीई रोड पर नवा रायपुर के मोड़ पर एक युवक अपनी मोटर साइकल की टंकी पर एक युवती को बैठाकर फर्राटे भरता हुआ नज़र आया था। वह जिस तरह से वाहन चालन कर रहा था, उससे उन दोनों के साथ आने-जाने वालों के लिये खतरा बना हुआ था। कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाकर एवं तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थीं। इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रोड तक जा पहुंची। पुलिस तत्काल हरकत में आई और उस मोटर साइकल वाले को ढूंढ निकाला गया। रायपुर पुलिस द्वारा उस पर आवश्यक जुर्माना किया गया तथा सख्त ताकीद देकर छोड़ा गया।

ऐसे स्टंट करना निहायत ही मूर्खता भरे कृत्य हैं क्योंकि व्यवस्थित प्रशिक्षण और आवश्यक सुरक्षा उपायों के बिना ऐसे कारनामे करना खुद को बहुत बड़े जोखिम में डालना होता है। आजकल की फर्राटेदार बाइकों के बल पर युवक अक्सर अपने मित्रों को रिझाने की कोशिशें करते हैं- फिर वे चाहे महिला मित्र हों या कोई और। इस तरह के खतरनाक कामों में जो रुचि रखते हैं उन्हें अगर अपने शौक को बढ़ाना ही है तो उसके लिये उन्हें व्यवस्थित मार्गदर्शन लेना चाहिये। खुली सड़कों पर ये कारनामे करना उचित नहीं है। बाइक तो क्या, किसी भी तरह के स्टंट करने इतने आसान भी नहीं होते। इसके लिये वर्षों प्रशिक्षण लेना होता है। उसके लिये आदर्श मोटर साइकल कौन सी हो सकती हैं, पहले यह जान लेना चाहिये। साथ ही, इसके लिए मुनासिब ट्रैक्स होते हैं जिन पर ये कारनामे किये जाते हैं। कोई भी बाइक लेकर कहीं भी स्टंट करना मुमकिन नहीं है और न ही समझदारी।

अभी ठीक एक माह पहले रायपुर में आश्रम से आमापारा के बीच एक मोटर साइकल पर सात नाबालिग बैठकर स्टंट करते हुए पकड़ाए थे। पुलिस द्वारा मोटर साइकल के मालिक को बुलवाकर उससे 25 हजार रुपये का जुर्माना भरवाया गया था। साथ ही लिखवाकर लिया गया कि वे आईंदा अपने नाबालिग बेटे के वाहन चलाने के लिये नहीं देंगे।

# कसडोल के निर्दलीय प्रत्याशी गोरेलाल ने अपने चुनाव क्रमांक को माना लक्की नम्बर

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के चुनाव मैदान में 20 प्रत्याशी चुनाव लड रहे है। परन्तु यहां भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशी गोरेलाल साहू के बीच त्रीकोणीय संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उक्त सभी प्रत्याशी को अपने नाम के अनुसार वोटिंग मशीन में जो क्रमांक मिला है। उसमें निर्दलीय प्रत्याशी गोरेलाल साहू का चुनाव चिन्ह एयर कंडीशनर का क्रमांक 14 है। जिसे लक्की नम्बर बताते हुए गोरेलाल साहू ने कहा कि क्रमांक 1 पर भाजपा प्रत्याशी धनीराम धींवर और कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू का क्रमांक 4 है। सभी जानते है कि 1 और 4 मिलाकर 14 होता है। अर्थात भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी को जितना मत मिलेगा दोनो के बराबर मत मुझे मिलेगा। क्योकि मुझे भाजपा कार्यकर्ता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता के अलावा आम जनता का भरपुर समर्थन मिल रहा है। क्योकि कांग्रेस पार्टी ने स्थानीय दावेदारों की उपेक्षा कर पैराशूट प्रत्याशी उतारा है तथा साहू बहुमुल्य क्षेत्र होते हुए भी साहू समाज की उपेक्षा कर स्थानीय व्यक्ति को टिकट नही दिया गया है। जिसका फायदा निश्चित रूप से मुझे मिल सकता है। गोरेलाल साहू अपनें जनसम्पर्क के दौरान कसडोल विधानसभा के ग्राम गिधपुरी पहुचकर बुजुर्गो से आशीर्वाद मांगते हुए अपने लक्की नम्बर को मतदाताओं को बताकर उत्साहित भी हुए।



गिधपुरी में जनसम्पर्क के दौरान बुजुर्गो से मांगा आशीर्वाद

उल्लेखनीय है कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र में जहां भाजपा के चुनाव संचालको द्वारा स्थानीय प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। वहीं संसाधनों की कमी बताते हुए प्रचार प्रसार के लिए समाग्री वितरण में भी कार्यकर्ताओ को निराश किया जा रहा है। जिसके चलते कार्यकर्ताओं मे जो उत्साह होना चाहिए वह दिखाई नही दे रहा है। जबकि ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# मांगों को लेकर खम्हरिया के ग्रामवासी करेंगे चुनाव बहिष्कार

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा बिलाईगढ़ मे 17 नवंबर को मतदान होना है। हर तरफचुनावी सरगर्मी चल रहा है। इसी बीच ग्राम पंचायत खम्हरिया के लोगों ने अपने मुद्दो को लेकर बोट डालने से मना कर रहे है। ग्राम पंचायत खम्हरिया के ग्रामवासी चाहते है कि खम्हरिया ग्राम पंचायत को अलग ग्राम पंचायत बनाया जाये। ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्रामो को अलग किया जाये यदि ग्राम पंचायत खम्हरिया को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा नही मिलता है तो समस्त ग्रामवासी इस बार विधानसभा चुनाव मे मतदान हेतू भाग नही लेंगे। एक मात्र स्वतंत्र ग्राम पंचायत की मांग को लेकर जिला कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़, अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़, मुख्य कार्य पालन अधिकारी बिलाईगढ़, तहसीलदार बिलाईगढ़ व पंचायत निरिक्षक जनपद पंचायत बिलाईगढ़ को आवेदन दे चुके है।

**ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों को दिया जा चुका है आवेदन**

इस पंचायत के ग्रामवासी सन् 2014 से मांग करते आ रहे है। पर भी इनका मांग अलग स्वतंत्र पंचायत बनाने की पुरी नही हुई है। जब बलौदाबाजार भाटापारा जिला था तो भी सन् 2018 मे कलेक्टर जन दर्शन मे आवेदन देकर मांग रखी गई थी। उस समय भी कोई कार्यवाही नही हुआ। उसके बाद सन् 2019 मे एक बार फिर ग्राम पंचायत खम्हरिया को स्वतंत्र ग्राम पंचायत नही बनाये जाने पर आपत्ति बाबत् आवेदन अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ को दिया गया था। ग्राम पंचायत खम्हरिया का कुल जनसंख्या 2200 के आसपास है। जिसमे कुल मतदाता 1600 के लगभग है। अब ग्राम पंचायत मे इतनी जनसंख्या होते हुये भी हमे स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा नही दिया गया है। समस्त ग्रामवासी चाहते है कि ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्राम गोपालपुर को अलग किया जाये और एक मात्र स्वतंत्र ग्राम पंचायत खम्हरिया को अलग बनाया जाये। खम्हरिया ग्रामवासियो द्वारा साफशब्दों मे कहा गया है यदि हमारा पंचायत को स्वतंत्र पंचायत का दर्जा नही मिलता है तो हम इस बार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उक्त आवेदन मे ग्राम पटेल ग्राम सरपंच एवं पंचगणो के साथ साथ समस्त ग्रामवासियो ने हस्ताक्षर कर आवेदन किया है।

# दीपोत्सव पर काली पूजा की धूम, गौरा-गौरी की विसर्जन में शामिल हुए लोग







**महासमुंद,** 14 नवंबर (देशबन्धु)। अंचल में दीपोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। लक्ष्मी पूजन के एक दिन बाद अन्नकुट, गोवर्धन पूजा का योग बनने के कारण इस बार दीपोत्सव पर्व 6 दिनों का हो गया है। जिसके कारण शहर समेत गांवों में गौरा-गौरी का विसर्जन एक दिन बाद किया गया। नगर में इसर गवरा का पूजन धूमधाम से किया गया। अयोध्या नगर में पूजन के लिए विशेष तैयारी की गई थी। तालाब से पूजन के लिए मिट्टी लाने के बाद इसर और गौरा का विधि विधान से मूर्ति तैयार की गई और भगवान इसर देव का बारात निकालकर विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान महिलाएं घरों में कलशा परघाने पहुंची रही। पारंपरिक तरीके से पूजन संपन्न किया गया। अयोध्या नगर के अलावा पुरानी बस्ती कुर्मीपारा, नयापारा, मौहारी भाठा आदि स्थानों में विधि विधान गौरा-गौरी का पूजन किया गया। गोवर्धन पूजा के दिन धूमधाम से विसर्जन यात्रा निकाली गई। कुश से बने साटा का प्रहार लोग लेते रहे। गौरा गौरी विसर्जन के दौरान लोगों ने घरों के सामने चौक रंगोली बनाकर आरती उतारी और यथायोग भेंट करते रहे। पुरानी बस्ती और मौहारी भाठा में प्रत्येक घरों के सामने महिला- पुरूष बाहर निकलकर गौरा-गौरी का पूजन कर विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। इसी तरह दोपहर में अपने मवेशियों को खिचड़ी खिलाकर गोवर्धन व अन्नकुट पर्व मनाया गया। प्राय: गोधन पालने वाले परिवार अपने घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत का रूवरूप बनाकर पूजन करते है और यदुवंशी परिवार द्वारा मवेशियों को सोहाई बांधने की रस्म पूर्ण करने के बाद मवेशियों की पूजा अर्चना के बाद खिचड़ी का भोग खिलाया गया और प्रसाद स्वरूप परिजन व ग्रामीण ग्रहण करते है। यह परांपरा गौठानों और गौशाला में मनाई गई। लक्ष्मी पूजन के दिन स्थानीय सिटी स्पोर्ट्स क्लब में बंग समाज द्वारा मां काली की मूर्ति स्थापित की गई थी। मध्य रात्रि में मां काली की पूजा की गई। तीन दिनी इस उत्सव में बंग समाज के परिजन उत्साह पूर्वक भाग लेते रहे और संध्या बेला में पंडाल में नृत्य के साथ ही भक्तिमय प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही और नगरवासी दर्शन के साथ ही भक्तिमय कार्यक्रम का आंनद लेते रहे। एक तरह से काली पूजन स्थल दिपावली मिलन का केंद्र नगरवासियों के लिए बन गया था।



